SUNDAY | 19.01.2025 | माघ कृष्ण-पंचमी/षष्ठी विक्रम संवत-2081

दिल्ली-एनसीआर

# अमर उजाला

राजधानी | वर्ष 22 । अंक 282 । पृष्ठ : 20 । मूल्य : साढ़े चार रुपये | नई दिल्ली | 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

**ईपीएफओ : जन्मतिथि और नाम में बदलाव संभव**

पेज-15

कंपनियों की मंजूरी जरूरी नहीं, जानकारी खुद कर सकेंगे अपडेट

## बंसल और बत्रा ग्रुप के साथ HSBE की नई सौगात: नुक्कड़ दुकानदारों की हर समस्या का समाधान

# सामान आपका बेचेंगे हम

## नुक्कड़ ऐप के साथ जुड़ें और बढ़ाएं अपना व्यापार!



## दुकानदारों के लिए आसान हुआ व्यापार

- सिर्फ 5 मिनट में डिलीवरी।
- हर खरीदारी पर पाएं 20% कैशबैक और आप अपने ग्राहकों को 50% तक का कैशबैक दे सकते हैं!
- 100% ब्रांडिंग असिस्टेंस: आपकी दुकान को मिलेगी नई पहचान।
- फ्री स्वैपिंग मशीन, जीरो रेंट।
- ऑनलाइन बिजनेस के नए अवसरों के साथ पाएं नई ताकत।
- प्रीमियम बैकएंड सपोर्ट और IVR सेवाएं बेहतर अनुभव के लिए।
- डिलीवरी बॉय और डिस्ट्रीब्यूटर की सभी डिमांड पूरी करें।
- पाएं SODEXO गिफ्ट कार्ड का एक्सेस।
- 3 लाख का गारंटीड नया बिजनेस।
- आपकी दुकान के लिए बीमा की सुरक्षा।
- आप और आपके परिवार को मिलेगा एक शानदार मेडिकल कवर।

**पाएं SODEXO PLUXEE गिफ्ट कार्ड का एक्सेस**



**सिर्फ 5 मिनट में डिलीवरी: ताज़ा और तेज़ डिलीवरी की गारंटी!**

### नुक्कड़ ऐप क्यों ?

- तेज़ और भरोसेमंद सेवा
- आपकी दुकान का विस्तार
- प्रॉफिट में सीधा इजाफा
- ब्रांडिंग पोजीशन और प्रमोशन

### डायरेक्टर मैसेज

-शिवानी बंसल (डायरेक्टर नुक्कड़)
HSBE LIMITED

आज के ऑनलाइन दौर में छोटी दुकानों का बढ़ना मुश्किल है, आखिर, मैं भी आप में से ही एक हूं। रोज़ ग्राहक जुटाने की टेंशन, कम मुनाफा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा – ये सब आपकी मेहनत को कम आंक देते हैं। लेकिन अब और नहीं!

"नुक्कड़" आपको बिना किसी झंझट के अपनी दुकान को ऑनलाइन ले जाने का आसान तरीका देता है।

ना महंगे सेटअप की जरूरत, ना बड़ी टीम की।
सीखें ऑनलाइन बिक्री के तरीके और बढ़ाएं मुनाफा।

आपकी मेहनत और हमारी तकनीक मिलकर बनाएंगे आपकी सफलता की कहानी।
अब आपकी दुकान के आसपास के ग्राहक भी घर बैठे आपसे ही समान मांगवेंगे।
आपकी जीत ही मेरा मिशन है !

## अब हर नुक्कड़ पर होगी आपकी पहचान!

आज ही जुड़ें और इस बेहतरीन अवसर का लाभ उठाएं।
नुक्कड़ ऐप: व्यापार में नई उड़ान का साथी!
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
संपर्क नंबर : **+91 7455030515**
वेबसाइट : **www.nukkad.shop**

SCAN FOR MORE INFORMATION

**HSBE LIMITED**
Corporate Office - Andheri Road Level 4 A Wing, Dynasty Business Park, Mumbai Maharashtra - 40005

# बंसल और बत्रा ग्रुप के साथ HSBE की नई सौगात: नुक्कड़ दुकानदारों की हर समस्या का समाधान

## नुक्कड़ के साथ कमाई का मौका: हमें आवश्यकता है-

डिस्ट्रीब्यूटर्स की | डिलीवरी बॉय की | दुकानों की जो अपना व्यापार बढ़ाना चाहते है।

# SPECIAL COMBO OFFER

**1 Box Haldiram's Namkeen +4 Pieces Namkeen**
MRP-5 {1 Box-Haldiram's Namkeen (504 Piece)= Rs-2520 }
+
MRP-128 - Weight: 400gm {Parle Namkeen (4 Piece)= Rs-512}
~~₹ 3032~~ Save ₹ 732
COMBO OFFER ₹ 2300/-

**1 Box Parle-G + 6 Parle Cakes**
{1-Box Parle-G (Rs-5/p) (144-Pieces) = Rs -720}
+
MRP-40 { Parle Cakes (6-Piece) = Rs-240}
~~₹ 960~~ Save ₹ 142
COMBO OFFER ₹ 818/-

**Haldiram's Namkeen + Parle Namkeen + Bingo! + Cornitos**
MRP-5 {Haldiram's Namkeen (2-Piece) = Rs-10} +
MRP-10 { Parle Namkeen (1-Piece) = Rs-10} +
MRP-20 { Bingo! (1-Piece) = Rs-20} +
MRP-10 { Cornitos (1-Piece) = Rs-10}
~~₹ 50~~ Save ₹ 10.90
COMBO OFFER ₹ 39.10/-

**Parle Cake + Parle Rusk + Chokito + Bingo!**
MRP-10 { Parle Cake (1-Piece) = Rs-10} +
MRP-10 { Parle Rusk (1-Piece) = Rs-10 } +
MRP-10 { Chokito (1-Piece) = Rs-10 }+
MRP-20 { Bingo! (1-Piece) = Rs-20 }
~~₹ 50~~ Save ₹ 9
COMBO OFFER ₹ 41/-

**1 Box Too Yumm! Chips + 1 Box Haldiram's Namkeen**
MRP-5 {1 Box-Too Yumm! Chips (240 Pieces)= Rs-1200}+
MRP-10 {1 Box-Haldiram's Namkeen (300 Pieces )= Rs-3000}
~~₹ 4200~~ Save ₹ 849
COMBO OFFER ₹ 3351/-

**1 Box Too Yumm! Karare + 1 Box Haldiram's Namkeen**
MRP-5 {1 Box-Too Yumm! Karare (270 Pieces)= Rs-1350} +
MRP-10 {1 Box-Haldiram's Namkeen (300 Pieces )= Rs-3000}
~~₹ 4350~~ Save ₹ 899
COMBO OFFER ₹ 3451/-

**1 BOX PARLE-G +1 BOX TOO YUMM! CHIPS**
{1-Box Parle-G (Rs-5/p) (144 Pieces) = Rs -720 }+
{1 Box-Too Yumm! Chips (Rs-5/p) (240 Pieces) = Rs-1200}
~~₹ 1920~~ Save ₹ 445
COMBO OFFER ₹ 1475/-

**1 BOX PARLE-G + 1 BOX TOO YUMM! KARARE**
{1-Box Parle-G (Rs-5/p) (144 Pieces) = Rs -720 }+
{1 Box-Too Yumm! Karare (Rs-5/p) (270 Pieces) = Rs-1350}
~~₹2070~~ Save ₹ 495
COMBO OFFER ₹ 1575/-

**1 BOX PARLE-G + 1 BOX CREMICA**
{1-Box Parle-G (Rs-5/p) (144-Pieces) =Rs -720} +
{1-Box Cremica (Rs-5/p) (144-Pieces) = Rs -720}
~~₹1440~~ Save ₹ 245
COMBO OFFER ₹ 1195/-

**1 Box Cup Cake + 2 Box Parle - G + 1 Box Namkeen**
{Cup Cake (Rs-5/p) (1-Box - 288-Pieces) = Rs-1440} +
{Parle-G (Rs-5/p) (2-Box-288-Pieces) =Rs-1440} +
MRP-5 {1-Box - Parle Namkeen (360-Pieces) = Rs- 1800}
~~₹ 4680~~ Save ₹ 779
COMBO OFFER ₹ 3901/-

**Sting + Parle Cakes**
MRP-20 { 1 Box Sting (30-Pieces) = Rs-600} +
MRP-40 {Parle Cakes (3-Piece) = Rs-120 }
~~₹ 720~~ Save ₹ 125
COMBO OFFER ₹ 595/-

**1 Box Sting + 2 Pieces Namkeen**
MRP-20 { Sting (30-Pieces) = Rs-600}+
MRP-128 { Parle Namkeen (2-Pieces) = Rs-256 }
~~₹ 856~~ Save ₹ 201
COMBO OFFER ₹ 655/-

**1 Box Sting +1 Box Sting**
MRP-20 { Sting (30-Pieces) = Rs-600} +
MRP-60 { Parle Namkeen (4-Pieces) = Rs-240}
~~₹ 840~~ Save ₹ 196
COMBO OFFER ₹ 644/-

**3 Piece Haldiram's Namkeen + 3 Piece Parle Namkeen + 1 Sting**
~~₹ 50~~ Save ₹ 7.50
COMBO OFFER ₹ 42.50/-

**1 Sting + 2 Haldiram's Namkeen + 1 Parle Namkeen**
~~₹ 50~~ Save ₹ 8
COMBO OFFER ₹ 42/-

**1 Box Too Yumm! Chips + 1 Box Haldiram's Namkeen**
1 Box Too Yumm! Chips + 1 Box Haldiram's Namkeen
~~₹ 3720~~ Save ₹ 789
COMBO OFFER ₹ 2931/-

**1 Box Too Yumm! Karare+ 1 Box Haldiram's Namkeen**
MRP-5 {1 Box-Too Yumm! Karare (270 Pieces)= Rs-1350 }+
MRP-5 {1 Box-Haldiram's Namkeen (504 Pieces)= Rs-2520}
~~₹ 3870~~ Save ₹ 839
COMBO OFFER ₹ 3031/-

## हर ज़रूरत के लिए सिर्फ एक नाम – नुक्कड़!

चाहिए तुरंत दवा ? | भोजन, किराना, या सब्जियां ? | या फिर शहर में किसी को पार्सल भेजना हो ? | स्पा और सैलून सेवाओं की आवश्यकता हो ?

**सबकुछ होगा तुरंत और आसान, नुक्कड़ के साथ। अभी ट्राय करें और सुविधाओं का लाभ उठाएं।**

**HSBE LIMITED -** Corporate Office - Andheri Road Level 4 A Wing, Dynasty Business Park, Mumbai Maharashtra - 40005

SUNDAY | 19.01.2025 | माघ कृष्ण-पंचमी/षष्ठी विक्रम संवत-2081

दिल्ली-एनसीआर

# अमर उजाला

राजधानी | वर्ष 22 | अंक 282 | पृष्ठ : 20 | मूल्य : साढ़े चार रुपये | नई दिल्ली | 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण



**मां की बाइबल के साथ ट्रंप लेंगे राष्ट्रपति पद की शपथ**

पेज 16

वाशिंगटन में भीषण ठंड के चलते कैपिटल रोटुंडा में होगा समारोह

शिमला : गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड के आरोपी सूरज की मौत का प्रकरण

# हिरासत में मौत मामले में आईजी और डीएसपी समेत 8 दोषी करार

संवाद न्यूज एजेंसी

■ चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट 27 को सुनाएगा सजा, सभी दोषी न्यायिक हिरासत में

**चंडीगढ़/शिमला।** शिमला के बहुचर्चित गुड़िया दुष्कर्म और हत्याकांड के आरोपी सूरज की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के आईपीएस अफसर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जहूर हैदर जैदी, तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी समेत 8 पुलिसकर्मियों को हत्या का दोषी ठहराया है। दोषियों को 27 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी।

सीबीआई की विशेष जज अलका मलिक के फैसला सुनाने के बाद आईजी जैदी, डीएसपी जोशी, सब इंस्पेक्टर राजिंदर सिंह, सहायक सब इंस्पेक्टर दीपचंद शर्मा, सिपाही मोहन लाल, सूरत सिंह, रफी मोहम्मद और रंजीत स्टेटा को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया। सभी को हत्या, अपराध स्वीकार करवाने के लिए प्रताड़ना, गलत तरीके से हिरासत में रखने और झूठे सबूत गढ़ने का दोषी करार दिया गया। एक अन्य आरोपी तत्कालीन एसपी डीडब्ल्यू नेगी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।



आईजी जहूर हैदर जैदी



डीएसपी मनोज जोशी

### गुड़िया के दोषी नीलू को हुई है उम्रकैद

सत्र एवं जिला न्यायाधीश शिमला राजीव भारद्वाज की विशेष अदालत ने इस मामले में अनिल कुमार उर्फ नीलू उर्फ कमलेश को नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या की धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए 18 जून, 2021 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### मामला तूल पकड़ने के बाद सीबीआई को दी गई थी जांच

शिमला के कोटखाई में 4 जुलाई, 2017 को लापता 16 वर्षीय छात्रा गुड़िया (बदला हुआ नाम) का शव तांदी के जंगल में निर्वस्त्र हालत में मिला था। जनाक्रोश को देखते हुए सरकार ने शिमला के तत्कालीन आईजी जैदी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी, जिसने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक नेपाली युवक सूरज की कोटखाई थाने में पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी।

■ हाईकोर्ट ने सूरज की मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी। जांच में पता चला कि मौत पुलिस प्रताड़ना के कारण हुई थी। तब सीबीआई ने नौ पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर संगीन धाराओं में केस दर्ज किया था।

### अमर उजाला ने किया था पुलिस की फर्जी कहानी का खुलासा

हिरासत में सूरज की मौत के बाद पुलिस ने अन्य आरोपी राजू पर सूरज को मारने का आरोप लगाया। जिस लॉकअप में सूरज की मौत हुई, उसकी निगरानी की ड्यूटी संतरी दिनेश शर्मा की थी। सूरज की हत्या के बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस अफसर उसे फंसाने की साजिश रच चुके थे। डर से संतरी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। उसके परिजनों ने अमर उजाला से संपर्क कर पूरी कहानी बताई। अमर उजाला ने खबर छापी- *संतरी बोला-मेरे सामने राजू ने नहीं मारा सूरज को।* इसके बाद सीबीआई की जांच सही दिशा में चली और पुलिस अफसरों पर शिकंजा कसा जा सका।

कोलकाता : आरजी कर मामला

# दुष्कर्म व हत्या में संजय रॉय दोषी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में अदालत ने संजय रॉय को दोषी करार दिया है। कोलकाता पुलिस में सिविक वॉलंटियर संजय को सोमवार दोपहर 12:30 बजे सजा सुनाई जाएगी। इस मामले में वही एकमात्र आरोपी था।



सजा का एलान कल

सियालदह अदालत में शनिवार को पेश संजय को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्वाण दास ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म), 66 (दुष्कर्म के बाद मौत) व 103(1) (हत्या) के तहत दोषी करार दिया। पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में शुरू हुई सुनवाई के करीब दो माह बाद और 9 अगस्त, 2024 को वारदात के 162 दिन बाद फैसला सुनाया गया। उसे आजीवन कारावास या फांसी की सजा हो सकती है। फैसले के बाद पीड़िता की मां ने कहा कि अभी पूरी तरह न्याय नहीं हुआ है। ब्यूरो >> दरिंदगी की जगह और मोबाइल टावर लोकेशन ने सजा तक पहुंचाया : पेज 15

### सीबीआई ने साबित किए आरोप : कोर्ट

सीबीआई ने सभी आरोप साबित किए हैं। संजय रॉय सुबह चार बजे अस्पताल में दाखिल हुआ और ड्यूटी पर मौजूद पीड़िता पर हमला किया। हमले के वक्त वह अस्पताल के सेमिनार रूम में सो रही थी। दोषी ने डॉक्टर पर यौन हमला किया और उसका गला घोंट दिया। उसे सजा मिलनी ही चाहिए। -अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सियालदह

नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सियासी पारा शनिवार को अचानक चढ़ गया। आप ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर फेंकने का वीडियो जारी कर भाजपा पर हमले का आरोप लगाया। वहीं, भाजपा ने केजरीवाल पर बेरोजगारों को गाड़ी से कुचलवाने का आरोप लगाया।

आरोप प्रत्यारोप

# केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर हमले का आरोप लगाया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर फेंका गया है। आप ने कहा कि हमला नई दिल्ली सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के लोगों ने किया है, जो उस समय प्रचार कर रहे थे। इसी सीट से केजरीवाल भी प्रत्याशी हैं।

आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, प्रवेश वर्मा प्रचार के दौरान यह देख दंग रह गए कि इतने पैसे बांटने, तमाम काले काम करने के बाद भी जनता केजरीवाल के ही साथ है। इस वजह से



### भाजपा पर हार के भय में गुंडों से हमले कराने का आरोप

प्रवेश वर्मा ने अपने गुंडों से केजरीवाल पर ईंट-पत्थरों से हमला करवाकर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की, ताकि वह प्रचार न कर सकें। प्रियंका ने कहा, केजरीवाल उनके कायरतापूर्ण हमले से डरने वाले नहीं हैं, दिल्ली की जनता इसका जवाब देगी। ब्यूरो

>> सत्ता संग्राम : पेज 2

# पूर्व सीएम ने युवाओं पर गाड़ी चढ़वाई : भाजपा

**नई दिल्ली।** आप के आरोपों के बीच भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर तीन बेरोजगार युवाओं को अपनी गाड़ी से कुचलवाने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने कहा कि वह और तीनों युवक केजरीवाल पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराएंगे।

वर्मा ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार के दौरान लाल बहादुर सदन के पास तीन युवाओं ने केजरीवाल से रोजगार पर सवाल पूछे। इस पर उनकी आवाज दबाने के लिए पंजाब पुलिस ने उन पर डंडे बरसाए। इससे भी मन नहीं भरा, तो केजरीवाल ने अपने कार ड्राइवर से तीनों युवकों को कुचलने का इशारा किया। युवकों के पैर में चोट लगी है। घायल युवकों



### प्रवेश वर्मा ने कहा, हत्या के प्रयास का दर्ज करवाएंगे केस

को लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि क्या अब जनता का सवाल पूछना गुनाह बन गया है। जिस व्यक्ति ने खुद को 'आम आदमी' का मसीहा बताकर लोगों का भरोसा जीता, वह अब सत्ता के नशे में तानाशाही पर उतर आया है। ब्यूरो

## 1522 नामांकन पत्रों में से 477 खारिज

**नई दिल्ली।** विधानसभा की 70 सीटों के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों में 477 खारिज कर दिए गए। कुल 1522 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने शनिवार को जांच के बाद 1045 नामांकन पत्र स्वीकार किए। तीनों प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र स्वीकृत हो गए हैं। >> पेज 2

## सत्ता का संग्राम

### किरायेदारों को देंगे मुफ्त बिजली-पानी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि सरकार बनने पर किराये के मकान में रह रहे लोगों को भी 200 यूनिट बिजली और 20 हजार लीटर पानी मुफ्त दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पूर्वांचल के लोग ज्यादातर किरायेदार के रूप में रहते हैं। इस योजना से उन्हें लाभ मिलेगा।

### पूर्व सीएम अपनी आय पर दें जवाब : सचदेवा

भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के चुनावी हलफनामे पर सवाल उठाए हैं। सचदेवा ने कहा-उनके असामान्य आय और कर्ज मिलने के स्रोत संदिग्ध हैं। दिल्ली वालों को इसका स्पष्टीकरण मिलना चाहिए।

### प्रदूषण के लिए आप सरकार जिम्मेदार : संदीप

पूर्व सांसद व नई दिल्ली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने कहा कि वायु और जल प्रदूषण के लिए आप सरकार जिम्मेदार है। 10 वर्षों में इस पर सरकार ने कोई काम नहीं किया गया। >> पेज 2

### चैंपियंस ट्रॉफी में शमी की वापसी, यशस्वी को पहली बार मौका



**मुंबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तेज गेंदबाज मो. शमी की वनडे क्रिकेट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी वनडे 2023 में विश्वकप में खेला था। यशस्वी जायसवाल को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। >> स्पोर्ट्स









# स्पोर्ट्स

## अंकिता ने जीता सत्र का पहला युगल खिताब



*नई दिल्ली। भारत की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने शनिवार को यहां ब्रिटिश जोड़ीदार नैखटा बैंस के साथ आईटीएफ डब्ल्यू 50 स्पर्धा की चैंपियन बनने के साथ ही नौ महीने में अपना पहला युगल खिताब जीता। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय-ब्रिटिश जोड़ी ने डीएलटीए परिसर में हुए फाइनल मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसी एनी और जेसिका फेला की जोड़ी को एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच में 6-4, 3-6, 10-8 से हराया। एजेंसी*



# 38 साल के मोनफिल्स ने किया चौथे नंबर के फ्रिट्ज को बाहर

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गत विजेता सिनर और 19 साल के टिएन भी चौथे दौर में

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में 38 साल के गेल मोनफिल्स ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी 27 साल के टेलर फ्रिट्ज को तीसरे दौर में बाहर कर दिया। गत विजेता यानिक सिनर ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया और चौथी बार चौथे दौर में पहुंचे।

मोनफिल्स ने पिछले साल यूएस ओपन के उपविजेता टेलर फ्रिट्ज़ को 3-6, 7-5, 7-6, 6-4 से हराया। बीस साल के अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन और 19 साल के अमेरिकी क्वालिफायर लर्नर टिएन ने भी तीसरे दौर की बाधा पार कर ली। टिएन ने दूसरे दौर में मेदवेदेव को हराया था। एजेंसी



जीत के बाद खुशी मनाते फ्रांस के गेल मोनफिल्स। एजेंसी

### स्वियातेक की रादूकानु पर जीत



विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने महिला एकल में 2021 की यूएस ओपन चैंपियन रादूकानु को 6-1, 6-0 से हराया। जर्मनी की ईवा लिस ने जैकलीन क्रिस्टियन को 4-6, 6-3, 6-3 से, रिबाकिना ने दयाना यास्त्रेमस्का को 6-3, 6-4 से, कसाटकिना ने पुतिनत्सेवा को 7-5, 6-1 से हराया।

**पति का प्रदर्शन बना प्रेरक :** यूक्रेन की स्वितोलिना ने चौथी वरीयता की इटली की जैस्मिन पाओलिनी को 2-6 6-4 6-0 से हराया। स्वितोलिना ने कहा कि पति मोनफिल्स का प्रदर्शन उनके लिए प्रेरक बना है।

■ मोनफिल्स ने फेडरर की बराबरी की जिन्होंने 1988 के बाद 38 या उससे अधिक उम्र में मेलबर्न पार्क में चौथे दौर में प्रवेश किया है। अमेरिका के मिशेलसन ने रूस के खाचानोव को 6-3, 7-6 , 6-2 से हराया। उन्नीस साल के टिएन ने फ्रांस के कोरेंटिन को 7-6(10), 6-3, 6-3 से हराया। वह बीस साल में चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे युवा हैं।

**बालाजी-वरेला की जोड़ी दूसरे दौर में बाहर...** एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के जोड़ीदार वरेला को नूनो और फ्रांसिस्को की जोड़ी से दूसरे दौर में 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार मिली।

# एलएलसीटेन10 : नोएडा-गाजियाबाद में ट्रायल आज

## सभी स्थलों पर युवाओं को ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर ट्रायल देने का मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** अमर उजाला और लीजेंड्स लीग क्रिकेट की ओर से लखनऊ में आयोजित की जा रही गैलेंट एलएलसीटेन10 लीग की टीमों के लिए 4 शहरों में रविवार को ट्रायल लिए जाएंगे। ग्रीन पार्क स्टेडियम, गेट नं-2 कानपुर, स्पोर्ट्स गैलेक्सी बाई अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब लखनऊ, जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्रेटर नोएडा और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नेहरू नगर-3 गाजियाबाद में रविवार को हजारों युवा अपना हुनर परखने आएंगे। ब्यूरो

### जीएल बजाज नोएडा व जेएलएन स्टेडियम गाजियाबाद आएंगे कैफ



मोहम्मद कैफ, जो इस लीग के फिटनेस मेंटर हैं, रविवार को ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के ट्रायल सेंटर पर मौजूद रहेंगे। वह खिलाड़ियों से मिलेंगे, उन्हें प्रेरित करेंगे और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मार्गदर्शन भी देंगे। ज्ञात हो लीग में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। जिनके मेंटर के रूप में दिग्गज खिलाड़ी सुरेश रैना, क्रिस गेल, हरभजन सिंह, इरफान पठान और ब्रेट ली लीग से जुड़ चुके हैं। इस लीग की प्लेयर्स की नीलामी के लिए खिलाड़ियों का चयन इसी ट्रायल प्रक्रिया में टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

**अब भी है मौका** यह लीग खिलाड़ियों को बड़ा क्रिकेटर बनने का सुनहरा मौका दे रही है। जो खिलाड़ी अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए हैं, वे ट्रायल स्थल पर पहुंचकर रविवार को ही रजिस्ट्रेशन कर, ट्रायल में सम्मिलित होकर अपना टैलेंट आजमा सकते हैं।

## न्यूज डायरी

### सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

**नई दिल्ली।** भारत के लिए युगल में खिताब की सबसे बड़ी सात्विक साईराज रैंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी इंडिया ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पराजित हो गई। वर्ष 2022 की विजेता भारतीय जोड़ी को मलयेशिया के गोह सजे फेई और नूर इजुद्दीन की जोड़ी से 37 मिनट चले मुकाबले में 18-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। ब्रेक के बाद सात्विक-चिराग 15-12 से आगे थे पर विपक्षी जोड़ी ने वापसी कर ली। एजेंसी

### खो-खो विश्वकप में भारत दोनों वर्गों के फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में 66-16 से हराकर खो-खो विश्वकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में मेजबान टीम की टक्कर नेपाल के साथ होगी जिसने युगांडा को 89-18 से हराया। पुरुष वर्ग में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 62-42 से हराकर खिताबी भिड़ंत में जगह बनाई। अन्य सेमीफाइनल में नेपाल ने ईरान को 72-20 से हराया। एजेंसी

### विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश ने अनीश गिरी को हराया

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नीदरलैंड में चल रहे टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट में अनीश गिरी पर रोमांचक जीत दर्ज की। वह विश्व चैंपियन बनने के बाद पहले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। 18 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाले गुकेश एक दिन पहले दिल्ली में थे। उन्हें मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड प्रदान किया गया था। प्रगनानंदा ने उज्बेकिस्तान के जीएम अब्दुसत्तारोव को ड्रॉ पर रोका। एजेंसी

# जायसवाल को पहली बार वनडे में मौका, दो विकेटकीपर के साथ चार ऑलराउंडर टीम में

## चैंपियंस ट्रॉफी : सिराज बाहर, तीन तेज गेंदबाजों में अर्शदीप शामिल, पंत को मिली प्राथमिकता

**मुंबई।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अगले महीने शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। उन्हें पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने शनिवार को इस वनडे टूर्नामेंट के लिए टीम घोषित की।

चैंपियंस ट्रॉफी की टीम ही छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में खेलेगी। टीम में दो विकेटकीपर के साथ चार ऑलराउंडरों को जगह दी गई है।

**2013** में भारत ने खिताब जीता था। 2002 में संयुक्त विजेता रहा

मुख्य विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत को प्राथमिकता दी गई है। दूसरे विकेटकीपर के तौर पर केएल राहुल शामिल हैं। हालांकि पंत लंबे समय से वनडे प्रारूप में नहीं खेले हैं। अन्य विकेटकीपर संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर भी मौका नहीं दिया गया।

चार ऑलराउंडरों में हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा शामिल हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं मिली है। उनकी जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मौका दिया गया है। एजेंसी



यशस्वी का ऑस्ट्रेलिया में प्रदर्शन अच्छा रहा था। अर्शदीप को सिराज पर वरीयता दी गई है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शामिल 15 खिलाड़ियों की भूमिका

**बल्लेबाज :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर
**विकेटकीपर :** ऋषभ पंत, लोकेश राहुल
**ऑलराउंडर :** हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा
**मुख्य स्पिनर :** कुलदीप यादव
**तेज गेंदबाज :** जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह

### भारत का ग्रुप दौर का कार्यक्रम

| तारीख | बनाम | जगह |
|---|---|---|
| 20 फरवरी | बांग्लादेश | दुबई |
| 23 फरवरी | पाकिस्तान | दुबई |
| 02 मार्च | न्यूजीलैंड | दुबई |

■ 2023 वनडे विश्वकप के 11 खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल हैं। इसमें रोहित, गिल, कोहली, श्रेयस, राहुल, हार्दिक, जडेजा, अक्षर, बुमराह, शमी, कुलदीप शामिल हैं।

### फिट होने के बाद कुलदीप की वापसी, नायर चूके

कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी टीम में जगह बनाने में सफल रहे। वह चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे थे। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें वह गेंदबाजी का अभ्यास कर रहे थे। विजय हजारे ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में 779 रन बनाने वाले करुण नायर टीम में जगह नहीं बना पाए।

■ अगरकर ने कहा, एक और खिलाड़ी के लिए जगह बनाना मुश्किल था और जिन लोगों (बल्लेबाजों) को चुना गया है, उनका औसत 40 से अधिक का है। करुण के नाम टेस्ट में तिहरा शतक भी है।

### इंग्लैंड के खिलाफ पहले 2 वनडे में नहीं खेलेंगे बुमराह



*मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए फिट नहीं हो पाएंगे जिसके कारण हर्षित राणा को उनकी जगह शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह बुमराह की स्थिति पर मेडिकल टीम से अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के पांचवें दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए थे।*

# दौरे पर परिवार के नियम से भारतीय खिलाड़ी हैं नाखुश

## कप्तान रोहित बोले, बीसीसीआई से बात करेंगे



**मुंबई।** मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह पर बीसीसीआई द्वारा तैयार किए गए 10 सूत्री दिशा-निर्देशों में कुछ नियमों पर रोहित शर्मा को असमंजस है और वह बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया से चर्चा करने वाले हैं। नए नियम में परिवार को 45 दिन से अधिक के लंबे दौरे पर 14 दिन के लिए साथ रहने की अनुमति दी गई है। यह नियम टीम के खिलाड़ियों को अच्छा नहीं लगा है।

प्रेस कांफ्रेंस शुरू होने से पहले जब रोहित चयनकर्ता प्रमुख अगरकर के पास बैठे थे तो उन्हें अगरकर से यह कहते हुए सुना गया कि अब मेरे को बैठना पड़ेगा सचिव के साथ। फैमिली-वैमिली का डिस्कस करने के लिए, सब मेरे को बोल रहे हैं यार। हर खिलाड़ी मुझसे पूछ रहा है। रोहित की टिप्पणी मीडिया के लिए नहीं थी, लेकिन यह माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो गई। जब रोहित से दिशा-निर्देशों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, आपको इन नियमों के बारे में किसने बताया, क्या यह बीसीसीआई के आधिकारिक हैंडल से आया है। एजेंसी

### नियम कोई सजा नहीं पालन करें : अगरकर

अगरकर ने कहा, हर टीम के कुछ नियम होते हैं। हमने पिछले कुछ महीनों में कई चीजों के बारे में बात की है जिसमें आप एक टीम के रूप में सुधार कर सकते हैं। यह कोई स्कूल नहीं है। यह कोई सजा नहीं है। आपके पास कुछ नियम होते हैं और जब आप राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हैं तो आप उन नियमों का पालन करते हैं।

## कोहली रणजी मैच से हटे, रोहित खेलेंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की, तो वहीं, विराट कोहली ने संकेत दिया कि गर्दन में हल्की चोट के कारण वह राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई द्वारा रणजी ट्रॉफी में भागीदारी अनिवार्य किए जाने के बाद सभी स्टार बल्लेबाजों में से केवल कोहली और केएल राहुल (कोहनी की चोट के कारण कर्नाटक के लिए) ही नहीं खेल रहे हैं। एजेंसी

# विजय हजारे ट्रॉफी : कर्नाटक 5वीं बार चैंपियन

## विदर्भ को 36 रन से हराया, फाइनल में नहीं चला करुण का बल्ला

**वडोदरा।** ध्रुव शोरे (110) ने लगातार तीसरा शतक जड़ा, लेकिन कर्नाटक ने स्मरण रविचंद्रन (101) की शतकीय पारी की मदद से फाइनल में विदर्भ को 36 रन से हराकर पांचवीं बार विजय हजारे ट्रॉफी जीत ली। कर्नाटक की टीम पांचवीं बार ही फाइनल में पहुंची थी।

कर्नाटक ने 50 ओवर में छह विकेट पर 348 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ध्रुव के अलावा हर्ष दुबे की 30 गेंद में 63 रन की पारी के बावजूद विदर्भ की टीम 48.2 ओवर में 312 रन पर आउट हो गई। क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में शतक लगाने वाले ध्रुव को दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' करुण नायर (27) के आउट होने के बाद विदर्भ का मध्य क्रम दबाव में आ गया। करुण ने इस टूर्नामेंट में 389.5 की औसत से 779 रन बनाए। टूर्नामेंट में विदर्भ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की बड़ी पारियों के कारण मध्य क्रम को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल सका था। एजेंसी



वडोदरा में खिताब जीतने के बाद जश्न मनाते कर्नाटक टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

**अंडर-19 टी-20 विश्वकप** | दूसरी बार हो रहा है आयोजन, पहला खिताब भारत ने जीता

# विंडीज के खिलाफ आज जीत से आगाज करने उतरेंगी बेटियां

**क्वालालंपुर।** निकी प्रसाद की अगुवाई में रविवार को गत विजेता भारतीय महिला टीम आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत करने उतरेगी। भारत का पहला मुकाबला वेस्टइंडीज के साथ होगा। अंडर-19 में टी-20 विश्वकप का आयोजन दूसरी बार हो रहा है और पिछली बार 2023 में दक्षिण अफ्रीका में भारत ने शैफाली वर्मा की अगुवाई में खिताब जीता था। फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया था।

**मैच : दोपहर 12:00 बजे से**

भारत को ग्रुप-ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलयेशिया के साथ रखा गया है। भारत ने निकी प्रसाद की अगुवाई में अंडर-19 का एशिया कप भी अपने नाम किया था। निकी के अलावा बल्लेबाजी में ओपनर गोंगाडी त्रिशा, जी कमलिनी शामिल हैं। कमलिनी ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 44 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा सनिका भी हैं। गेंदबाजों में शबनम शकील, जोशिथा के अलावा स्पिनर पारूनिका सिसोदिया, सोनम यादव और आयुषी शुक्ला हैं। वेस्टइंडीज के बाद भारत का मलयेशिया से मैच 21 जनवरी, श्रीलंका से 23 जनवरी को होगा। एजेंसी



निकी प्रसाद

### ऑस्ट्रेलिया, द. अफ्रीका और बांग्लादेश की जीत से शुरुआत

वर्षा बाधित पहले दिन दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को, बांग्लादेश ने नेपाल को और ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को हराया। नेपाल की टीम 52 रन पर आउट हो गई थी और बांग्लादेश ने 13.2 ओवरों में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट पर 91 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की टीम पांच विकेट पर 69 रन ही बना सकी और 22 रन से मैच हार गई। ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 80 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। पंद्रह साल की केइओमे ने एक रन देकर तीन विकेट लिए।

■ अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में पहले दिन इंग्लैंड-आयरलैंड, नाइजीरिया-समोआ और अमेरिका व पाकिस्तान के मैच बारिश के कारण अधूरे छूटे।

अमर उजाला
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919

# बिंदास

ENTERTAINMENT **PROMOTIONAL** FEATURE

**पाताल लोक की इस सीजन की कहानी बेहद कमजोर है और दिल्ली से लेकर नगालैंड तक बिखरी हुई है। इसके बहुत सारे संवाद नगालैंड की बोली में हैं, लिहाजा हिंदी के आम दर्शक को परेशानी भी होती है।**

# 'पाताल लोक' में फिर उतरने से पहले, थमना जरूरी है

**पांच साल बाद जब किसी हिट सीरीज का दूसरा सीजन आता है तो पहला सवाल यही होता है कि आखिर इतना लंबा इंतजार क्यों? इसका जवाब कुछ-कुछ वैसा ही है, जैसा अमेजन प्राइम अपनी पिछली सीरीज 'मिर्जापुर' के बीते सीजन में दे चुका है। कहानी इस बार बिखरी-बिखरी सी है और हाथीराम की अपने में खोए रहने वाली मस्ती भी गायब है।**

**पंकज शुक्ल**

**सीरीज** 'पाताल लोक' अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपने भाई कर्णेश शर्मा के साथ मिलकर रची। लेखक-निर्देशक सुदीप शर्मा को बतौर रचयिता (क्रिएटर) लाकर अनुष्का ने एक अच्छा दांव ओटीटी पर खेला और दांव बिल्कुल सही बैठा भी, लेकिन अब अनुष्का इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। कर्णेश का भी बहुत कुछ कंट्रोल अपनी टीम पर दिखता नहीं है। सीरीज दिल्ली के पाताल लोक से निकलकर उत्तर-पूर्व के माफिया लोक जा पहुंची। नतीजा क्या रहा? आओ, इसका पता लगाते हैं।

सुदीप शर्मा ने इस बार अभिषेक बनर्जी, राहुल कनौजिया और तमल सेन के साथ मिलकर अपनी सोची वेब सीरीज 'पाताल लोक' का दूसरा सीजन बना तो लिया है और आखिर में अनोखा सा अचरज रचकर आगे का एक नया रास्ता भी खोल लिया है, लेकिन यह वह भी जानते हैं कि इस बार मामला ओरिजिनल कम और जबर्दस्ती का ज्यादा है।






एक मजदूर के लापता होने और नगालैंड से दिल्ली वार्ता के लिए आए दबंग नागा नेता का होटल के भीतर सिर काट दिए जाने की दो अलग-अलग घटनाओं की दो अलग-अलग स्तर की तफ्तीशों से शुरू हुई कहानियों के सिरों का वहां आकर संगम होता है, जहां हाथीराम चौधरी और इमरान अंसारी की मुलाकात फिर से होती है। हाथीराम अब भी जमनापार का इंस्पेक्टर है। अंसारी अब आईपीएस बन चुका है। हाथीराम और अंसारी के बीच का जो दोस्ताना, दोनों के पदों में आए बदलाव के बावजूद कायम रहता है, वही इस सीरीज का सबसे मजबूत पक्ष है।

लेकिन पांच साल बाद परदे पर लौटे हाथीराम चौधरी का वजन बढ़ा हुआ दिखता है। उसका चढ़ा हुआ पेट बताता है कि यह सीरीज हाल-फिलहाल तो शूट हुई नहीं है। शायद सही समय के इंतजार में रही होगी। अमेजन प्राइम ने इसे नेटफ्लिक्स के 'ब्लैक वारंट' के मुकाबले में उतारा है और दोनों का मुकाबला अगर देखा जाए तो जहान कपूर का सादापन हाथीराम चौधरी के बार-बार की एक जैसी झुंझलाहट पर भारी है। कहानी के स्तर पर बेहद कमजोर इस सीजन की पटकथा भी दिल्ली से लेकर नगालैंड तक बिखरी है और संवाद चूंकि बहुत सारे नागामी (नगालैंड की बोली) में हैं, लिहाजा हिंदी के आम दर्शक को हिंदी से अंग्रेजी, अंग्रेजी से नागामी में कूदते रहने में परेशानी भी होती ही है। अगर आप जयदीप अहलावत के फैन हैं तो इसे एक-एक एपिसोड करके अगले पूरे हफ्ते में देख सकते हैं, लेकिन अगर आप बिंज वॉच के चक्कर में इसे देखने बैठे तो निराशा ही हाथ लगेगी। इश्वाक सिंह और हाथीराम चौधरी के अलावा इस सीरीज में तिलोत्तमा शोम को ही पहचाना जा सकता है।

इश्वाक चूंकि अब आईपीएस हैं तो हर बार एक्शन बोले जाते ही अपने कंधे सीधे करके फ्रेम में आगे बढ़ते दिखते हैं। उनका भोलापन अब काफूर हो रहा है। हाथीराम अब पहले से ज्यादा मोटा है। अपराधी को पकड़ने में उसकी सांस अब ज्यादा फूल रही है। दोनों का अभिनय वैसा नहीं है, जिसके लिए ये दोनों जाने जाते हैं। निर्देशक द्वय नागेश कुकुनूर और जहानु बरुआ को एक्टिंग करते देखना दिलचस्प है। उत्तर-पूर्व के कलाकारों ने थोक के भाव में सीरीज में काम किया है, लेकिन इंडियन आइडल फेम प्रशांत तमांग के अलावा असरदार काम किसी दूसरे का नहीं है।

**मलयालम सिनेमा में दिलचस्पी रखने वाले फिल्म 'लुसिफर' के बारे में खूब जानते हैं। मोहनलाल अभिनीत इस फिल्म ने साल 2019 में टिकट खिड़की पर करीब सवा सौ करोड़ रुपये कमाए थे। अब इसकी सीक्वल जल्द रिलीज होने वाली है।**

# लौट रहा है लुसिफर, इस बार हिंदी में भी

**साउथ सिनेमा**

**बीते** साल की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में मुख्य खलनायक की भूमिका में नजर आए अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन का मलयालम सिनेमा में सिक्का चलता है। महज 30 करोड़ में बनी फिल्म 'लुसिफर' से उन्होंने निर्देशन में कदम रखा। ओटीटी ओरिजिनल 'ब्रो डैडी' निर्देशित करने के बाद अब वह 'लुसिफर' का सीक्वल लेकर आ रहे हैं।

हिंदी पट्टी में अभी तक तेलुगु सिनेमा के डब संस्करण ही लोगों को खूब पसंद आते रहे हैं, लेकिन बीते साल मलयालम सिनेमा ने भी अपनी धमक हिंदी पट्टी में जमाई है। 'आवेशम', 'मज्जुमेल बॉयज' और 'मार्को' को हिंदी में मिली सफलता के बाद अब पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी फिल्म 'एल 2: एमपुरान' को मलयालम के साथ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में एक साथ रिलीज करने जा रहे हैं। एल 2 का मतलब यहां लुसिफर 2 से है और एमपुरान का अर्थ मलयालम में होता है- राजा से कहीं बड़ा और भगवान से थोड़ा ही कम! चर्चित अभिनेता मोहनलाल ही इस बार भी फिल्म में लीड किरदार निभाते नजर आएंगे। पृथ्वीराज सुकुमारन बताते हैं, "लुसिफर एक ऐसा कल्पना लोक है, जिसकी अलग-अलग स्तर की कई कहानियां हैं। यह बात हमने पहले दिन से तय की हुई है कि इसका विकास हम फिल्म फ्रेंचाइजी के तौर पर ही करेंगे।"



लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें
amarujala.com/entertainment

SUNDAY | 19.01.2025 | माघ कृष्ण-पंचमी/षष्ठी विक्रम संवत-2081
दिल्ली-एनसीआर
amarujala.com

# अमर उजाला

●● राजधानी
वर्ष 22 | अंक 282 | पृष्ठ : 20 | मूल्य : साढ़े चार रुपये
नई दिल्ली
• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण



## एलटीसी : 385 प्रीमियम ट्रेनों में कर सकेंगे यात्रा

पेज 14

सुविधा बढ़ी...वंदे भारत, हमसफर व तेजस एक्सप्रेस में कर सकेंगे सफर

## सैफ पर हमले का संदिग्ध आरोपी छत्तीसगढ़ में पकड़ा


आकाश

**दुर्ग/मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से संदिग्ध आरोपी आकाश कैलाश कन्नोजिया (31) को हिरासत में लिया है। उसे मुंबई से कोलकाता जाने वाली ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से पकड़ा गया। मुंबई पुलिस ने उसका मोबाइल नंबर, फोटो आरपीएफ के साथ साझा किया था। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध वही शख्स है जो वारदात की रात सैफ के अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ था। सैफ अभी लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। एजेंसी

>> हमलावर बहुत आक्रामक था, पर गहनों को छुआ तक नहीं : पेज 14

## गाजा में संघर्ष विराम बंधकों को छोड़ेगा हमास

**यरूशलम।** इस्राइल और हमास के बीच छह हफ्ते तक चलने वाला संघर्ष विराम रविवार सुबह 8:30 बजे से लागू होगा। इस्राइल के मंत्रिमंडल ने भी इस समझौते को मंजूरी दे दी। हमास पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करेगा, और इस्राइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक विशेष कार्य बल को गाजा से लौटने वाले बंधकों को लेने के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया। >> पेज 16

## ईरान में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की गोली मारकर हत्या

**दुबई।** ईरान में दो कट्टरपंथी जजों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट के दोनों जज 1988 में असंतुष्टों को सामूहिक रूप से फांसी पर लटकाने की सजा सुनाने वालों में शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को तेहरान में एक बंदूकधारी ने दोनों जजों मौलवी मोहम्मद मोगीसेह व अली रजिनी को गोली मार दी। अभी किसी समूह ने हत्याकांड की जिम्मेदारी नहीं ली है। ईरान की समाचार एजेंसी ईरना के मुताबिक, हमलावर ने खुदकुशी कर ली है। एजेंसी

# आर्थिक सुरक्षा की गारंटी, प्रधानमंत्री ने 65 लाख ग्रामीणों को सौंपे संपत्ति कार्ड

### मोदी ने कहा-स्वामित्व योजना विकास में अहम भूमिका निभा रही, सही मायने में साकार हो रहा ग्राम स्वराज

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत देश के 50 हजार से अधिक गांवों के करीब 65 लाख लोगों को उनकी संपत्ति के दस्तावेज सौंपे। उन्होंने कहा कि कई लाभार्थी छोटे और मध्यम किसान परिवार से आते हैं, जिनके लिए संपत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की एक बड़ी गारंटी बन गए हैं। एक बार सभी गांवों में संपत्ति कार्ड जारी हो जाने पर अनुमानित तौर पर 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। 10 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पांच साल पहले स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति का कानूनी प्रमाण मिल सके। कानूनी दस्तावेज मिलने के बाद लाखों लोग अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण लेकर गांवों में छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू कर आय बढ़ा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग राज्य संपत्ति के मालिकाना हक प्रमाणपत्रों को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं, जैसे घरौनी, अधिकार अभिलेख, प्रॉपर्टी कार्ड, मालमत्ता पत्रक और आवासीय भूमि पट्टा।

### दलितों-पिछड़ों को सबसे ज्यादा लाभ

दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवार अवैध कब्जों और लंबे अदालती विवादों से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। संपत्ति के कानूनी प्रमाणीकरण के बाद वे ऐसे संकट से मुक्त हो जाएंगे। संपत्ति कार्ड देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी अहम भूमिका निभाएंगे। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 98 फीसदी भूमि रिकॉर्ड डिजिटल

पीएम मोदी ने कहा कि किसानों के लिए भूमि विवाद आम बात है। उन्हें अक्सर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं और भ्रष्टाचार भी होता है। इसी पर लगाम कसने के लिए भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। पिछले सात-आठ वर्षों में करीब 98 फीसदी भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण हो चुका है।

### आपदा की स्थिति में मुआवजे में आसानी

- स्पष्ट मानचित्रों और आबादी वाले क्षेत्रों के ज्ञान के साथ, विकास कार्य की योजना सटीक होगी, जिससे खराब नियोजन के कारण होने वाली बर्बादी और बाधाएं दूर होंगी।
- पंचायत भूमि और चरागाह क्षेत्रों की पहचान सहित संपत्ति के अधिकार भूमि स्वामित्व पर विवादों को हल करेंगे, जिससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सशक्त होंगी।
- संपत्ति कार्ड से आग, बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं के दौरान मुआवजे का दावा करना आसान हो जाएगा।

**2.25** करोड़ से अधिक लोगों को मिला स्वामित्व कार्ड पिछले पांच वर्षों में

लाभार्थी बोले-जीवन बदला, अब कमाई भी होने लगी : पेज 14

## नागा बनने की कठिन साधना आरंभ



प्रयागराज के महाकुंभ नगर में नागा साधु बनने की कठिन साधना शनिवार को शुरू हुई। जूना अखाड़ा छावनी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान दत्तात्रेय और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए 900 से अधिक साधुओं ने गंगा में 108 डुबकी लगाई। फिर वस्त्र त्याग कर सिर्फ अधोवस्त्र में छावनी लौटे। संवाद

**900** से अधिक साधुओं को दी जा रही दीक्षा

धर्मध्वजा के नीचे अग्नि के समक्ष बैठकर तपस्या आरंभ की। आधी रात के बाद पंच गुरु की मौजूदगी में उनके पंच संस्कार पूरे कराए जाएंगे। संन्यास दीक्षा लेने की प्रक्रिया में उन्हें खुद का पिंडदान भी करना होगा। 48 घंटे की लंबी क्रियाओं के बाद सभी साधु जूना अखाड़े के नागा परिवार में शामिल हो जाएंगे। >> पेज 13

# सीमा पर भारत और बांग्लादेश के किसानों में झड़प, पथराव

### बीएसएफ और बीजीबी ने अपने-अपने देश के किसानों को हटाया

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर दोनों देशों के किसानों के बीच झड़प होने से तनाव फैल गया। हालांकि, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण में आ गई।

बीएसएफ ने कहा, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 119वीं वाहिनी की सीमा चौकी सुखदेवपुर सीमा पर शनिवार को कुछ भारतीय किसान सामान्य दिनों की तरह अपने खेतों में काम करने के उद्देश्य से आए हुए थे। सुबह करीब 11:45 बजे भारतीय किसानों ने सीमापार खेतों में काम कर रहे बांग्लादेशी किसानों पर फसल चोरी करने का आरोप लगाया। इस पर बहस शुरू हो गई और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। काफी बड़े भाग में तारबंदी न होने से भारतीय किसानों को भी आगे जाने में रुकावट का सामना नही करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएफ और बीजीबी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर अपने-अपने देश के किसानों को तितर-बितर करते हुए उन्हें वापस लौटाया। ब्यूरो



तैनात फोर्स।

### बेहतर तालमेल की कर रहे कोशिश

हुड़दंग कुछ समय तक चला पर इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। बीएसएफ ने किसानों से कहा कि आगे इस तरह की स्थिति पैदा होने पर सूचित करें। बीएसएफ और बीजीबी यूनिट के कमांडेंट भी आपस में मिल कर बेहतर तालमेल स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का केस

### महिला का आरोप, सीतापुर सांसद ने शादी करने और जिला अध्यक्ष बनाने का दिया था झांसा

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ महिला की शिकायत पर यौन शोषण का मामला दर्ज किया गया है।

सदर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने कोतवाली थाने में दी शिकायत में सांसद के खिलाफ शादी का झांसा देकर चार साल से यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। यह भी कहा कि सांसद ने उसे पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाने का भी भरोसा दिया था। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कहा कि महिला ने सांसद पर 15 जनवरी को भी उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के रूप में पुलिस को कॉल रिकार्डिंग उपलब्ध कराई है। सांसद के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने और गलत तरीके से रोकने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। कोर्ट में कलमबंद बयान में उसने घटना की पुष्टि की है। पीड़िता को सुरक्षा मुहैया कराई गई है। संवाद

**सांसद ने आरोप नकारे :** सांसद राठौर ने कहा कि इस झूठे मुकदमे के पीछे जिले के पुलिस अधीक्षक का हाथ है। पिछले दिनों उन्होंने पुलिस और भूमाफिया के गठजोड़ को उजागर किया था। यह उसी का बदला है। चार वर्ष पहले के एक झूठे आरोप को मुकदमे का आधार बनाया गया है। सभी आरोप निराधार हैं। सभी का कोर्ट के माध्यम से जवाब दिया जाएगा।


राकेश

## महिला की मौत : 12 डॉक्टरों पर गैर इरादतन हत्या का केस

### प. बंगाल : महिला को चढ़ा दी थी एक्सपायर दवा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मिदनापुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक्सपायर हो चुकी दवा चढ़ाने से प्रसव के बाद महिला की मौत के मामले में निलंबित 12 डॉक्टरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। गैर इरादतन हत्या का आरोप एक गैर-जमानती अपराध है। इस मामले में जुर्माना या 10 वर्ष की कैद हो सकती है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि छह स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं सहित 12 डॉक्टरों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनमें जीवन को खतरे में डालने और लोक सेवकों के दूसरों को चोट पहुंचाने के लिए कानून का उल्लंघन करने से संबंधित धाराएं शामिल हैं। मामले में मृतक महिला के परिजनों ने डॉक्टरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को अस्पताल के 12 डॉक्टरों को निलंबित कर दिया था। आरोप है कि एक्सपायर दवा चढ़ाने से महिला की मौत और चार अन्य मरीज की तबीयत बिगड़ गई थी। 13 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति और सीआईडी ने पाया था कि डॉक्टरों ने लापरवाही बरती। एजेंसी

## केंद्र के वार्ता के प्रस्ताव पर माने किसान, डल्लेवाल इलाज को राजी

### अब 14 को किसानों के साथ केंद्र की होगी बैठक

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार की ओर से किसानों से वार्ता के न्योते के बाद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल इलाज कराने पर राजी हो गए हैं। हालांकि उनका अनशन जारी रहेगा। वे 54 दिन से अनशन पर बैठे हैं।

केंद्र सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को खनौरी सीमा पर डल्लेवाल व किसान नेताओं के साथ बैठक की। करीब पांच घंटे चली बैठक में कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिया रंजन और पंजाब पुलिस के पूर्व एडीजीपी जसकरण सिंह समेत 13 अफसरों ने डल्लेवाल से अनशन खत्म करने का अनुरोध करते हुए बातचीत का प्रस्ताव सौंपा। अब 14 फरवरी को किसानों के साथ चंडीगढ़ में मंत्री स्तर की बैठक होगी, जिसमें एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों पर चर्चा की जाएगी।


डल्लेवाल के साथ केंद्र की टीम।

किसान नेताओं काका सिंह कोटड़ा, सरवण सिंह पंधेर ने बताया, केंद्र के बातचीत के लिए तैयार होने के बाद डल्लेवाल इलाज कराने पर मान गए हैं। उन्होंने कहा कि खनौरी में 121 किसान अनशन पर बैठे हैं, उनके बारे में रविवार को फैसला होगा। डल्लेवाल 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर हैं और उनका वजन करीब 20 किलोग्राम घट गया है। उन्होंने केंद्र से वार्ता के बिना इलाज कराने से इनकार कर दिया था, जबकि सुप्रीम कोर्ट भी इसे लेकर पंजाब सरकार को कई बार फटकार लगा चुका है। ब्यूरो

## हमसे सिर्फ 25 मिनट दूर थी मौत : हसीना



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि वह और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना मरते-मरते बचीं। छात्रों के आंदोलन के बाद पिछले साल पांच अगस्त को उनके सत्ता से बेदखल होने के बाद राजनीतिक विरोधियों ने उनकी हत्या की साजिश रची थी। अगर वह और बहन ढाका में और 20-25 मिनट रहतीं तो उनके साथ कुछ भी हो सकता था।

भारत में रह रहीं हसीना ने छोटे ऑडियो संदेश में यह खुलासा किया। अपनी पार्टी अवामी लीग के सोशल मीडिया हैंडल पर जारी इस संदेश में हसीना ने कहा, रेहाना और मैं सिर्फ 20-25 मिनट के अंतर से मौत से बच निकलीं। 21 अगस्त का ग्रेनेड हमला, कोटालीपारा बम साजिश, और अब यह हालिया खतरा। यह अल्लाह की मर्जी है। वरना, मैं आज जिंदा नहीं होती। मैं पीड़ित हूं, मैं अपने देश, अपने घर के बिना हूं, सब कुछ जल गया है। ब्यूरो








चुनावी हलचल

## 'केजरीवाल को हटाएं, देश को बचाएं' अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** पूर्व भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने 'केजरीवाल को हटाएं, देश को बचाएं' अभियान शुरू किया है। इसमें लोगों से दिल्ली सरकार के कथित भ्रष्टाचार, झूठ और देशविरोधी राजनीति के खिलाफ धर्मयुद्ध में एकजुट होने का आह्वान किया गया है। इस आंदोलन से जुड़ने के लिए एक नंबर (8585902025) जारी किया है जिस पर मिस्ड कॉल करने की अपील की है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह पहल सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक क्रांति है। उन्होंने केजरीवाल पर लोगों का विश्वास तोड़ने, लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने, धोखे और झूठे वादों के जरिए अच्छे शासन का भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक लड़ाई नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा को बचाने का धर्मयुद्ध है। ब्यूरो

## जनसभा में आप सांसद ने मांगा प्रत्याशियों के लिए समर्थन

**नई दिल्ली।** सांसद संजय सिंह ने पालम व नजफगढ़ में जनसभा कर आप प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब 2012 में आप बनाई तो लोग हंसते थे, लेकिन 2013 में जनता ने वोट की ताकत से इतिहास लिखने का काम किया। सरकारी अस्पतालों में बेड बढ़ाए, मोहल्ला क्लीनिक, 22 हजार क्लासरूम व 38 नए फ्लाईओवर बनाए, 250 किलोमीटर मेट्रो का नेटवर्क बढ़ाने का काम किया। 6,800 किलोमीटर सीवर पाइपलाइन व 4 हजार किलोमीटर पानी की पाइपलाइन बढ़ाने का काम किया। तीन लाख सीसीटीवी कैमरे, 3.50 लाख स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया है। भाजपा ने फ्री बिजली-पानी, महिलाओं की बस यात्रा, मोहल्ला क्लीनिक व महिला सम्मान राशि योजना का विरोध किया है। ब्यूरो

## आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस की कार्रवाई तेज

**नई दिल्ली।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद द्वारका जिला पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ के साथ साथ संगठित अपराध पर अंकुश लगाने में जुट गई है। पिछले दस दिन में द्वारका पुलिस पिकेट जांच के दौरान 25.87 लाख रुपये बरामद किए हैं। साथ ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

# आप-भाजपा के आरोप-प्रत्यारोप के बीच सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

## पुलिस उपायुक्त बोले- अभी किसी की तरफ से शिकायत नहीं मिली

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी संयोजक व भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा मामले को लेकर नई दिल्ली जिला पुलिस ने जांच शुरू की है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। नई दिल्ली पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि अभी किसी की तरफ से शिकायत नहीं मिली है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मंदिर मार्ग थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया है। नई दिल्ली के अन्य पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीन घायल लोगों को लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ये भाजपा के कार्यकर्ता हैं।

हालांकि, वायरल वीडियो में मौके पर भगदड़ दिखाई दे रही है। पुलिसकर्मी भी मौके पर थे। पुलिस की ओर ये भी कहा जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच नारे जरूर लगाए जा रहे थे। गोल मार्केट के पास एक दूसरे की गाड़ी रोकने की कोशिश भी हुई थी, लेकिन पुलिस ने सभी को हटा दिया था। किसी पर कोई हमला नहीं हुआ है।



प्रचार के दौरान केजरीवाल की कार के आसपास लोग और सुरक्षाकर्मी। स्रोत: वीडियो ग्रैब

### भाजपा-आप की राजनीति बेहद शर्मनाक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा और आप की राजनीति बेहद शर्मनाक है। भाजपा का आरोप है कि उसके कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ा दी गई, जबकि आप का आरोप है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर पथराव किया गया। बीते 10 साल से दोनों दल दिल्ली की जनता की समस्या का समाधान नहीं कर रहे, बल्कि एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप ही लगा रहे हैं। दिल्ली वालों के साथ यह एक नियोजित साजिश है, ताकि बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाया जा सके। महंगाई, बेरोजगारी, वायु प्रदूषण, यमुना सफाई, कचरा और झूठे वादों की पोल लगातार खुल रही है। यहीं वजह है कि दोनों दल नहीं चाहते कि मूल मुद्दों पर जनता बात करे। ब्यूरो

### हार के डर से केजरीवाल पर हमला करवा रही भाजपा : आप

**नई दिल्ली।** चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ हुई घटना को लेकर पार्टी के नेताओं ने भाजपा पर हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती। इस कारण परेशान होकर केजरीवाल पर हमला कर रही है। पार्टी पहले ही गृह मंत्रालय को ऐसी घटना हो सकती है की आशंका जता चुकी है। घटना के बाद आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के पास केजरीवाल के कामों पर लड़ने की हिम्मत नहीं है तो उन पर हमला करवा दिया। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा ने दिल्ली को अपराध की राजधानी बना दिया। वहीं पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हाल ही में गृह मंत्रालय ने जानकारी दी थी कि अरविंद केजरीवाल के ऊपर लगातार खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि शनिवार को केजरीवाल के साथ घटना हो गई। उन्होंने कहा कि आप के प्रचार से भाजपा नेता प्रवेश वर्मा डर गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नई दिल्ली में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव नहीं होने देना चाहती। इस घटना पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं पुलिस के बयान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने आकर केजरीवाल का बचाव किया। ब्यूरो

# जांच में 1522 नामांकन पत्रों में से 477 हो गए खारिज

## चुनाव में इस बार कितने हैं उम्मीदवार 20 जनवरी के बाद चलेगा पता

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विधानसभा की 70 सीटों के चुनाव के लिए इस बार 1522 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच देर रात तक चली। खबर लिखे जाने तक दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से 477 नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया गया। जबकि 1045 नामांकन पत्र स्वीकार किए गए।

**1045 नामांकन पत्र स्वीकार किए गए**

हालांकि, देर रात तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से आधिकारिक तौर पर यह नहीं बताया जा सका कि कुल कितने नामांकन पत्र खारिज किए गए और कितने उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। निर्वाचन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच कई स्तर पर की जाती है। एक उम्मीदवार कई नामांकन पत्र दाखिल करता हैं। साथ ही, एक कवरिंग उम्मीदवार भी कई नामांकन पत्र दाखिल करता है। ऐसे में नामांकन पत्रों की जांच में समय लगता है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 जनवरी थी। इस दिन सबसे ज्यादा 680 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। 20 जनवरी को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि है। ऐसे में 20 के बाद ही यह पता चलेगा कि इस बार कुल कितने उम्मीदवार हैं।



'पीके' स्टाइल में प्रचार... पंत मार्ग पर शनिवार को अनोखा नजारा देखने को मिला। एक शख्स ने आमिर खान की फिल्म 'पीके' के किरदार की तरह कपड़े पहनकर चुनाव प्रचार किया। इस दिलचस्प अंदाज ने लोगों का ध्यान खींचा। भूपिंदर सिंह

### पिछली बार की तुलना में इस बार संख्या होगी कम

वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में 1009 उम्मीदवारों ने 1528 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें 821 पुरुष और 188 महिलाओं के नामांकन शामिल थे। इसमें 26 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र वापस ले लिया था। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद निर्वाचन कार्यालय ने 672 उम्मीदवारों को मान्यता दी थी। इस बार के चुनाव में 2020 की तुलना में नामांकन पत्रों की संख्या कम है। ऐसे में इस बार उम्मीदवारों की संख्या पिछले चुनाव की तुलना में कम होगी।

### प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र हुए स्वीकृत

सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए तीनों प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र स्वीकृत हो गए हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट से 29 उम्मीदवारों ने 40 नामांकन पत्र भरे। इसमें से नौ नामांकन पत्र खारिज हुए। इससे नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से 23 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस से संदीप दीक्षित और भाजपा से प्रवेश वर्मा चुनावी मैदान में हैं। वहीं, मटियाला विधानसभा से 35 नामांकन पत्र भरे गए थे। इसमें से 18 नामांकन पत्र खारिज हुए।

# किरायेदारों को देंगे मुफ्त बिजली-पानी : केजरीवाल

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पूर्वांचली सहित प्रवासी मतदाताओं को लुभाने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक और गांरटी जारी की। उन्होंने दावा किया कि सरकार बनने पर किराए के मकान में रह रहे लोगों को 200 यूनिट बिजली और 20 हजार लीटर पानी की मुफ्त मिलेगी।

शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में घूमने के दौरान लोग बताते हैं कि उन्हें 200 यूनिट बिजली और 20 हजार लीटर मुफ्त पानी की सुविधा मिल रही है। लेकिन किरायेदारों को यह सुविधा नहीं मिल पाती। किराएदार कहते हैं कि आपके अच्छे स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त तीर्थ यात्रा का हमें फायदा मिल रहा है, लेकिन मुफ्त बिजली और पानी का लाभ नहीं मिल रहा है।

**पूर्वांचल से आने वाले अधिकतर लोग रहते हैं किराये पर**

इनकी मांग पर फैसला किया है कि सरकार बनने के बाद ऐसी योजना लेकर आएंगे, जिससे किरायेदारों को भी फ्री बिजली और पानी का फायदा मिले। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अधिकतर पूर्वांचल से आने वाले लोग किराए पर रहते हैं। इन्हें आर्थिक रूप से बहुत दिक्कत होती है। इस योजना से उन्हें लाभ होगा।

### चुनाव आते ही केजरीवाल को किरायेदारों की याद आई : भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को कहा कि 2013 में ही केजरीवाल ने किरायेदारों के लिए एक सेल बनाया था। जब उन्हें धोखा मिला तो पूरा सेल भाजपा में शामिल हो गया था। दिल्ली समझ चुकी है कि केजरीवाल जब बोलेंगे तो झूठ ही बोलेंगे, इसलिए उनकी बातों का महत्व समाप्त हो गया है। उनकी राजनीतिक जमीन दिल्ली में खो चुकी है। डिस्कॉम के साथ मिलकर बिजली का बिल बढ़ा दिया गया। मुफ्त पानी की बात करने वाले केजरीवाल ने जनता को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाने का काम किया। चुनाव आते ही केजरीवाल किरायेदारों को याद करते हैं फिर भूल जाते है। वर्ष 2017 से मुफ्त व सस्ती बिजली का सपना दिखा रहे हैं।

### वादा 10 साल से नहीं हुआ पूरा : यादव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह किरायेदारों को मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा 10 सालों से पूरा नहीं सके हैं। आरोप लगाते हुए कहा कि वह इस झूठ को दोहरा रहे हैं। कहा कि वोट बटोरने के लिए इससे पहले भी उन्होंने 2015 और 2019 में यही वादा किया था। यादव ने केजरीवाल से सवाल करते हुए पूछा कि वह पिछले 10 सालों में अपने वादों को पूरा करने में क्यों विफल रहे। कहा कि वह चुनावों में ऐसी घोषणा करके किराएदारों की सहानुभूति पाना चाहते हैं।

# वायु व जल प्रदूषण के लिए पूर्व सीएम जिम्मेदार : संदीप

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद व नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने शनिवार को वायु और जल प्रदूषण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में केजरीवाल ने कोई काम नही किया। वायु प्रदूषण और यमुना के प्रदूषित पानी की वजह से लोगों की 10-11 वर्ष आयु कम हो रही है। इसके लिए आप सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है।

केजरीवाल ने प्रदूषण के लिए हमेशा पराली को जिम्मेदार ठहराया है। दो दिनों से प्रदूषण बढ़ा हुआ है। केजरीवाल बताएं इन दिनों पराली कहां जल रही है। कांग्रेस सरकार ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए जो काम किए उसके अनुपात में केजरीवाल की सरकार ने कुछ नहीं किया। शीला सरकार ने एक करोड़ से अधिक वाहनों को सीएनजी में तब्दील कर प्रदूषण 12 वर्षों में 200 प्रतिशत कम कर दिया था। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में जहां 1998-1999 में डीटीसी में केवल 1800-1900 बसें थीं, उन्हें 2013 तक बढ़ाकर 5500 तक किया जो आज सिर्फ 3000 से भी कम रह गईं हैं। 2013 में 43 लाख लोग डीटीसी बसों में सफर करते थे। 11 वर्षों में 50-60 प्रतिशत आबादी बढ़ने पर 60-65 लाख लोग बसों में सफर करना चाहिए था, लेकिन बसों की कमी और सरकार की नाकामी के कारण सिर्फ 26 लाख लोग सफर कर रहे हैं। 2013 में हरित क्षेत्र 300 वर्ग किलोमीटर था जो अब घटकर 299 वर्ग किलोमीटर हो गया है। यमुना प्रदूषण लोगों के खराब स्वास्थ्य के लिए बड़ा कारण है।



पूर्व सांसद ने कहा - 10 वर्षों में अरविंद केजरीवाल ने कोई काम नहीं किया

### भाजपा प्रत्याशी निगम कर्मी से करवा रहे घर का काम : आप

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर से आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय पर निगम के स्वच्छता कर्मचारी से घर का काम करवाने का आरोप लगाया है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 2012 से कर्मचारी पूरन से घर का काम करवा रहे हैं, जबकि उसकी जिम्मेदारी मालवीय नगर में सफाई करने की है। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले का संज्ञान लेने और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने के लिए सतीश उपाध्याय पर केस दर्ज करने की अपील की है। उपाध्याय मालवीय नगर वार्ड से 2012-17 तक पार्षद रहे हैं। भारती ने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। ब्यूरो

### राजनीतिक संतुलन खोया : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि चुनाव में हार को सामने देखकर केजरीवाल ने राजनीतिक संतुलन खो दिया है। रोज की बयानबाजी से आगे बढ़ते हुए खुद की गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने शार्ट फिल्म बनवा ली है। इतना ही नहीं इसे सोशल मीडिया पर चलवाकर नई भ्रम की स्थिति फैलाने की कोशिश की है। वे समझ लें कि प्राइवेट स्क्रीनिंग में बनवाई फिल्म दिखाकर निर्दोष नहीं दिखेंगे। इसके लिए उन्हें कोर्ट में खुद को निर्दोष साबित करना होगा। यह भी ध्यान रखें कि किसी भी प्राइवेट स्क्रीनिंग से पहले उन्हें कोर्ट की अनुमति लेनी होगी, क्योंकि कोर्ट ने उन पर अपने मुकदमे के विषय में सार्वजनिक बयानबाजी व चर्चा करने पर रोक लगा रखी है। ब्यूरो

# भाजपा ने केजरीवाल व सिसोदिया को चुनाव हलफनामे पर घेरा

## कहा- पूर्व मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री जनता को जवाब दें, कितना हेर-फेर हुआ

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के चुनाव हलफनामे में दायर कर्ज के आंकड़े को लेकर सवाल पूछा है। कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की 2020-21 से 2023-24 के बीच में असामान्य आय और कर्ज मिलने के स्रोत संदिग्ध हैं। दिल्ली वालों को इसका स्पष्टीकरण मिलना चाहिए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा ने दो दिन पहले जन जिज्ञासा का सवाल उठाया था कि आखिर कैसे मुमकिन है कि एक मुख्यमंत्री अपनी बेसिक आमदनी से भी कम का आयकर रिटर्न दाखिल करता है।

इसका जवाब देना उन्होंने जरूरी नहीं समझा। वह बताएं कि आखिर यह कैसे मुमकिन है कि गत दशक में आयकर रिटर्नों में आय उनके मूल वेतन से भी कम है पर शराब नीति बनने वाले कोविड वर्ष में 40 गुणा बढ़ गई? सचदेवा ने मनीष सिसोदिया को घेरते हुए कहा कि बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए कर्ज लेना सामान्य बात है। आम लोग बच्चों के शिक्षा कर्ज बैंक से लेते हैं पर सिसोदिया व्यापारिक लोगों से कर्ज लेते हैं।

चुनाव हलफनामा बहुत कुछ कहता है। वह बताए कि उनके पास ऐसे कौन से मित्र हैं जो उन्हें लाखों रुपये के कर्ज दे देते हैं।

### कौन हैं तीन कर्ज मित्र : सचदेवा

सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता जानना चाहती है कि मनीष सिसोदिया के वह तीन मित्र रोमेश चंद मित्तल, मिस दीपाली व गुणित अरोड़ा कौन हैं, जिन्होंने 86 लाख, 10 लाख एवं 58 लाख के पुत्र शिक्षा कर्ज सिसोदिया को शराब नीति विवाद काल में दिए हैं? सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि केजरीवाल व सिसोदिया पारदर्शिता की राजनीति की बात करते हैं पर चुनावी हलफनामा उन्हें कठघरे में खड़ा करते हैं। दोनों समझ लें कि चुप रहने से बात नहीं बनेगी, उन्हें बताना होगा कि केजरीवाल की आय इतनी कम कैसे। सिसोदिया को बताना होगा कि उन्होंने बैंक छोड़कर व्यक्तियों से कर्ज क्यों लिया और यह तीन कर्ज मित्र कौन हैं।

### भाजपा के पास कोई विजन नहीं : आप

आप ने कहा कि भाजपा के पास दिल्ली में कोई एजेंडा, कोई विजन और कोई नेतृत्व नहीं है। उनका चुनाव अभियान केजरीवाल पर हमला करने पर केंद्रित है। अब भाजपा आरोप लगा रही है कि अरविंद केजरीवाल की आय कम है, यह उनकी हताशा को दर्शाता है। वह तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके और पूर्व आईआरएस अधिकारी अरविंद केजरीवाल सादगी से रहते हैं। उनके पास दिल्ली में कोई घर या कार नहीं है, उनके पास सिर्फ 50 हजार रुपये नकद हैं और बैंक में बमुश्किल 3 लाख रुपये हैं।

**सियासत** आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की जेल यात्रा पर बनाई गई है, पुलिस ने नहीं दी स्क्रीनिग की इजाजत, आप ने रिलीज किया ट्रेलर

# डॉक्यूमेंट्री फिल्म अनब्रेकेबल पर लगा पावर ब्रेक

**नई दिल्ली।** बढ़ती सियासी सरगर्मियों के बीच शनिवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'अनब्रेकेबल' की स्क्रीनिंग पर पावर ब्रेक लग गया।

आईटीओ पर डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग होनी थी, लेकिन पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। इसे देखते हुए आप ने रोक के बावजूद डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज कर दिया। पार्टी नेताओं ने पुलिस के इस कदम को राजनीति से प्रेरित बताया। इस डॉक्यूमेंट्री में केजरीवाल के जेल जाने और बाहर आने तक के सफर को दिखाया गया है। पार्टी मुख्यालय में केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह एक निजी स्क्रीनिंग थी। इसे भाजपा ने पुलिस भेजकर रुकवा दिया। कानून के तहत इसकी इजाजत नहीं है कि पुलिस इस तरह से किसी फिल्म के स्क्रीनिंग रुकवा दे। यह कोई चुनाव का कैंपेन नहीं था। इसमें किसी भी पार्टी के लिए कोई प्रचार नहीं किया जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि यह फिल्म नहीं देखी है, लेकिन मुझे बताया गया है कि इस फिल्म के अंदर पिछले दो सालों में जिस तरह आप के नेताओं को जेल भेजा गया, यह उनके जेल भेजे जाने के पीछे की कहानी है। यह फिल्म कई सारे रहस्यों को बताती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने असंवैधानिक और गैर कानूनी तरीके से पार्टी के नेताओं जेल भेजा था। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से इसे रोका गया। पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है। ब्यूरो

### चुनाव आयोग से अनुमति की जरूरत नहीं

केजरीवाल ने दावा किया कि ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि किसी फिल्म की निजी स्क्रीनिंग के लिए चुनाव आयोग से इजाजत लेनी पड़ेगी। इस फिल्म का चुनाव से कोई लेना देना नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि पिछली बार विवेक अग्निहोत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर फिल्म बनाई गई थी, जिसे देश भर के सिनेमाघरों में दिखाया गया था। क्या उसके लिए चुनाव आयोग की इजाजत ली गई थी।

विधानसभा चुनावों का ऐलान होने के बाद सभी राजनीतिक दलों को डीईओ कार्यालय (डीएम कार्यालय) स्थित सिंगल विंडो सिस्टम के तहत किसी सभा की अनुमति लेना है। चुनाव के दौरान यह एक मानक प्रक्रिया है। उक्त आयोजन के लिए ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई। पुलिस सभी दलों से चुनाव नियमों और विनियमों का पालन करने का आग्रह करती है। स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली पुलिस इस समय ऐसी अनुमति न दे सकती है और न ही अस्वीकार कर सकती है। -एम.हर्षवर्धन, पुलिस उपायुक्त मध्य जिला

### घबरा गई है भाजपा : आप

आप ने भाजपा पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म को लेकर हमला बोला है। आप का आरोप है कि भाजपा डॉक्यूमेंट्री से घबरा गई है। आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले ढाई साल में सब ने वह देखा जो पूरी दुनिया में कहीं नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के पास बड़ा बहुमत है। लेकिन, भाजपा ने एक छोटी पार्टी को कुचलने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि कुछ फिल्म निर्माताओं ने डॉक्यूमेंट्री मूवी बनाई है। इसमें यह दिखाया गया है कि आखिर वह क्या कारण थे, जिसकी वजह से आप को कुचलने की साजिश की गई। भारद्वाज ने कहा कि आखिर भाजपा में घबराहट हुई कि फिल्म की स्क्रीनिंग को रोकने के लिए पुलिस व सीआरपीएफ की पूरी बटालियन को भेजना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा पैसे, जूते, साड़ियां बांट रहे हैं। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

उजाला हाट

ALKA
HERBAL TOOTHPOWDER
Made from 23 Herbs
स्वस्थ मसूडे, मज़बूत दाँत
1. दाँत का दर्द
2. ठंडा-गर्म पानी लगना
3. मसूड़ों की सूजन
4. मसूड़ों में खून आना
5. मुँह की दुर्गन्ध
6. पायरिया में उपयोगी
सुबह-शाम रोजाना प्रयोग करें
दाँतो का दोस्त मसूडो का रखवाला
पैकिंग 25 ग्राम MRP 60/-
Dist.: Delhi: Poddar Ent.: 99102 11134, Noida: Pawan Agency: 98109 12730, Gzb: Praveen Agencies: 99114 44201, Bulandshahar: Vishamber Dayal Attar & Sons: 97197 79797, R.S. Trading Co.: 94126 10505 Ballabhgarh: Aggarwal Medical: 90156 22228, Helpline : 87002 36011
Available at all Leading Medical Stores & amazon

Rosemary Oil
रोज़मेरी ऑयल
DEV AYURVEDA
₹250.00
चेहरे एवं बालों की अच्छी सेहत के लिए
shop online amazon
Pure Essential Oil
For Trade Enquiry
Dev Medical 98182 03223 • Handa Agency (Sadar Bazar) 98182 49309
Jai Dayal Satish Chand, Ghaziabad : 9810061446

मनचाहा प्यार | प्रेम विवाह | वशीकरण | रूठों को मनाना
गृहक्लेश | बंदिश | सौतन / दुश्मन छुटकारा | मुठकरनी
शक्ति चमत्कार देखें अपनी आँखों से सूरज की किरणों व नाम फोटो के द्वारा 2 घंटे में घर बैठे फोन पर या मिलकर संपूर्ण समाधान
आस्था के विश्वास का एक ही नाम
26 सालों से एक ही स्थान तुरंत समाधान
गुरू अल्लाउद्दीन बंगाली
(तंत्र, मंत्र, यंत्र के सम्राट)
9811929378
एक बार अवश्य फोन करें गाजियाबाद

### आज के कार्यक्रम

**नाटक**
- **स्टीन ऑडिटोरियम :** शाम 7 बजे से मानव कौल की ओर से लिखित नाटक पार्क का मंचन।

**संगीत**
- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** सुबह 10:30 बजे से आईएचसी प्रातः राग संगीत प्रस्तुति होगी।

**कार्यशाला**
- **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** सुबह 11 बजे से बेहतर जीवन के लिए गीता के व्यावहारिक उपयोग पर कार्यशाला।

**प्रदर्शनी**
- **त्रिवेणी कला संगम :** श्रीधरनी गैलरी में सुबह 11 बजे से पिचाई पेंटिंग प्रदर्शनी लगेगी।

**आपकी आवाज**
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

# प्रेमिका ने किया नजरअंदाज तो घर में घुसकर की हत्या

## छत के रास्ते फरार आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने गुत्थी को सुलझाया

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के भारत नगर स्थित ओम विहार में एक युवक ने अपनी प्रेमिका की घर में घुसकर गला घोंटकर हत्या कर दी। पिछले करीब तीन माह से युवती अपने प्रेमी को नजरअंदाज कर रही थी। इस बेरुखी से हताश होकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

मृतका की शिनाख्त सानिया (23) के रूप में हुई। हत्या के बाद आरोपी ने इसे आत्महत्या का रंग देने का प्रयास किया। मृतका के गले में दुपट्टा बांधकर उसे पंखे से लटकाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। परिजनों ने पुलिस को आत्महत्या की ही सूचना दी थी। पुलिस ने पड़ताल की तो वारदात से पर्दा उठ गया। पुलिस ने आरोपी शाकिर (26) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद वह बाथरूम की खिड़की के जरिए छत पर पहुंचा और वहां से कूदकर फरार हो गया।

**पहले गला घोंटकर मारा, बाद में शव को दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकाने का किया प्रयास**

उत्तर-पश्चिम जिला के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि शुक्रवार दिन में एक पीसीआर कॉल आई थी। उसने बताया कि उसकी भतीजी ने फंदा लगा ली है। पुलिस पहुंची तो सानिया का शव फर्श पर रखा था। उसके गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था। इसके अलावा एक सिरा पंख से लटका हुआ था। शनिवार को पोस्टमार्टम करवाया गया जिसमें हत्या का पता चला।

### ऐसे हुआ खुलासा

छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि सानिया की पड़ोस में रहने वाले शाकिर से दोस्ती थी। पिछले कुछ दिनों से दोनों में अनबन भी चल रही थी। एक पड़ोसी ने बताया कि उसने शाकिर को सानिया के घर की छत से भागते हुए देखा। पुलिस की टीम शाकिर के घर पहुंची तो वह गायब मिला। इससे पुलिस का शक यकीन में बदल गया।

**पांच साल से थी दोस्ती :** दोनों में करीब पांच साल से दोस्ती थी, लेकिन सानिया तीन माह से शाकिर को नजरअंदाज कर रही थी। सानिया बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थी। वहीं आरोपी डिलीवरी बॉय का काम करता था। सानिया ने जब शाकिर को नजरअंदाज किया तो उससे यह बर्दाश्त नहीं हुआ और उसने इसकी हत्या कर दी।

## अपराध संक्षेप

### दो चोर दबोचे, 5 वाहन बरामद

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला वाहन चोरी निरोध शाखा ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार चोरी की मारुति ईको कार और एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप बरामद की है। बदमाशों की पहचान जीवन पार्क सिरसपुर निवासी विकास और अंशु के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वाहन चोरी निरोधक शाखा को 17 जनवरी को सूचना मिली कि कुछ वाहन चोर चोरी की कार को बेचने के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र में आने वाले हैं। पुलिस ने नरेला बवाना फ्लाईओवर के पास घेराबंदी कर दी। वहां दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से ईको कार बरामद की, जिसे बदमाशों ने स्वरूप नगर से चुराया था। बाद में अन्य वाहन बरामद किए। ब्यूरो

### नेपाली सेंधमार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वाहन चोरी निरोधक शाखा ने एक सेंधमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कंचनपुर नेपाल निवासी बीरेंद्र सऊद उर्फ विवेक कार्की के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक सोने-हीरे की अंगूठी, दो डेबिट कार्ड, एक सिम कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 1 जनवरी को सुभाष प्लेस इलाके में एक घर में चोरी की शिकायत मिली। पुलिस ने फुटेज में दिख रहे बदमाश की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

### फोन चोर गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी बरामद

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस थाना सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने एक शख्स से मोबाइल चुराने वाले बदमाश मोहम्मद रिजवान उल्ला को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से मोबाइल फोन के अलावा चोरी की गई एक स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस ने बदमाश की गिरफ्तारी से दो मामले सुलझाने का दावा किया है। ब्यूरो

# युवक की हत्या में मकान मालिक का फाइनेंसर बेटा गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अलीपुर के अकबरपुर माजरा गांव में राकेश (29) की हत्या मामले में पुलिस ने मकान मालिक के बेटे को शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गोविंद बल्लभ के रूप में हुई है। वह पेशे से फाइनेंसर है।

मृतक आरोपी का कारचालक था और लोन रिकवरी का काम करता था। दोनों के बीच पैसे के लेनदेन और उसकी मर्सिडीज कार गायब करने को लेकर विवाद था।

जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि राकेश आरोपी का लोन रिकवरी एजेंट था। वह बैंकों से लोन दिलाने में भी मदद करता था। गोविंद ने बताया कि राकेश ने 40 लाख रुपये लोन दिलाने के लिए उससे पांच लाख रुपये लिए थे और बाद में और पैसों की मांग कर रहा था। लोन लेने के लिए गोविंद ने अपनी मर्सिडीज कार राकेश को बेचने के लिए दी थी। लेकिन राकेश ने पैसे नहीं दिए और कार भी गायब कर दी। इस बात को लेकर उसका राकेश के साथ विवाद था। जिसके चलते उसने गोली मारकर हत्या कर दी।

**आरोपी गोविंद बोला-राकेश ने 5 लाख रुपये और मर्सिडीज लेकर वापस नहीं की**

### कनपटी में गोली मारकर तालाब में फेंका था शव

अलीपुर थाना पुलिस को 17 जनवरी को दोपहर में अकबरपुर माजरा गांव स्थित एक तालाब में युवक का शव मिलने की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को तालाब से निकाला। मृतक की शिनाख्त राकेश (29) के रूप में हुई, जो गांव में ही किराये पर रहता था। जांच में पता चला कि राकेश की कनपटी में गोली मारी गई थी। पास की एक इमारत की छत पर खून के धब्बे मिले। साक्ष्यों से पता चला कि गोली मारने के बाद शव तालाब में फेंका गया था।

# सीरियल किलर चंद्रकांत झा गिरफ्तार

## अपराध शाखा ने उम्रकैद की सजा काट रहे फरार हत्यारे को दबोचा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2006-2007 में एक के बाद एक कई युवकों की हत्या कर सनसनी फैलाने वाले सीरियल किलर (इंडियन प्रिडेटर) को अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चंद्रकात झा के रूप में हुई है। सात में से तीन हत्या के आरोप में उसे उम्र कैद की सजा हो गई थी।

वह जेल में सजा काटने के दौरान वर्ष 2023 में वह पैरोल लेकर फरार हो गया। लोकल पुलिस ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। बाद में उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया। इसकी गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस ने राहत की सांस ली है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त आयुक्त संजय कुमार सैन ने बताया कि चंद्रकांत झा के गायब होने के बाद अपराध शाखा की टीम ने इंस्पेक्टर सत्येंद्र मोहन के नेतृत्व में जांच शुरू की। छानबीन के बाद उसके हर ठिकाने पर छापेमारी की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरों के अलावा उसके परिवार, दोस्तों व रिश्तेदारों पर नजर रखी गई। करीब छह माह की लंबी पड़ताल के बाद टीम को एक मोबाइल नंबर से उसका लिंक मिला। उसके आधार पर टीम ने शुक्रवार को उसे पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से दबोच लिया। वह दिल्ली से बाहर भागने का प्रयास कर रहा था।

**गर्दन अलग करके कर देता था शव के कई टुकड़े, तिहाड़ के सामने फेंक देता था**

### एक वर्ष में कीं सात हत्याएं

आरोपी चंद्रकांत ने वर्ष 2006 से 2007 के बीच सात हत्याएं की। हत्या करने के बाद वह शरीर से सिर अलग कर शव के टुकड़े-टुकड़े कर देता था। शव के टुकड़ों को तिहाड़ जेल समेत दिल्ली के दूसरे इलाकों में ठिकाने लगाने के बाद पुलिस को फोन करता था। वह शव की जानकारी देने के अलावा उसके साथ एक पत्र भी छोड़ता था। उसमें वह पुलिस व बाकी एजेंसियों को पकड़ने की चुनौती देता था।

### नेट फ्लिक्स ने बनाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म

सीरियल हत्याकांड के बाद वर्ष 2007 में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बाद में तीन मामलों में उसे उम्र कैद की सजा हो गई। चंद्रकांत 1990 में दिल्ली आया था। उसने दो शादियां की हैं और उसकी पांच बेटियां हैं। चंद्रकांत झा इतना खतरनाक हत्यारा था कि उसकी जिंदगी पर नेट फ्लिक्स ने एक डॉक्यूमेंट्री बुचर ऑफ दिल्ली बना दी।

# युवक की हत्या के प्रयास में तीन नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी थाने की पुलिस ने शुक्रवार को तीन नाबालिगों को डीडीए फ्लैट्स से पकड़ा। तीनों पर फुटबॉल खेलने के विवाद में निखिल (25) की हत्या के प्रयास का आरोप है। एक नाबालिग पर निखिल को गोली मारने का आरोप है। उसके कब्जे से पुलिस ने पिस्टल और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस को मुकुंदपुर के रामलीला डीडीए पार्क में युवक को गोली मारे जाने की जानकारी मिली थी। पहुंचने पर पता चला कि घायल निखिल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चश्मदीद ने बताया कि निखिल कुछ लड़कों के साथ पार्क में फुटबॉल खेल रहा था। इनमें एक नाबालिग भी था। खेल के दौरान निखिल और नाबालिग के बीच कहासुनी हो गई। इससे नाराज होकर नाबालिग चला गया। कुछ देर बाद नाबालिग अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ वहां पहुंचा। सभी निखिल से मारपीट करने लगे। इसी दौरान नाबालिग के दोस्त ने निखिल को गोली मार दी। उसके बाद सभी वहां से भाग गए। ब्यूरो

# एटीएम की कैश ट्रे में टेप लगाकर करते थे हेराफेरी

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने एटीएम की कैश ट्रे में टेप लगाकर ठगी करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अंगौथा, मैनपुरी, यूपी निवासी अंकुश (28) और दिल्ली निवासी बिदनेश (41) के रूप में हुई है।

**गांधी नगर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा**

पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच हजार रुपये कैश, एक ब्रेजा कार, एटीएम में छेड़छाड़ करने वाले औजार व अन्य सामान बरामद किया है। आरोपी यूको और एक्सिस बैंक के एटीएम को को ही निशाना बनाते थे। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन लोगों ने कितनी वारदातों को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि गांधी नगर स्थित यूको बैंक के एटीएम में ठगी हुई थी। पीड़ित एटीएम में कैश निकालने गए। वहां कैश निकालने की प्रक्रिया के बाद कैश नहीं निकला, लेकिन खाते से रकम कट गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस को एक ब्रेजा गाड़ी का नंबर मिला। उसके आधार पर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों ने बताया कि वह मास्टर की से एटीएम का सामने वाला हिस्सा खोल लेते थे। कैश ट्रे में अंदर की ओर एक स्टील का टुकड़ा चिपका दिया जाता था। जैसे ही कोई कैश निकालने की प्रक्रिया करता था, कैश ट्रे से बाहर न निकलकर एटीएम के अलग हिस्से में गिर जाता था। ग्राहक के जाने के बाद आरोपी एटीएम का अगला हिस्सा खोलकर कैश निकाल लेते थे। ब्यूरो








# पिछली बार निर्दलीयों का रहा ऐसा हाल... नोटा से भी हार गए

## वर्ष 2020 के चुनाव में प्रत्याशी पसंद नहीं आने पर खूब दबा था नोटा का बटन

मोहम्मद बिलाल

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी में वर्ष-2020 के विधानसभा चुनाव में 148 निर्दलीय प्रत्याशियों पर नोटा भारी पड़ा था। इन प्रत्याशियों को कुल 35374 मत मिले थे। यह कुल मत प्रतिशत का 0.38 प्रतिशत था, जबकि नोटा को 43019 मत मिले थे जो कुल मत का 0.46 प्रतिशत था।

दरअसल, वर्ष 2009 में स्थानीय निकाय के चुनावों में पहली बार नोटा का उपयोग किया गया था। यह विकल्प देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना था। इसके बाद चुनाव आयोग ने वर्ष-2013 में विधानसभा चुनावों में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में नोटा का विकल्प दिया। चुनाव आयोग ने दिल्ली की जनता को यह अधिकार भी पहली बार वर्ष 2013 के चुनाव में दिया था। यह पहला मौका था जब दिल्ली समेत चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में नोटा का इस्तेमाल किया गया। उस समय दिल्ली के साथ छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में चुनाव हुए थे। इस चुनाव में 49884 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में कुल 35875 नागरिकों ने नोटा का इस्तेमाल किया था।

**विधानसभा चुनाव में नोटा**

| वर्ष | निर्दलीय प्रत्याशी | मत मिले | नोटा |
|---|---|---|---|
| 2013 | 222 | 49774 | 49884 |
| 2015 | 195 | 47627 | 35875 |
| 2020 | 148 | 35374 | 43019 |



### प्रत्याशियों के प्रति असंतुष्टि का प्रतीक है नोटा

चुनाव के दौरान मतदान करते वक्त अगर मतदाता को लगता है कि कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो मतदाता नोटा का बटन दबा सकता है। चुनाव आयोग के मुताबिक नोटा का इस्तेमाल जनता को यह अधिकार देता है कि वे किसी भी उम्मीदवार को वोट देने से इनकार कर सकते हैं। यह विकल्प उन्हें लोकतंत्र में अपनी असंतुष्टि व्यक्त करने का एक तरीका प्रदान करता है। हालांकि, परिणामों पर नोटा का सीधा असर नहीं होता, लेकिन यह संकेत देता है कि चुनावी प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है।

- **चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक नोटा के बढ़ते प्रभाव के बावजूद यह जरूरी है कि राजनीतिक दल इस पर गंभीरता से विचार करें। यदि नोटा का प्रतिशत अधिक बढ़ता है, तो यह उस क्षेत्र की राजनीति में एक नई दिशा को जन्म दे सकता है।**

# आप से लड़ रही भाजपा, नजर कांग्रेस पर

## भाजपा के रणनीतिकारों को 1993 के चुनाव जैसे परिणाम की उम्मीद, मिली थी सत्ता | कांग्रेस 2013 के पहले वाले दौर में खुद को ले जाने के लिए लगा रही जोर

योगेश तिवारी

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में भाजपा लड़ तो रही है आम आदमी पार्टी से, लेकिन उसकी नजर कांग्रेस पर है। पहला चुनाव होगा जिसमें भाजपा नेता यह चाह रहे हैं कि कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़े। भाजपा भले ही यह स्वीकार न करे, लेकिन अंदरखाने मान रही है कि कांग्रेस के अच्छा चुनाव लड़ने से आप को नुकसान होगा। इसका फायदा भाजपा अपने पक्ष में देख रही है।

मौजूदा समय में भाजपा के रणनीतिकार 1993 के चुनाव को देख रहे हैं। उस चुनाव में भाजपा का मुक़ाबला कांग्रेस से था, लेकिन वोटों का जो बंटवारा हुआ उससे भाजपा दिल्ली की सत्ता में पहुंची थी। वीपी सिंह की मंडल राजनीति का असर दिल्ली में दिखा था।

जनता दल ने दिल्ली में 12 प्रतिशत से ज़्यादा वोट हासिल किए थे। इसका असर यह हुआ था कि कांग्रेस का वोट प्रतिशत 35 रह गया और भाजपा 43 प्रतिशत वोट पाकर नंबर-1 पर पहुंची थी। इस बार भी भाजपा की ख्वाहिश है कि कांग्रेस इस चुनाव को मजबूती से लड़े जिससे उनकी राह आसान हो जाए।




सीपी के सेंट्रल पार्क में दिल्ली निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित आगाज-ए-वोटिंग कार्यक्रम में कव्वाली द्वारा मतदाताओं को जागरूक करते निजामी ब्रदर्स। अमर उजाला

भाजपा यह चुनाव दिल्ली के विकास, झूठ, फरेब, विलासिता के खिलाफ लड़ रही है। मुकाबला सीधे आप से है। लड़ कांग्रेस भी रही है, लेकिन वह लड़ाई से बाहर है। -**कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय मंत्री, प्रभारी दक्षिण दिल्ली।**

भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। वहीं आप अपना जनाधार खो चुकी है। कांग्रेस इन दोनों दलों से दूर दिल्ली के विकास के लिए अकेले चुनाव लड़ रही है। -**अनुज अत्री, प्रवक्ता, दिल्ली, कांग्रेस।**

### कांग्रेस का पिछले तीन चुनावों में गिरा मत फीसदी

दिल्ली विधानसभा के तीन चुनावों में कांग्रेस का मत प्रतिशत गिरा है। इसके पीछे कांग्रेस के कुछ नेता 2013 में आप से किए गए गठबंधन को कारण मानते हैं। 2013 में जब आम आदमी पार्टी उभरी तो उस चुनाव में कांग्रेस को 8 सीटें मिली थीं। मत प्रतिशत करीब 24.55 था। उसके बाद ही आप से गठबंधन हुआ और 2015 के चुनाव में कांग्रेस का मतप्रतिशत 9.7 रह गया था। यही नहीं सीट भी ज़ीरो हो गई थीं। वर्ष 2020 के चुनाव में फिर कांग्रेस का मत प्रतिशत गिरा और 4.26 प्रतिशत पर पहुंच गया। एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं हुई। इस तरह यह चुनाव कांग्रेस के लिए अहम है। इस बात को कांग्रेस आलाकमान भी समझ रहा है। शायद यही वजह है कि लोकसभा चुनाव में हुए इंडिया गठबंधन की परवाह किए बगैर अकेले कांग्रेस चुनावी मैदान में है। केजरीवाल के सामने संदीप दीक्षित, आतिशी के सामने अलका लांबा को उतार कर यह संदेश कांग्रेस ने दिया है कि आप को लेकर दिल्ली में कोई सॉफ्ट कॉर्नर नहीं है।

### भाजपा का बढ़ा है मत प्रतिशत लेकिन आप के बराबर नहीं

- दिल्ली में 2013 की तुलना में 2020 में भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा, लेकिन सीटें 28 से घटकर 8 पर पहुंच गईं। **इसका कारण आम आदमी पार्टी का मत प्रतिशत बीजेपी की तुलना में तेज़ी से बढ़ना रहा है।**
- भाजपा को 2013 में दिल्ली में 33.07 प्रतिशत के क़रीब वोट मिले थे। 2015 में 32 तो 2020 में भाजपा को 38.51 प्रतिशत वोट मिले।
- आप के मत प्रतिशत को देखें तो 2013 में 29 प्रतिशत के करीब था जो 2015 में बढ़कर 54 प्रतिशत पहुंचा फिर 2020 में यह 53.7 प्रतिशत रहा।

# पीआर एजेंसियां सक्रिय, सभा से लेकर बूथ प्रबंधन तक का ऑफर

नितिन राजपूत

**नई दिल्ली।** चुनावी हलचल के बीच पब्लिक रिलेशन (पीआर) एजेंसियां सक्रिय है। इनके पास 50 लाख के पैकेज में वीडियो, नुक्कड़ सभा और बूथ एजेंटों को तैनात करने समेत अन्य कामों का जिम्मा का ऑफर है।

यही नहीं, प्रतिद्वंदी पार्टी को करारा जवाब देने, सोशल मीडिया पर वीडियो वार चलाने, सर्वे और प्रत्याशी की छवि लोगों में बनाने, ऑडियो स्पीच और स्लोगन तैयार करने समेत अन्य काम के अलग-अलग रेट पैकेज में शामिल हैं। जिम्मेदारी संभालने वाली टीमों में आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों से पासआउट युवा भी हैं।

मतदाताओं तक पहुंचने के लिए राजनीतिक दल जमीन से लेकर सोशल मीडिया में चर्चाएं बटोरने के प्रयास में हैं। इसके लिए भाजपा, आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस तीनों के वाररुम में भी कई युवा 24 घंटे जुटे रहते हैं। पीआर एजेंसियों के अनुसार, अगर कोई नेता पैकेज में मौजूद कुछ ही सुविधाएं लेना चाहता है तो उसकी कीमत भी वही है, जो पैकेज में शामिल है।पीआर एजेंसी चलाने वाले विवेक कुमार ने बताया कि आमतौर पर चुनाव के पैकेज करीब 60 से 70 दिन के लिए होते हैं, लेकिन अब रुझान भी बदला है।

उम्मीदवारों का नाम देर से तय होने के कारण निचले स्तर पर नेताओं से डील कम हो पाती है। जबकि पार्टी स्तर पर काफी फायदा होता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव 2020 की तुलना अगर वर्तमान चुनाव से करें तो, पीआर एजेंसियों के पैकेज करीब 25 फीसदी महंगे हुए हैं।

**50** लाख के पैकेज में वीडियो नुक्कड़ सभा और बूथ एजेंटों को तैनात करने समेत अन्य कामों का जिम्मा उठा रहीं ये एजेंसियां

### सोशल मीडिया पर पकड़ और बूथ एजेंट के एजेंडा पर खेल रहीं एजेंसियां

एक कंपनी के एक्जीक्यूटिव ने बताया कि नेता या उम्मीदवारों को पैकेज में कई सुविधाएं मिलेगा। इसमें 18 लाख सोशल मीडिया, चार लाख रचनात्मक विज्ञापन, 8 लाख सर्वे व प्रत्याशी की छवि बनाने, चार हजार रुपये नुक्कड़ सभा के लिए, 8 लाख रुपये में ऑडियो स्पीच स्लोगन और 10 लाख रुपये लाइव फोरम व डिबेट मिलेगा।



- इस पैकेज में 50 नुक्कड़ सभाओं से बना विशेष ऑफर भी शामिल है। यही नहीं, ऑफर पैकेज में बूथ एजेंट की सुविधा मिल रही है।
- **मतदान से दो दिन पहले तक टीमें नेता के प्रचार पर पूरा ध्यान रखेंगी। इसके बाद मतदान के दिन बूथ एजेंट को लेकर भी पूरी जिम्मेदारी संभालेंगी।**

## सियासी किस्से

### जब भाजपा का दांव पड़ गया था उल्टा

2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत ने शीला दीक्षित को भारत की ऐसी पहली महिला मुख्यमंत्री बना दिया था, जिनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार चुनाव जीते गए हों। कांग्रेस एक ही मुद्दे को लेकर चल रही थी, जो विकास का था। जनता को उनकी सरकार का काम भी दिखाई दे रहा था। उनके सामने फ्लाईओवर, मेट्रो और सड़कों का जाल आ चुका था। अन्य योजनाएं भी तेजी से आ रहीं थीं। इसी मुद्दे को कांग्रेस ने बड़ी ही सूझबूझ से भुनाया और सियासी मैदान में कूद पड़ी। उस दौरान (चुनाव से तीन दिन पहले) 26 नवंबर को मुंबई में आतंकी हमला हो गया। भाजपा ने सियासी दांव खेलकर सारा दोष कांग्रेस सरकार पर थोप दिया, लेकिन भाजपा का यह दांव उल्टा पड़ गया। 29 नवंबर को चुनाव हुए और जब नतीजे आए तो भाजपा चौंक गई। कांग्रेस ने 69 में से 43 सीटें जीतीं और तीसरी बार सत्ता में आ गई। भाजपा को महज 23 सीटें मिलीं।

## सोशल मीडिया से...

### लंदन वाली दिल्ली

सोशल मीडिया पर शनिवार को लंदन वाली दिल्ली की-वर्ड के साथ पोस्ट वायरल हुए। कुछ में आम आदमी पार्टी, तो कुछ में भाजपा व कांग्रेस को भी लपेटे में लिया गया। एक यूजर ने अपने पोस्ट में यमुना का झाग और बर्फ से ढका हुए लंदन की फोटो लगाकर तंज कसते हुए लिखा कि दिल्ली आखिरकार लंदन बन ही गई। दूसरे यूजर ने लिखा कि लंदन में लोगों को मुफ्त में चावल, बस सेवाएं और बिजली नहीं मिलती है। हम मौजूदा दिल्ली से खुश हैं, हमें लंदन नहीं चाहिए। वहीं, एक अन्य यूजर ने डॉलर की कीमत 86.58 रुपये दिखाते हुए लिखा, ये पोस्ट काफी है या कुछ और भी बोलूं। इस तरह लोगों की तरह-तरह की सोचने पर मजबूर कर देने वाली प्रतिक्रियाएं दिन भर घूमती रहीं।

## चुनावी हलचल

### आप के कई नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नई दिल्ली।** आप के कई नेताओं ने शनिवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस नेता आदर्श शास्त्री ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में 2017 निगम चुनावों में आप प्रत्याशी व महिला विंग की सह सचिव माधुरी वर्षाणें, नजफगढ़ जिला अध्यक्ष शालिनी भारद्वाज, नजफगढ़ जिला महिला लेबर विंग अध्यक्ष शशि त्यागी, महिला विंग द्वारका विधानसभा अध्यक्ष अनीता यादव समेत कई नेता शामिल हुए इस मौके पर आदर्श शास्त्री ने कहा कि केजरीवाल का भ्रम लोगों में टूट रहा है। आप से जुड़े लोग कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस में आ रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, लीगल एवं मानव अधिकार विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार मौजूद थे। ब्यूरो

### आप में शामिल हुए कांग्रेस और भाजपा के कई नेता




**नई दिल्ली।** आप में शनिवार को कांग्रेस और भाजपा के कई नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री आतिशी ने पटका पहनाकर इन्हें पार्टी में शामिल कराया।पार्टी में शामिल होने वालों में कांग्रेस की पूर्व निगम पार्षद प्रत्याशी ममता वर्मा, बनवारी लाल उपाध्याय व मोहम्मद इकराम, भाजपा से निगम की प्रत्याशी रहीं भूमिका सिंह सहित अन्य नेता पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित होकर अन्य पार्टी के नेता आप में शामिल हो रहे हैं। इन नेताओं के पार्टी में आने से आप को फायदा होगा। यह सभी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। ब्यूरो

### दुर्गेश पाठक ने पेश किया अपना रिपोर्ट कार्ड

**नई दिल्ली।** राजेंद्र नगर के विधायक दुर्गेश पाठक ने शनिवार को दो साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि दो साल पहले राजेंद्र नगर विधानसभा में उपचुनाव हुए। लोगों ने विधायक बनाया। इन दो वर्षों में जितने काम किए हैं, उसकी पूरी जानकारी के साथ 50-60 पेजों की किताब निकाली है। इस दौरान हमारे पास 27,336 शिकायतें आईं और 25,302 शिकायतों का समाधान किया। करीब 93-94 प्रतिशत से ऊपर शिकायतें हल की गईं। विधानसभा में पीडब्ल्यूडी की सारी सड़कें पूरी तरह से बन चुकी हैं। दो साल में 632 नई सड़कों का निर्माण हुआ है। पांच हजार नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसी तरह दूसरे काम भी हुए हैं। ब्यूरो

# प्रदेश भाजपा ने 8वें वेतन आयोग का किया स्वागत

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने केंद्र सरकार के 8वें वेतन आयोग के गठन का स्वागत किया है। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक सरकारी कर्मचारी रहते हैं। लिहाजा, इसका असर मतदान में दिख सकता है। मतदान का दिन इस बार छुट्टी के दिन नहीं है, इसलिए वोट प्रतिशत भी बढ़ेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाएं जनता तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 8वें वेतन आयोग की स्थापना के बाद सरकारी कर्मचारियों में हर्ष है। सरकारी कर्मचारी प्रतिनिधियों ने इसके लिए आभार प्रकट किया है। काली बाड़ी से किदवई नगर तक सरकारी कर्मी प्रसन्न हैं। उनका यह कहना है कि केंद्र सरकार ने समय पर ध्यान दिया है।

उन्होंने कहा कि इस आठवें वेतन आयोग के गठन का लाभ सरकारी कर्मचारियों को होगा। साथ ही, पेंशन भोगियों को भी मिलेगा। वेतन आयोग का सीधा लाभ सरकारी कर्मियों को होगा। न्यूनतम वेतन भी न्यायसंगत बढ़ सकता है।

**बांसुरी स्वराज ने कहा- काली बाड़ी से किदवई नगर तक सरकारी कर्मी संतुष्ट**

### सत्येंद्र को मिला 40 लाख रुपये का चंदा

**नई दिल्ली।** पूर्व मंत्री व शकूर बस्ती से आप के उम्मीदवार सत्येंद्र जैन को चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये का चंदा मिला है। शनिवार को सांसद संजय सिंह ने कहा कि आप पर जनता का विश्वास कायम है। पार्टी जनता से मिले चंदे के पैसों से चुनाव लड़ती है। चुनाव जीतकर जनता के लिए काम करती है, लेकिन जो लोग बड़े-बड़े पूंजीपतियों से चंदा लेकर चुनाव लड़ते हैं, वे चुनाव जीतने के बाद उन्हीं के लिए काम करते हैं। वहीं, सत्येंद्र जैन ने कहा कि 14 जनवरी की शाम को इस चंदे के लिए अभियान शुरू किया था। देशभर से 1105 लोगों ने उन्हें चंदा दिया है। ऐसे काफी लोग थे जिन्होंने 10-10 रुपये भी दिए हैं। ब्यूरो

# 1993 में थी भाजपा की बहुमत सरकार 1998-2008 रहा कांग्रेस का स्वर्णिम दौर

## 2013 त्रिशंकु रही विधानसभा, 2015 के बाद लौटा पूर्ण बहुमत का सिलसिला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बीते तीन दशकों में दिल्ली की राजनीतिक में बदलाव देखने को मिला। वर्ष 1993 में विधानसभा चुनावों की शुरुआत के बाद अधिकांश बार दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। लेकिन अन्ना आंदोलन के बाद बनी आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव में आने से 2013 का चुनाव अपवाद साबित हुआ था। उस समय किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। इसे छोड़ दें तो हर चुनाव में दिल्ली की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया।

हर चुनाव में पूर्ण बहुमत देना यह दर्शाता है कि राजधानी की जनता स्थिर सरकार चाहती है। आंकड़ों पर गौर करें तो 1993 में भाजपा और 1998 से 2008 तक कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार रही। 2015 और 2020 में आप ने दिल्ली की सियासत में एकछत्र राज किया। 1993 से 2008 के बीच हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर होती थी। 1993 में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 49 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। कांग्रेस को 14 सीटें मिलीं, जबकि अन्य दल और निर्दलीय सात सीटों पर काबिज हुए। 1998 से 2008 तक का समय कांग्रेस के लिए स्वर्णिम युग था।

1998 के चुनावों में कांग्रेस ने 52 सीटें जीतकर भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया। भाजपा केवल 17 सीटों पर सिमट गई। 2003 के चुनाव में कांग्रेस ने 47 सीटों पर जीत हासिल की और लगातार दूसरी बार शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। 2008 में कांग्रेस ने 43 सीटें जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी।

### भाजपा ने जीतीं थीं 31 सीटें

2013 में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की अगुआई में आप ने पहली बार चुनाव लड़ा और 28 सीटें जीतकर धमाकेदार एंट्री की थी। भाजपा 31 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल तो रहा, लेकिन बहुमत से दूर। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और शिरोमणि अकाली दल (एसएडी), निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। कांग्रेस मात्र आठ सीटों पर सिमट गई थी। इस त्रिशंकु स्थिति में आप ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई थी, लेकिन यह केवल 49 दिन ही चल पाई थी।

**2015 के चुनाव में आप की ऐतिहासिक जीत :** 2015 के चुनावों में आप ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 70 में से 67 सीटें जीत लीं। भाजपा को केवल तीन सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। इसी तरह 2020 में हुए विधानसभा चुनावों में एक बार फिर आप ने अपना दबदबा कायम रखा। पार्टी ने 62 सीटें जीतकर भाजपा और कांग्रेस को करारी शिकस्त दी। भाजपा केवल आठ सीटों पर सिमट गई, जबकि 15 सालों तक दिल्ली की सत्ता में रही कांग्रेस का प्रदर्शन लगातार दूसरी बार शून्य रहा।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव में वर्ष वार मिली सीटों का आंकड़ा**

| वर्ष | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1993 | 49 | 14 | 0 | 7 |
| 1998 | 17 | 52 | 0 | 1 |
| 2003 | 20 | 47 | 0 | 3 |
| 2008 | 23 | 43 | 0 | 4 |
| 2013 | 31 | 8 | 28 | 2 |
| 2015 | 3 | 0 | 67 | 0 |
| 2020 | 8 | 0 | 62 | 0 |

## मेरा वोट मेरा मुद्दा



पहली बार वोट डालना है, इसलिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। कॉलेज में भी प्रोफेसर और दोस्तों के साथ चुनाव पर चर्चा होती है। इससे बहुत कुछ सीखने को ही मिलता है। मेरा वोट उसी को जाएगा जो अच्छी शिक्षा नीति पर काम करेगा। -**रिचा गुप्ता**



लोगों को बेहतर स्कूल, अस्पताल और सस्ती बिजली मिलनी चाहिए। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करना भी अहम है। उसी को वोट दूंगा जो विकास के मुद्दों पर काम करेगा और सभी वर्गों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करे। - **विनोद कश्यप**

## फ्लैश बैक

### चुनावों में बहुत कुछ बदल गया



पहले के चुनाव में साधन सीमित थे, न तकनीक थी, न प्रचार का इतना शोर। उम्मीदवार घर-घर जाकर जनसंपर्क करते थे। आज के चुनावों में बहुत कुछ बदल गया है। तकनीक ने प्रचार को हाईटेक बना दिया है, सोशल मीडिया का बड़ा असर है। -**मुंशीराम**

**अनदेखी** | वाटर ट्रीटमेंट प्लांट होने के बावजूद घोंडा गांव में पानी की समस्या से लोग परेशान

# पहले चलती थीं डीटीसी बसें, अब कार लेकर निकलना भी मुश्किल

शुजात आलम

**नई दिल्ली।** 'एक समय ऐसा था जब घोंडा चौक पर डीटीसी बसें चलती थीं, लेकिन आज यहां से कार लेकर निकलना भी बेहद मुश्किल है। सड़क की दोनों तरफ अतिक्रमण होने से घोंडा चौक पर सुबह से लेकर रात तक जाम लगा रहता है। रात होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते हैं।' शनिवार को अमर उजाला की टीम घोंडा गांव पहुंची तो लोगों ने ये दर्द बयां किया। संवाददाता ने चुनावी मुद्दों को टटोलने की कोशिश की तो गांव के लोग खासे नाराज दिखे।

लोगों ने कहा कि तीनों ही बड़ी पार्टियों के नेता यहां विधायक रहे, लेकिन किसी ने भी गांव के लिए कुछ खास नहीं किया। घोंडा में 8-10 साल से लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। पास में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट होने के बावजूद पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। पानी आता भी है तो बदबूदार होता है। रात होते ही इलाके में नशेड़ी और बदमाश सक्रिय हो जाते हैं। इससे अकेली महिलाओं का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। झपटमारी की समस्या भी यहां खूब है। घोंडा गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार है। साफ-सफाई और सड़कों की हालत खराब है। जो भी नेता समस्याओं का समाधान करने की बात करेगा, हमारा वोट उसे ही जाएगा।



घोंडा विधानसभा।

घोंडा की ग्राउंड रिपोर्ट देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

### पुराने गांवों में होती है गिनती

राजधानी के पुराने गांवों में घोंडा गावं की गिनती होती है। इसी गांव के नाम पर विधानसभा बनी। इस विधानसभा में घोंडा गांव, यमुना विहार, भजनपुरा, गामड़ी गांव, पुराना उस्मानपुर गांव के अलावा कई दूसरे इलाके शामिल हैं। घोंडा गांव से ही विधायक तय होता है। गांव में अलग-अलग बिरादरियों के मोहल्ले हैं।

### पांचवीं बार जीत की फिराक में भाजपा

इस सीट पर तीनों प्रमुख दलों को कभी न कभी जीत मिली है। 1993 में भाजपा के लाल बहादुर तिवारी ने पहली बार जीत हासिल की। 1998 और 2003 में कांग्रेस के भीष्म शर्मा दो बार लगातार जीते। वर्ष 2008 में भाजपा के साहिब सिंह चौहान ने कांग्रेस को हराकर जीत दर्ज की। वर्ष 2013 में आप की लहर होने के बावजूद भाजपा ने सीट बचाई। 2015 में आप के श्रीदत्त शर्मा ने भाजपा के साहिब सिंह चौहान को हराकर सीट पर अपना कब्जा कर लिया।

- वर्ष 2020 में भाजपा ने वापसी करते हुए अजय महावर के नेतृत्व में श्रीदत्त शर्मा को हरा दिया। इस बार आप से गौरव शर्मा, कांग्रेस से भीष्म शर्मा और भाजपा से अजय महावर चुनावी मैदान में हैं।






गंदे पानी की समस्या गंभीर स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संकट है। यह जलजनित बीमारियों को बढ़ावा देती है। अपशिष्ट प्रबंधन, जल शोधन तकनीक और सामुदायिक जागरूकता से इस समस्या का समाधान संभव है। स्वच्छ जल हर व्यक्ति का अधिकार है। -**अनिल मस्ताना**



सड़कों की जर्जर स्थिति और सफाई की कमी बड़ी समस्या है। नियमित मरम्मत, कचरा प्रबंधन व सामुदायिक भागीदारी से सड़कों को सुधारना और स्वच्छ रखना संभव है। बेहतर बुनियादी ढांचा स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव है। - **देशराज प्रेमी**



अगर पुलिस गश्त बढ़ाए तो अपराध कम होंगे। सीसीटीवी कैमरे और सही निगरानी से मदद मिल सकती है। लोग भी सतर्क रहें और पुलिस का साथ दें। मिलकर काम करेंगे तो समाज सुरक्षित और खुशहाल बनेगा। - **धर्मवीर सिंह**




# सीटीईटी : उम्मीदवार ओएमआर के साथ गणना शीट भी ले सकेंगे

## दिसंबर 2024 में हुई परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को दोनों शीट देने का निर्णय लिया

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में भाग लेने वाले उम्मीदवार ओएमआर शीट के साथ गणना शीट ले सकेंगे।

सीबीएसई ने दिसंबर 2024 में हुई सीटीईटी परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ओएमआर शीट के साथ गणना शीट देने का फैसला किया है। जो उम्मीदवार यह प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें 500 रुपये शुल्क के साथ 16 फरवरी तक आवेदन करना होगा। इस तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। बोर्ड के अनुसार, जिन उम्मीदवारों ने पहले ही आरटीआई अधिनियम 2005 के तहत या अन्यथा आवेदन कर दिया है, वह पांच रुपये के आवश्यक शुल्क के साथ नए सिरे से निर्धारित तिथि से पहले आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की ओर से निर्धारित शुल्क सीबीएसई के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा।



आवेदन शुल्क के रूप में 500 रुपये का करना होगा भुगतान

उम्मीदवारों को आवेदन में अपना रोल नंबर, नाम और पता सही ढंग से भरना होगा। इसके साथ ही बैंक ड्राफ्ट के पीछे रोल नंबर, और नाम का उल्लेख करना जरूरी है। ओएमआर शीट की प्रति के साथ गणना शीट उम्मीदवार को केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजी जाएगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में 16 फरवरी के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। ओएमआर शीट की प्रति के साथ गणना शीट किसी भी संस्थान या स्कूल को प्रदर्शन, व्यावसायिक उद्देश्य या प्रिंट मीडिया के लिए प्रदान नहीं की जाएगी। उम्मीदवार के नाम से किसी और द्वारा जमा किया गया आवेदन और अधूरा आवेदन बिना किसी संदर्भ के खारिज कर दिया जाएगा। मालूम हो कि सीबीएसई की ओर से सीटीईटी परीक्षा का आयोजन 14 व 15 दिसंबर 2024 को किया गया था। इसके नतीजे 9 जनवरी को घोषित किए गए थे।

## नेट का रिजल्ट आने पर पीएचडी में दाखिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत विभिन्न प्रोग्रामों में पीएचडी दाखिले का दूसरा चरण यूजीसी नेट का रिजल्ट जारी होने पर शुरू किया जाएगा। दरअसल अभी नौ प्रोग्राम के लिए यूजीसी नेट की परीक्षा 21 जनवरी व आठ प्रोग्राम की परीक्षा 27 जनवरी को होगी। परीक्षाएं संपन्न होने के कुछ दिन बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा। डीयू ने पीएचडी दाखिले के दूसरे चरण की तैयारी पूरी की हुई है। वहीं, पीएचडी प्रवेश में पिछले दौर के प्रवेश की तुलना में 20-25 फीसदी सीटों की बढ़ोतरी होगी।

डीयू दाखिला प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी के अनुसार अभी शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत पीएचडी में दाखिले का पहला चरण जारी है, इसे नवंबर में शुरू किया गया था। विभिन्न विभाग चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी करने लगे हैं और काउंसलिंग के शेड्यूल जारी किए जा रहे हैं। अब चालू सत्र में ही दूसरी बार दाखिले की तैयारी को पूरा कर लिया गया है। अभी हम यूजीसी नेट परीक्षा संपन्न होने और रिजल्ट जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही रिजल्ट जारी हो जाएगा उसके बाद पीएचडी के दूसरे सत्र के दाखिलों की प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। ब्यूरो

## बारहवीं के छात्रों के आंतरिक ग्रेड सही भरें स्कूल

### सीबीएसई ने दिए निर्देश, अंक अपलोड होने के बाद नहीं होगा सुधार

©The New York Times 2025


## जानना जरूरी है
संस्कृति के पन्नों से




आशुतोष गर्ग
लेखक एवं अनुवादक


*ब्रह्मवैवर्त पुराण* के अनुसार, लक्ष्मी, सरस्वती व गंगा श्रीहरि की भार्या हैं। सरस्वती को संदेह हुआ कि श्रीहरि गंगा से अधिक प्रेम करते हैं। तीनों में इसको लेकर बहस हो गई, जिसमें उन्होंने एक-दूसरे को शाप दे दिया।

# गंगा-सरस्वती-लक्ष्मी का एक-दूजे को शाप



*ब्रह्मवैवर्त पुराण* के अनुसार, लक्ष्मी, सरस्वती और गंगा, ये तीनों श्रीहरि की भार्या हैं। एक बार सरस्वती को संदेह हो गया कि श्रीहरि गंगा से अधिक प्रेम करते हैं, तो पहले उन्होंने श्रीहरि को कड़े शब्द कहे और फिर गंगा के साथ कठोर बर्ताव करने लगीं। यह देखकर लक्ष्मी ने उनको रोक दिया। इस पर सरस्वती ने लक्ष्मी को शाप दे दिया, 'तुम वृक्षरूपा और नदीरूपा हो जाओगी।' शाप सुनकर भी लक्ष्मी के मन में सरस्वती के लिए क्रोध उत्पन्न नहीं हुआ।

धूप आने दो

परंतु गंगा से यह देखा नहीं गया। उन्होंने पलटकर सरस्वती को शाप दे दिया, 'तुम भी नदीरूपा होकर मर्त्यलोक में चली जाओ, जहां पापी लोग निवास करते हैं।' गंगा का शाप सुनकर सरस्वती को गंगा पर क्रोध आ गया और उन्होंने गंगा को भी शाप दे दिया, 'तुम्हें भी धरातल पर जाकर पापियों के पाप को अंगीकार करना पड़ेगा।' इसी बीच श्रीहरि वहां आ गए। वह लक्ष्मी से बोले, 'शुभे! तुम राजा धर्मध्वज के घर पधारो। परंतु किसी की योनि से उत्पन्न न होकर तुम स्वयं भूमंडल पर प्रकट होना। वहीं तुम वृक्षरूप में निवास करोगी। फिर 'शंखचूड' नामक एक असुर मेरे अंश से उत्पन्न होगा, तुम्हें उसकी पत्नी बनना है। भारतवर्ष में त्रिलोकपावनी 'तुलसी' के नाम से तुम्हारी प्रसिद्धि होगी। लेकिन अभी तुम्हें शाप के कारण भारत में 'पद्मावती' नदी बनकर उतरना है।'

इसके बाद श्रीहरि ने गंगा से कहा, 'तुम्हें सरस्वती के शापवश विश्वपावनी नदी बनकर भारतवर्ष में जाना है। भगीरथ की तपस्या से तुम्हें वहां जाना पड़ेगा और लोग तुम्हें भागीरथी कहेंगे। समुद्र मेरा अंश है। तुम उसकी पत्नी होना स्वीकार कर लेना।' फिर श्रीहरि बोले, 'सरस्वती, अपने पूर्ण अंश से ब्रह्मलोक जाकर उनकी कामिनी बनेंगी, गंगा अपने पूर्ण अंश से शिवलोक जाएंगी और लक्ष्मी अपने पूर्ण अंश से मेरे पास रहेंगी।' यह कहकर भगवान श्रीहरि चुप हो गए।

● **इसके बाद गंगा, लक्ष्मी और सरस्वती, तीनों देवियां एक-दूसरे का आलिंगन करके रोने लगीं। फिर उन्होंने श्रीहरि से अपने-अपने शाप को दूर करने का उपाय और प्रायश्चित के विषय में पूछा।**

श्रीहरि भक्तों पर अनुग्रह करने वाले हैं। तीनों देवियों की प्रार्थना सुनकर विष्णु बोले, सरस्वती, कला के एक अंश से नदी बनकर भारतवर्ष में जाएं, आधे अंश से ब्रह्मा के भवन पर पधारें तथा पूर्ण अंश से मेरे पास रहें। ऐसे ही गंगा भगीरथ के प्रयास से अपने कलांश से भारतवर्ष में जाएं और स्वयं पूर्ण अंश से मेरे पास रहें। वहां इन्हें शंकर के मस्तक पर रहने का दुर्लभ अवसर भी प्राप्त होगा। लक्ष्मी, अपनी कला के अंश से भारतवर्ष में जाएं तथा 'पद्मावती' नदी और 'तुलसी' वृक्ष के रूप में विराजमान हों। कलि के पांच हजार वर्ष पूर्ण हो जाने पर तुम तीनों देवियों का उद्धार हो जाएगा और तुम मेरे भवन पर लौट आओगी। अब मैं तुम्हारी शुद्धि का उपाय बताता हूं। मेरे मंत्रों की उपासना करने वाले बहुत-से संत तुम्हारे जल में स्नान करने के लिए आएंगे। उस समय तुम उनके दर्शन और स्पर्श प्राप्त करके सब पापों से छुटकारा पा जाओगी।'

लक्ष्मी ने कहा, 'प्रभो! आप उन भक्तों के लक्षण बतलाइए, जिनके स्पर्श से अहंकारी, धूर्त, शठ एवं अधम मनुष्य भी पवित्र हो जाते हैं; जिनके चरणों की धूलि से पृथ्वी का कल्मष दूर होता है, क्योंकि विष्णु भक्त पुरुषों का समागम संपूर्ण प्राणियों के लिए लाभदायक है।'

श्रीहरि बोले, 'भक्तों के लक्षण श्रुति एवं पुराणों में छिपे हैं। इनमें पापों का नाश करने, सुख देने तथा मुक्ति प्रदान करने की शक्ति है। जिसे सद्गुरु से विष्णुमंत्र प्राप्त है, वह मुक्ति का अधिकारी हो जाता है। मेरा गुणगान सुनने से शरीर पुलकित हो उठता और वाणी गदगद हो जाती है और व्यक्ति अपनी सुध-बुध खो बैठता है। मेरी सेवा में नियुक्त रहने के कारण सुख, मुक्ति, अथवा अमरत्व-कुछ भी पाने की अभिलाषा शेष नहीं रह जाती। मनु, इंद्र एवं ब्रह्मा की उपाधि तथा स्वर्ग का राज्य-ये सभी परम दुर्लभ हैं, किंतु मेरा भक्त स्वप्न में भी इनकी इच्छा नहीं करता। ऐसे बहुत-से भक्त भारतवर्ष में निवास करते हैं। उनके दर्शन और स्पर्श से आपको इन शापों से मुक्ति मिल जाएगी।' श्रीहरि के वचन सुनकर तीनों देवियां प्रसन्न हुईं और अपने-अपने शाप को भोगने के लिए निकल पड़ीं।

## अध्ययन कक्ष




रीगन
हिज लाइफ एंड लीजेंड

लेखक : मैक्स बूट
प्रकाशक : लिवरराइट
मूल्य : 3,648 रुपये
(किंडल संस्करण)

# अमेरिका की राजनीति को यू-टर्न देने वाले दिग्गज की दास्तां

पिछले वर्ष लिखी गई सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों की सूची में शुमार होने वाली अमेरिका के चालीसवें राष्ट्रपति की जीवनी बताती है कि अमेरिकी राजनीति में दक्षिणपंथी स्पीडब्रेकर तो कई आए, लेकिन दक्षिणपंथी यू-टर्न लाने वाले रोनाल्ड रीगन ही थे, जिनसे उदारवादियों को उतनी ही कोफ्त महसूस होती थी, जितनी कि आज उन्हें ट्रंप से होती है।

प्रतिष्ठित राजनीतिक स्तंभकार मैक्स बूट ने बेहद स्मरणीय एवं प्रभावी जीवनी में रोनाल्ड रीगन की अनकही दास्तां को उजागर किया है, तथा मिथक के पीछे छिपे व्यक्ति को सामने लाया है। अमेरिका के चालीसवें राष्ट्रपति के सौ से अधिक सहयोगियों, मित्रों और परिजनों के साक्षात्कारों के साथ-साथ हजारों दस्तावेजों के आधार पर, बूट ने रोनाल्ड रीगन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ जीवनी पेश की है।

मैक्स बूट द्वारा लिखी रीगन की यह जीवनी हमें याद दिलाती है कि उदारवादी कभी अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति से उतनी ही नफरत करते थे, जितनी आज वे ट्रंप से करते हैं। रीगन के आलोचकों ने उन्हें सामाजिक कार्यक्रमों में कटौती करने के लिए क्रूर और निर्दयी कहा, बढ़ते घाटे का मजाक उड़ाया, फिर भी कई इतिहासकारों ने उन्हें महत्वपूर्ण और प्रभावी, दोनों माना है। एडमंड मॉरिस जैसे उनके जीवनीकारों ने उनके जीवन की कहानी बनाते वक्त कुछ कल्पनाओं का भी सहारा लिया है, जिसकी समीक्षकों ने कड़ी आलोचना भी की। लेकिन बूट ने अपने गहन शोध, सुस्पष्ट गद्य और विषय के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक संदर्भ पर पकड़ के साथ उन विरोधाभासों को उजागर किया, जो रीगन को परिभाषित करते हैं। इस कहानी की शुरुआत सितारों से भरे हॉलीवुड में नहीं, बल्कि मिडवेस्ट के उद्गम स्थल इलिनोइस के छोटे से शहर में होती है, जहां 1911 में रीगन का जन्म नेल क्लाइड विल्सन और जैक रीगन के घर हुआ था।

अमेरिकी इतिहास के संदर्भ में रीगन के जीवन को संदर्भित करते हुए बूट ने उस दुनिया को फिर से रचा है, जिसमें रीगन उम्र की सीढ़ियां चढ़ते हुए वाकई 'रीगन' बने। किताब बताती है, 1966 में कैलिफोर्निया के गवर्नर के रूप में रीगन की छलांग लगभग पूर्वनिर्धारित थी, जिसमें रीगन एक पीढ़ीगत बदलाव के दौर से गुजर रहे राष्ट्र के लिए अग्रदूत बन गए। लेकिन अमेरिका में 1980 के राष्ट्रपति चुनाव ने जो बदलाव पेश किए, वे आज तक जारी हैं। बूट एक इतिहासकार के रूप में लिखते हैं कि रीगन एक विचारक तो थे ही, व्यावहारिक व्यक्ति भी थे, जिन्होंने गवर्नर के रूप में गर्भपात और बंदूक नियंत्रण विधेयक पर हस्ताक्षर किए, सैक्रामेंटो और वाशिंगटन, दोनों में डेमोक्रेट के साथ सौदे किए और शीतयुद्ध को समाप्त करने के लिए मिखाइल गोर्बाचेव से दोस्ती की। लेकिन बूट यह भी बताते हैं कि कैसे उन्होंने एड्स महामारी की उपेक्षा की, और कैसे अमेरिका ने आय असमानता के उस स्तर का अनुभव किया, जो गिल्डेड युग के बाद से नहीं देखा गया था।

अपनी रहस्योद्घाटनकारी अंतर्दृष्टि के साथ, *रीगनः हिज लाइफ एंड लीजेंड* एक ऐसे व्यक्ति का चित्रण है, जो अपनी नैतिक परवरिश और हॉलीवुड से प्राप्त अच्छे-बुरे वैश्विक दृष्टिकोण के साथ मौजूद है। यह जीवनी हाल के दशकों में लिखी गई किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की जीवनी से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है।

अभियान
amarujala.com
अमर उजाला



"हमें इस तरह जीना चाहिए, जैसे हम कल ही मरने वाले हैं। हमें इस तरह सीखना चाहिए, जैसे हम वर्षों जीवित रहने वाले हैं।
- महात्मा गांधी

देश में स्कूली शिक्षा बीच में ही छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि चिंताजनक है। हम जिस वैश्विक महाशक्ति बनने का सपना देख रहे हैं, उसमें यह एक बड़ी चुनौती है। इसको लेकर आखिर कोई ठोस रणनीति क्यों नहीं बनाई जा रही?

# विकास पथ पर ड्रॉपआउट की बाधा



## फिनलैंड से सीखें हम

चिट्ठी 1

यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यू-डाइस) ने भारत में स्कूली बच्चों के ड्रॉपआउट के आंकड़े जारी किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच प्री-प्राइमरी पंजीयन संख्या .01 करोड़ से बढ़कर 1.30 करोड़ रही, लेकिन स्कूल स्तर पर यह संख्या 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा बेहद चौंकाने वाला है। मिडिल और सेकंडरी स्तर तक जाते-जाते ड्रॉपआउट रेट क्रमश 5.2 और 10.9 प्रतिशत तक बढ़ गया।

उच्च ड्रॉपआउट दर के अनेक कारण हैं, जिनमें गरीबी, बुनियादी ढांचे की कमी, स्कूलों में अपर्याप्त शिक्षण स्टाफ और बाल श्रम शामिल हैं। अभिभावक बच्चों को पढ़ाना तो चाहते हैं, लेकिन गरीबी आड़े आ जाती है। गरीब व्यक्ति सोचता है कि वह अपने बच्चों को किसी काम में लगा दे, जिससे परिवार का खर्च आसानी से चल सके। आज देश में तीन तरह के स्कूल हैं, जिनमें सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूल शामिल हैं। यू-डाइस की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल 14,08,115 स्कूल हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक, शिक्षण स्टाफ और इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। इसके अलावा जागरूकता का अभाव भी ड्रॉपआउट का बड़ा कारण है।

सुधार के लिए सरकारें मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म और मिड-डे मील दे रही हैं, लेकिन गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है। इन कमियों पर काम करने से ड्रॉपआउट में सुधार आ सकता है। इस मामले में हमें फिनलैंड जैसे देशों से सीखने की जरूरत है, जहां कक्षा में कम संख्या में मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है।

■ सुनील कुमार महला, पिथौरागढ़

## कैलिफोर्निया की आग के संकेत

चिट्ठी 2

अमेरिका के कैलिफोर्निया में आग ने भीषण तांडव मचाया है। वहां हॉलीवुड कलाकारों के आवास थे। दुनिया के सबसे भव्य स्टूडियो, आलीशान मॉल, शोरूम आदि बने थे। सब राख हो गए। कई लोगों की जान चली गई है। काफी लोग घायल भी हुए हैं। हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

अमेरिका आगजनी के तात्कालिक कारणों का पता लगाने में जुटा है। प्रथम दृष्टया अमेरिका जैसे देश में इस तरह की आकस्मिक आगजनी की कल्पना असंभव सी प्रतीत होती है, लेकिन यह हकीकत है। प्रकृति ने अपना भयानक प्रकोप दिखाया है। इसका तात्कालिक कारण जो भी हो, लेकिन मूल में मानव द्वारा की गई प्रकृति की अवहेलना ही है। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकीकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार, ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़ आना स्वाभाविक है।

ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि हुई है, जिससे जलवायु परिवर्तन का संकट पैदा हुआ है। अमेरिका जैसा विकसित देश तो इस आपदा से भी निपट लेगा, लेकिन असल चुनौती विकासशील देशों के सामने है। वे पहले ही मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं, अब उनके सामने जलवायु परिवर्तन का संकट भी आ गया है। प्राकृतिक आपदाओं से जूझते हुए आगे बढ़ना किसी भी राष्ट्र के लिए आसान नहीं है। पूरी दुनिया को इस पहलू पर विचार करना चाहिए।

■ संजीव ठाकुर, रायपुर

## कुछ खेलों की अनेदेखी क्यों?

चिट्ठी 3

उत्तराखंड में 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ करेंगे। मेजबान उत्तराखंड लंबे समय से घुड़सवारी, पावर लिफ्टिंग और गोल्फ जैसे खेलों को इस स्पर्धा में शामिल करने की मांग कर रहा है, लेकिन अभी तक शामिल नहीं हो पाए हैं। ऐसा भी नहीं है कि ये खेल केवल उत्तराखंड के लिए ही महत्वपूर्ण हैं, अन्य प्रदेशों में भी ये खेल खेले जाते हैं। चूंकि इस बार इनका आयोजन उत्तराखंड में हो रहा है, लिहाजा इन पर बात करना प्रासंगिक हो जाता है।

पावर लिफ्टिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके कई एथलीट उत्तराखंड से ही आते हैं। सैन्य बहुल प्रदेश होने के चलते यहां घुड़सवारी और गोल्फ भी खूब खेला जाता है, लेकिन प्रदेश सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी भारतीय ओलिंपिक संघ इन खेलों पर विचार नहीं कर रहा है। इससे इन खेलों के खिलाड़ियों का भविष्य अधर में फंस जाता है, खासकर तब, जब इन खेलों की अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्पर्धाएं हो रही हैं। ऐसे में इन्हें राष्ट्रीय खेलों में शामिल करने में दिक्कत क्या है।

भारतीय ओलिंपिक संघ को इस पर विचार करना चाहिए। राज्य को इन खेलों की मेजबानी 11 वर्ष पूर्व मिली थी। तब से इन खेलों से जुड़े लोग इस बार खेलने की उम्मीद लगाए थे, जैसा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थानीय खेलों को शामिल करने की परंपरा रही है। इससे न सिर्फ उनके पदक जीतने की संभावना रहती है, बल्कि प्रोत्साहन भी बढ़ता है और खेल को नई प्रतिभाएं मिलती हैं।

■ अरुण कुमार पाठक, हरिद्वार

इनकी **चिट्ठियां** भी सराहनीय रहीं

फिरोजाबाद से शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, हमीरपुर से प्रत्यूष शर्मा, बरेली से दिलीप कुमार गुप्ता, मिर्जापुर से सलिल पाण्डेय, कुरुक्षेत्र से मुनीष भाटिया, आजमगढ़ से अवनीश कुमार गुप्ता, मेरठ से डॉ. नरेन्द्र कुमार टोंक, प्रयागराज से आशीष गुप्ता, सूरत से कांतिलाल मांडोत, इंदौर से अमृतलाल मारू।

**हमें लिखें**
abhiyan@amarujala.com

Hindi@mithelesh
■ मिथिलेश बारिया

## गोल चबूतरा



वो सब कुछ लेकर वापस लौटा था,
एक फुर्सत के सिवा,
स्कूल बस रोज सुबह इमारत के नीचे हॉर्न बजाती है...
यूं लगता है जैसे
जिन्दगी वापस बुलाती है,
बस मुझे खुद को लौटा तो वापस,
बाकी सब रख लो सामान मेरा...

## ब्रिटिश सेना का चीन कूच

झरोखा
19 जनवरी

चीन में साल 1926 में चियांग काई-शेक के नेतृत्व में क्षेत्रीय सरकारों को खत्म कर देश को एकजुट करने के लिए चीनी राष्ट्रवादी पार्टी कुओमिन्तांग (केएमटी) ने सैन्य अभियान शुरू किया। इससे चीन में क्षेत्रीय सरदारों को मजबूती देने वाली विदेशी ताकतों के खिलाफ आक्रोश बढ़ता गया। तब चीन में बढ़ते तनाव और अपने सामरिक और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए ब्रिटेन ने 1927 में आज के ही दिन चीन में सैन्य कूच किया था, खासकर शंघाई में तनाव बढ़ने पर ब्रिटेन ने वहां भारी आर्थिक निवेश किया था। इसलिए वहां की सरकार अपने नागरिकों और व्यापार मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी।

ब्रिटेन को पूर्वी एशिया में आधिपत्य के लिए भी शंघाई जैसे संधि बंदरगाहों पर नियंत्रण रखना जरूरी था। ब्रिटेन ने हजारों सैनिकों और युद्धपोतों का अमला चीन भेजा और चीन में हिस्सेदारी रखने वाले पश्चिमी देशों- अमेरिका, फ्रांस और जापान के साथ भी समन्वय किया था। इससे अंग्रेज शांति कायम करने में सफल भी रहे, लेकिन ब्रिटेन के इस सैन्य कूच ने चीनी राष्ट्रवादियों के बीच विदेश विरोधी भावना की आग में घी डालने का काम किया। इसे साम्राज्यवादी हस्तक्षेप की तरह देखा गया, जो धीरे-धीरे राष्ट्रवादी और औपनिवेशिक ताकतों के बीच संघर्ष का प्रतीक बन गया।

■ अदिति शेखर, दिल्ली

## कुछ अलग



## यहां तो सारे ही पेड़ आड़े-तिरछे हैं

**दुनिया में एक ऐसा भी जंगल है, जहां हर पेड़ जमीन से 90 डिग्री पर मुड़ा हुआ है। यहां की सैर करना अद्भुत अनुभव है।**

पोलैंड में वेस्ट पोमेरेनिया के ग्रिफिनो शहर के पास एक अजीबोगरीब जंगल है। यहां 1930 में देवदार के 400 पौधे रोपे गए थे। जब ये पौधे बड़े हुए तो आधार से उत्तर की ओर 90 डिग्री पर मुड़ गए और आसमान के बजाय धरती के समानांतर बढ़ने लगे। यह सभी के लिए बेहद चौंकाने वाली घटना थी, लेकिन तीन से नौ फीट तक बढ़ने के बाद ये फिर से 90 डिग्री पर मुड़ गए। फिर इनकी दिशा आसमान की तरफ सामान्य पेड़ों जैसी थी और विकास भी सामान्य पेड़ों की तरह ही हुआ।

पेड़ों की बनावट से जुड़ी इस अनोखी घटना को लेकर अलग-अलग धारणाएं हैं, लेकिन सबसे प्रचलित यह है कि इस क्षेत्र विशेष में एक खास तरह के गुरुत्वाकर्षण बल के चलते पेड़ उत्तर की ओर मुड़े हुए हैं। वहीं, कुछ लोग मानते हैं कि इस क्षेत्र में भारी बर्फबारी ने अंकुरित होते समय पेड़ों को नीचे झुका दिया, जिससे वे आधार पर टेढ़े हो गए। हालांकि ये दोनों सिद्धांत यह नहीं बताते हैं कि दूसरी प्रजाति के पेड़ों पर इसका असर क्यों नहीं हुआ। कुछ लोग यह भी संदेह जताते हैं कि स्थानीय लोगों ने इन पेड़ों को लकड़ी का पहिया बनाने के लिए उगाया था, इसलिए जान-बूझकर डेढ़ा किया गया, क्योंकि प्राकृतिक रूप से मुड़े पेड़ों से बहुत मजबूत पहिए बनते हैं।

पेड़ स्वाभाविक रूप से उत्तर की ओर झुके हैं? या स्थानीय किसानों ने मोड़ा था? इस प्रश्न का उत्तर अभी रहस्य बना हुआ है। कई लोग इस पहेली को सुलझाने में जुटे हैं, लेकिन अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यहां से पलायन शुरू हुआ और 1970 तक ज्यादातर लोगों ने यह स्थान छोड़ दिया। इससे जानकारी जुटाना और भी मुश्किल हो गया है।

■ रवि जोशी, शिमला

# कैसे तय होंगे काम के घंटे!

**सप्ताह में काम के घंटे को लेकर एनआर नारायणमूर्ति और एसएन सुब्रमण्यन द्वारा की गई टिप्पणियों में कुछ भी विवादास्पद नहीं था। कार्य और जीवन के बीच संतुलन बिठाने की सोच कोई बुरी बात नहीं हो सकती है।**



**पी चिदंबरम**
पूर्व केंद्रीय मंत्री

मैं ऐसे लोगों की तारीफ करता हूं, जो मुझे सोचने पर मजबूर करते हैं। मैं भले ही उनके कुछ विचारों से सहमत न होऊं, लेकिन मुझे खुशी होती है कि वे मुझे बार-बार सोचने पर मजबूर करते हैं। अब ऐसे बहुत लोग आस-पास नहीं हैं। हमें इस बात के लिए कृतज्ञ होना चाहिए कि एनआर नारायणमूर्ति (एनआरएन) और एसएन सुब्रमण्यन (एसएनएस) जैसे लोग मौजूद हैं। उन्होंने दुनियाभर में अपनी जगह बनाई है और अपने लंबे कॅरिअर में दिमाग से बोलने वालों के रूप में अपनी छवि बनाई है।

### एक अलग वैश्विक दृष्टि

एनआरएन और एसएनएस, दोनों को संपत्ति विरासत में नहीं मिली है, न ही वे ऐसे कर्मचारी या श्रमिक हैं, जो वेतन या मजदूरी हासिल करते हैं। वे दोनों एक प्रशिक्षित पेशेवर हैं और अपनी मेहनत के बल पर ही उद्यमी बने हैं। इस तरह उनके उद्यम को होने वाले लाभ में उनका हिस्सा है। विश्व को देखने का उनका नजरिया दूसरों से बिल्कुल अलग है। इसी तरह काम करने और जिंदगी के प्रति भी उनकी सोच अलग है।

उत्तराधिकारियों को व्यापार और अन्य जगहों पर काम करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे जानते हैं कि उन्हें ऐसे भी एक दिन शीर्ष पर पहुंचना ही है। मैं इस बात से चिंतित हूं कि कुछ परिवारों को छोड़कर अधिकांश उत्तराधिकारियों ने अपनी संपत्ति नहीं बनाई है।

अगर हम आज और 1991 से पहले के 10 भारतीय व्यापारिक घरानों की तुलना करें तो दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने तो अपनी संपत्ति का नाश ही किया है। पहली पीढ़ी के उद्यमियों ने अधिक संपत्ति बनाई है। जहां तक श्रमिकों और कर्मचारियों की बात है, उनके पास अपनी मौजूदा स्थिति से आगे बढ़ने की न तो क्षमता है और न ही महत्वाकांक्षा। मैंने इस बात पर गौर किया है कि कमोबेश यही वे उत्तराधिकारी हैं, जो एनआरएन और एसएनएस की इस टिप्पणी की आलोचना करते हैं कि हफ्ते में कितने घंटे काम करना चाहिए।

### मानदंड सामान्य नहीं हैं

एनआरएन ने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की वकालत की, जबकि एसएनएस ने कहा कि सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए। मैं यह मानता हूं कि उन्होंने जो कुछ भी कहा, वह उनके विचार से सही था। एनआरएन ने कहा, "भारत की कार्य उत्पादकता पूरे विश्व में सबसे कम में से एक है, इसलिए मेरा अनुरोध है कि हमारे युवाओं को यह कहना चाहिए कि यह मेरा देश है और मैं सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहता हूं।" जब इस टिप्पणी पर बहस शुरू हुई तो उन्होंने पीछे हटने से मना कर दिया। एसएनएस ने एक वीडियो में कहा, "ईमानदारी से कहूं तो मुझे खेद है कि मैं रविवार को आपसे काम नहीं करा पा रहा हूं। मुझे आपसे रविवार को काम कराने में बहुत खुशी होगी। मैं रविवार को काम करता हूं।

कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए दिन में 8 घंटे काम करने वाला कानून सबसे पहले जर्मनी में साल 1918 में बना। तब से '8 घंटे काम, 8 घंटे मनोरंजन और 8 घंटे आराम' करने का मानदंड वैश्विक हो गया। हालांकि, मैं ऐसे किसी को नहीं जानता, जो 'मनोरंजन' पर प्रतिदिन 8 घंटे खर्च करता हो। मेरा मानना है कि 'मनोरंजन' में खाना, कपड़े धोना, व्यायाम करना, खेल खेलना, फिल्में देखना, अखबार और किताबें पढ़ना, खरीदारी करना, बातचीत करना, गप्पें मारना आदि शामिल हैं। अगर आप इस तरह से देखें तो मनोरंजन के लिए 8 घंटे का समय काफी नहीं लगता है।

ज्यादातर श्रमिक एक ही काम को दोहराते रहते हैं। कुछ नए हुनर सीखकर अधिक कठिन काम करते हैं। जब डेस्क का काम अधिक होने लगा तो नियोक्ता ने 8 घंटे के मानदंड को अपना लिया। डेस्क पर भी अधिकांश समय एक ही काम बार-बार होता है, इसलिए मैं इस बात से सहमत हूं कि बहुसंख्यक कर्मचारी या श्रमिक 8 घंटे के मानदंड को अपना चुके हैं। ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और एआई के आने के साथ काम के घंटे कम हो सकते हैं। उन्हें अधिक समय तक काम करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अधिक उत्पादक बनने के लिए उपकरणों, प्रौद्योगिकी और प्रणालियों की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि एनआरएन और एसएनएस की टिप्पणियां ऐसे श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए नहीं थीं।

इसके विपरीत किसान, उनमें भी खासकर स्वरोजगार वाले किसान 8 घंटे वाले मानदंड का पालन नहीं करते हैं। खेती-बाड़ी के काम में तो पहले दिन से ही 10 या 12 घंटे तक काम करने की जरूरत रहती है। इसी तरह डॉक्टर, वकील, जज, आर्किटेक्ट, वैज्ञानिक, अभिनेता आदि पेशेवर दिन में सिर्फ 8 घंटे काम नहीं करते। मैं ऐसे पेशेवरों को जानता हूं, जो 12 घंटे से अधिक काम करते हैं और यहां तक कि शनिवार और रविवार को भी। कुछ सफल पेशेवर काम के लंबे घंटों को लेकर शिकायत करते हैं, जबकि उन्होंने स्वेच्छा से उसे अपनाया है। इसलिए तथाकथित मानदंड सभी मनुष्यों पर लागू होने वाला एक समान नियम नहीं है।

### खुद के बारे में सोचें

मुझे दिन में लंबे समय तक काम करने में मजा आता है, लेकिन 'काम' की मेरी परिभाषा में कानून का अभ्यास करना, संसदीय कार्य, पढ़ना, लिखना, बोलना, जनता की बात सुनना, पार्टी कार्यकर्ताओं से बात करना और चुनिंदा सामाजिक कार्यों में भाग लेना शामिल है। मैं हर उस घंटे को काम-काज का मानता हूं, जब मैं सो नहीं रहा होता हूं। कार्य और जीवन संतुलन एक ऐसी चीज है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं को खोजना होता है। मुझे खुशी है कि मैंने अपना संतुलन खोज लिया है।

मुझे लगता है कि अपने काम में भारी सफलता हासिल कर शीर्ष पर पहुंचने के बाद एनआरएन और एसएनएस को भारतीयों के लिए काम के 'लंबे' घंटों के बारे में बोलने का हक है। मुझे नहीं लगता कि इसका वित्तीय पुरस्कारों से कोई लेना-देना है, जैसा कि कुछ ट्रोल्स और मीम्स ने संकेत दिया है। मैं ऐसे कई पुरुषों और महिलाओं को जानता हूं, जो बड़ी आय या बड़ी संपत्ति से अप्रभावित रहते हैं- वे संयमी जीवन जीते हैं, सादा खाना खाते हैं, मदिरा का सेवन नहीं करते, साफ-सुथरे कपड़े पहनते हैं, उनमें कोई दिखावटीपन नहीं होता, वे दयालु और विनम्र होते हैं। मेरा मानना है कि एनआरएन और एसएनएस आने वाली युवा पीढ़ी को यह सबक सीखने के लिए प्रेरित कर रहे थे कि लंबे समय तक किया गया उत्पादक कार्य ही एक विकासशील देश को वास्तव में समृद्ध बनाएगा और लाखों लोगों के जीवन में सुधार लाएगा।

मेरे विचार में एनआरएन और एसएनएस द्वारा की गई टिप्पणियों में कुछ भी विवादास्पद नहीं था। कार्य और जीवन के बीच संतुलन बिठाने की सोच कोई बुरी बात नहीं हो सकती है।

Licensed by The Indian Express Limited

## परदे के पीछे कुछ संवाद



यह तस्वीर सुपरहिट फिल्म 'अमर अकबर एंथोनी' के गाने 'परदा है परदा' की शूटिंग के दौरान खींची गई थी। इसमें निर्देशक मनमोहन देसाई अभिनेता ऋषि कपूर से कुछ कह रहे हैं, साथ में अमिताभ बच्चन भी हैं।

■ नरेश त्रिपाठी, कानपुर

## छायानट

## फिल्म के एंगल पर 'भिड़' गए आनंद ब्रदर्स

देव आनंद ने आरके नारायण के चर्चित उपन्यास 'द गाइड' पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया तो निर्देशन के लिए पहला नाम बड़े भाई चेतन आनंद का आया। वह फिल्म को बड़े कैनवस देना चाहते थे। ऐसे में 'नीचा नगर' जैसी फिल्म बना चुके चेतन आनंद से बेहतर विकल्प हो भी नहीं सकता था, लेकिन फिल्म के एंगल पर दोनों भाइयों में ठन गई। देव इस फिल्म को बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाने के लिए सिनेमाई रंग देने के पक्ष में थे। वह उपन्यास की कहानी को अधिक आकर्षक रूप में प्रस्तुत करना चाहते थे, लेकिन चेतन इसके पक्ष में नहीं थे। वह कहानी को बिल्कुल उपन्यास के करीब रखते हुए एक यथार्थवादी दृष्टिकोण देना चाहते थे। इस बात लेकर दोनों में असहमति इतनी बढ़ गई कि चेतन ने खुद को फिल्म से अलग कर लिया। इसके बाद देव ने छोटे भाई विजय आनंद को फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी सौंपी। 'काला बाजार' और 'तेरे घर के सामने' जैसी सफल फिल्म बना चुके विजय आनंद ने उपन्यास की मूल भावना को रखते हुए फिल्म को वैसा ही सिनेमाई रंग दिया, जैसा देव आनंद चाहते थे और फिल्म हिंदी सिनेमा में एक कल्ट बन गई।




■ शिवानी शर्मा, चंडीगढ़

## चीनी नव वर्ष का उत्सव 'लाल लालटेन'

संतोष उत्सुक

खुला आकाश

*206 ईसा पूर्व से चला आ रहा चीनी 'लैंटर्न फेस्टिवल' ताइवान, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया, जापान और न्यूजीलैंड में भी मनाया जाता है। इस बार यह उत्सव 'समृद्ध जीवन' की थीम पर 12 फरवरी को मनाया जाएगा।*

दुनियाभर में कहीं दीप, कहीं मोमबत्तियां तो कहीं ज्वाला प्रज्वलित कर त्योहार मनाए जाते हैं। चीनी का 'लैंटर्न फेस्टिवल' भी इसमें एक है। यह चीनी नव वर्ष (चंद्र वर्ष) के 15 दिवसीय समारोह के अंतिम दिन पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसे शांगयुवान महोत्सव भी कहते हैं। सौभाग्य के प्रतीक लाल रंग में नहाई लालटेन इस पर्व का मुख्य आकर्षण होती हैं।

प्राचीन काल में सम्राट और प्रभावशाली व्यक्तियों के पास ही आकर्षक लालटेन होती थी। परंपरागत संस्कृति के निमित्त बच्चे रात में जानवरों के आकार की लालटेन लेकर गली-मोहल्लों में जाते हैं। लालटेनों पर लिखी पहेलियां बुझाई जाती हैं और सही उत्तर देने वालों को उपहार दिए जाते हैं। इसलिए इसे लालटेन महोत्सव नाम मिला। यह चीन के बाहर भी काफी लोकप्रिय है। यह ताइवान, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया, जापान और न्यूजीलैंड में भी मनाया जाता है। अमेरिका में भी कई स्थानों पर आयोजन होते हैं। नर्तक अग्निरोधक सूट और हेलमेट पहनते हैं और चेहरों को रचनात्मक तरीके से रंग कर परेड में स्टिल्ट्स पर चलते हैं। पारंपरिक लोक नृत्य, लोक कलाएं और ड्रम परफॉर्मेंस होती हैं। रिमोट कंट्रोल से नकली पक्षी उड़ाए जाते हैं। वृक्षों पर प्रकाशमय रंगीन कंदील, बतखें, फूल आदि लटकाए जाते हैं। सैकड़ों लालटेन लटकी होती हैं, जिन्हें देख हर कोई रोमांचित हो जाता है। लायन एंड ड्रैगन डांस की प्रस्तुति इस समारोह का अनिवार्य हिस्सा है। कई जगहों पर आतिशबाजी भी होती है।

लालटेन महोत्सव में मृत पूर्वजों का भी स्मरण किया जाता है। यह पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजन मेल-मिलाप, शांति और क्षमा सिखाता है। इस प्राचीन को लेकर एक प्रसिद्ध किंवदंती है कि स्वर्ग से धरती पर एक सुंदर हंस उतरा, जो स्वर्ग के जेड सम्राट को बहुत पसंद था, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने उसका शिकार कर दिया। इससे जेड सम्राट क्रोधित हो गया। उसने 15वें चंद्र दिवस पर गांव में आग लगाने की योजना बनाई, लेकिन सम्राट की बेटी ने लोगों को पहले ही आगाह कर दिया। गांव वालों ने उस दिन घरों के आसपास बड़े-बड़े अलाव जला दिए। गांव में भीषण आग देखकर सम्राट के सैनिक दूर से ही लौट गए। इस तरह राजकुमारी ने लोगों को बचा लिया। तब से लोगों ने इस घटना की याद में हर वर्ष एक साथ लालटेन जलाना शुरू किया।

पश्चिमी हान राजवंश के समय 206 ईसा पूर्व से यह पर्व चला आ रहा है। इस बार 'समृद्ध जीवन' की थीम पर चीनी राशि चक्र के 'ईयर ऑफ वुड स्नेक' यानी परिवर्तन, विकास और आत्मनिरीक्षण के विचार से जुड़ा यह महोत्सव 12 फरवरी को मनाया जाएगा।





## वर चाहिए

### ब्राह्मण

**सरजूपारि** ब्राह्मण 1990 सुन्दर गोरी B.A., B.Ed., M.A., M.Ed., सीटेट पास कन्या हेतु वर चाहिए। सभी ब्राह्मण मान्य लखनऊ आसपास को वरीयता #9118882559, 9336925854, 9009030229

**-उच्चकुलीन** ब्राह्मण सरयूपारीण 30/5'7" गवर्नमेंट वेटनरी डाक्टर उत्तराखण्ड, मासिक वेतन-एक लाख, अविवाहित कन्या हेतु सेवारत (इंजीनियर, प्रोफेसर, डाक्टर) प्रशासनिक ग्रेड I,II को वरीयता। मो.7579011389

**-ब्राह्मण** 24/ 5'6"/ B.Sc MBA IIM SBI Bank PO., 25/ 5'5"/ B.Tech CS Software engineer कन्याओं हेतु वर। गवर्नमेंट, प्राइवेट, बिजनेसमैन सभी मान्य 6389204596, 8052000899

**- MBBS,** Gaur Brahmin beautiful girl 25/5'3" Veg. seeking an educated BUSINESSMAN, industrialist and other All Brahmin and Baniya accepted Agra Delhi or nearby wtsup 7902002929

**- गोस्वामी**/शैव ब्राहमण 28Years 5'2" बी.फार्मा, पूर्ण मांगलिक कन्या हेतु Professor, बैंक, Engineer, Private Sector Officer सुयोग्य वर चाहिए। सभी ब्राहमण मान्य, झाँसी के आसपास को वरियता। मो.-8318763681, What'sApp No. 9451936856

**-योगी/** नाथ उपाध्याय 32/ 5'8" Govt. Teacher हेतु सुयोग्य Govt. Servent, Banker वर चाहिए, ब्राहमण, गोस्वामी, योगी, वैश्य मान्य, मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद, सहारनपुर को वरीयता- 9897679785

**-सरयूपारीण** 06.01.1996/ 5"2' आदिनाड़ी, B.Tech, M.Tech सुन्दर, गृहकार्यदक्ष, MNC Pune में कार्यरत कन्या हेतु सुयोग्य, शिक्षित कार्यरत सजातीय वर चाहिए। मो0-9450442700, 9935100245, मैरिज ब्यूरो क्षमा।

**-53** वर्ष 5'4", M.Com., गवर्नमेंट PWD क्लर्क, मासिक 98,000/- सभी जाति मान्य, तलाकशुदा विधुर अनमैरिड इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें (जो साथ रह सकें) 9039869743

**-वृन्दावन** निवासी, 37 वर्षीय 5'2", स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) सुन्दर, गृहकार्य दक्षक कन्या हेतु, सुयोग्य ब्राह्मण वर चाहिए। NCR एवं निकटतम स्थानीय सम्पर्क करें 8439452399

**Tyagi** Brahmin 49/152 MBA, B.Ed. Divorcee Issueless 10% disable work independently, Caste no bar, only on WhatsApp #9761262227

**-49/5'4",** SBI बैंक में कैशियर, M.Com, वेतन 89,000/- महिला हेतु वर चाहिए। विवाहित, तलाकशुदा, विधुर बच्चे वाले, नौकरीपेशा, कारोबारी, रिटायर्ड, घरजमाई मान्य #8982808925, 6269975331

**-ब्राह्मण:-** 24/5'3", पढ़ी लिखी सुन्दर सुशील गृहकार्य में दक्ष घरेलू कन्या हेतु वर चाहिए। पिता स्वर्गवासी, माता वृद्ध (जाति मुक्त) शीघ्र विवाह #8602339787

**-ब्राह्मण-** 30/5'3" कम पढ़ी घरेलू सुंदर कन्या हेतु वर चाहिए उचित वर मिलने पर उम्र, शिक्षा, जातिबंधन नहीं शीघ्र विवाह हेतु # 9285484209, 9340043171.

**-सनाढ्य** ब्राह्मण मांगलिक 27 वर्षीय /5'2"/BE (CS) सॉफ्टवेयर इंजीनियर MNC कार्यरत सुंदर, सुशील कन्या हेतु- वर चाहिए। आईटी कंपनी कार्यरत प्राथमिकता (सर्वब्राह्मण मान्य)- 9174176239.

**-ब्राह्मण** कन्या- 1996/ 5'4"/ पढ़ी लिखी, सुंदर, सुशील, ग्रहकार्यों में दक्ष कन्या हेतु- वर चाहिए /जाति /शिक्षाबंधन नही, शीघ्र विवाह- सम्पर्क # 8982341096, 8962715509.

**-कुमाँऊनी** ब्राह्मण सुन्दर सुशील 34/4'11" उत्तराखंड सरकार में पशु चिकित्साधिकारी हेतु समकक्ष वर चाहिए। संपर्क 9760428242

**- *ब्राह्मण** 24,25/5'3'' कन्याएं सुन्दर सुशील, कला प्रेमी, निम्न शिक्षा, गृहकार्यदक्ष आर्थिक रूप से कमजोर पिता स्वर्गवासी माता-वृद्ध कन्या हेतु वर चाहिए। (जातिबंधन नही) #8602309463, 7580930061

**- *ब्राह्मण:-** 25 वर्षीय कन्याएं सुन्दर सुशील कला प्रेमी गृहकार्यदक्ष आर्थिक रूप से कमजोर पिता स्वर्गवासी माता वृद्ध कन्या हेतु वर चाहिए। (जातिबंधन नही) #7748800762, 9179795058

### जाति बंधन नहीं

**-खुशखबरी** 5वां विवाह सम्मेलन, जिसमें, हिन्दू समाज की सभी जातियों की अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा, बांझ, कन्याओं के लिए वरो की आवश्यकता है। 7055000331, 9690555008, 8218264740

**-मैरिज** ब्यूरो ठगी से बचे, रजिस्टर्ड संस्था, सर्वजाति 23 सहायक सम्मेलन मनचाहा रिश्ता मात्र-1100, उम्र 18-74, अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा, बाँझ, घरजमाई कारोबार मान्य #9412036247, 8755208766

**-30/** 5'-2'', कम पढ़ी- लिखी, सिलाई पार्लर निपुण, गृहकार्य दक्ष, सुंदर कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। तलाकशुदा मान्य, जाति एवं शिक्षा बंधन नहीं। 8858801558, 8423504416

**-शीघ्र** विवाह जातिबन्धन नहीं, रिटायर्ड, पढ़े लिखे, अनपढ़ ग्रामीण/ शहरी व्यक्तियों हेतु तलाकशुदा, बाँझ, विधुर, अविवाहित, लड़कियों, महिला से शादी करने हेतु सम्पर्क करें 8266057086

**-59/5'3"** Govt. BAMS डॉक्टर मासिक सैलरी 78,400/- निसंतान महिला के लिए वर चाहिए। विवाहित, तलाकशुदा, विधुर नौकरीपेशा, घरजमाई रिटायर्ड मान्य #8889318494

**-शीघ्र** विवाह 30 से 55 वर्ष बेसहारा, तलाकशुदा, विधवा, बाँझ, निस्संतान व अविवाहित निर्धन कन्याओं के लिए उत्तम वर चाहिए सम्पर्क 7599196298

**-35** वर्ष 5'4", M.A., B.Ed, स्मार्ट, सरकारी टीचर मासिक आय- 55000/- हेतु निर्धन वर चाहिए। अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा घरजमाई बच्चे वाले हिन्दू मान्य। मो.-7068371269, 7275304681

**-जाति** बन्धन नही 25/ 5'5"/ B.Tech Software engineer MNC., 24/ 5'6"/ B.Sc B.Ed teacher कन्याओं हेतु वर। गवर्नमेंट, प्राइवेट, बिजनेसमैन सभी। ब्रोकर नो 8317078292, 7458997311

**-जातिबन्धन** नहीं:- 48/5'3", सरकारी नौकरी, विधवा महिला रंग गोरा 70,000/- सुन्दर महिला हेतु नौकरीपेशा, या ईमानदार जीवन साथी चाहिए। जातिबन्धन नहीं #8808179881

**-ब्राह्मण-** उम्र 48 वर्ष 5'3" ग्रेजुएट सरकारी विभाग मे (कार्यरत) मासिक वेतन- 91,000/- सुंदर महिला हेतु सुयोग्य वर चाहिए। जाति बंधन नही। संपर्क 7275509654, 7706092598

- विवाह सम्मेलन निर्धन अविवाहित, उम्र 18-35 तलाकशुदा, विधवा, बाँझ 20-65 वर्ष, हेतु सुयोग्य वर चाहिए। जाति बंधन नहीं घरजमाई कारोबारी भी मान्य #7599743873, 7599660073.

**62/5'4",** गवर्नमेंट स्कूल से रिटायर्ड प्रिंसिपल M.Sc. पेंशन 96,000/- महिला हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर, बच्चे वाले, घरजमाई, रिटायर्ड नौकरीपशा व्यक्ति स्वीकार #8878349224

**61/5'4",** B.Sc., गवर्नमेंट हॉस्पिटल नर्स (रिटायर्ड) पेंशन 45,530/- हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर बच्चे वाले, घरजमाई रिटायर्ड, नौकरीपेशा, कारोबारी मान्य #9755832983, 8349021869

**61/5'4"** गवर्नमेंट स्कूल टीचर (रिटायर्ड) M.Com, पेंशन 55,000/- महिला हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर, बच्चे वाले, घरजमाई, रिटायर्ड, नौकरीपेशा, मान्य, जातिबन्धन नहीं #8718977320, 9111931297

**सीता** 68/5'4", M.Com, (FCI) खाद्य विभाग से रिटायर्ड मैनेजर, पेंशन 47,290/- हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर, बच्चेवाले, घरजमाई, रिटायर्ड, नौकरीपेशा, व्यवसायी व्यक्ति स्वीकार #8889960739, 7773896191

**65/5'4",** M.A., B.Ed., गवर्नमेंट कॉलेज में प्रोफेसर, सैलरी 1,08,000/- महिला हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर, बच्चे वाले, घरजमाई, रिटायर्ड, नौकरीपेशा, व्यक्ति स्वीकार #9516986371, 7049099649

**62/5'4",** गवर्नमेंट बिजली विभाग, रिटायर्ड, क्लर्क M.Sc. पेंशन 75,000/- विधवा महिला हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर बच्चे वाले घरजमाई, रिटायर्ड, नौकरीपेशा, कारोबारी मान्य #7400822995, 7470731504

**38/5'4",** गवर्नमेंट महिला बाल विकास सुपरवाइजर M.A., B.Ed., वेतन 60,000/- हेतु वर चाहिए। अविवाहित, विवाहित, तलाकशुदा, विधुर (बच्चे वाले) कारोबारी, नौकरीपेशा, रिटायर्ड मान्य #9584210533, 9984865177

**52/5'4",** PNB में कैशियर M.Com, वेतन 92,000/- महिला हेतु वर चाहिए। विवाहित, तलाकशुदा, विधुर बच्चे वाले, नौकरीपेशा, कारोबारी, मान्य रिटायर्ड, घरजमाई को प्राथमिकता #9589417263, 9589417263

**-जातिबन्धन** नहीं 34/5'4", गवर्नमेंट टीचर (जूनियर हाईस्कूल) BTC, B.Ed., वेतन 58,750/- सुन्दर महिला हेतु वर चाहिए। अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर बच्चे वाले कारोबारी, नौकरीपेशा मान्य #7523071851

**-53** year /5'4"/ M.A./Govt सिंचाई विभाग में क्लर्क मासिक आय 65,000 हेतु निर्धन वर चाहिए (अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर, घर जमाई,) बच्चे वाले संपर्क- 7518370964, 8922057664

**-49** year/5'3"/ B.A./ M.A./ वन विभाग में क्लर्क मासिक आय 65,000 हेतु निर्धन वर चाहिए (अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर, घरजमाई, बच्चे वाले) संपर्क करें 8115765485, 8127584982

**-नाम** जीनत खान उम्र 58 हाईट 5'3" योग्यता- आईटीआई, एम.कॉम जॉब रेलवे में एकाउटेंट वेतन 1,15,000/-, महिला हेतु वर चाहिए शीघ्र संपर्क करें 8982759923

**-वर** चाहिए- 63-वर्षीय /Msc/ फारेस्ट डिपार्टमेंट रेंजर ऑफिसर (रिटायर्ड) पेंसन- 66500/- विधवा हेतु- तलाकशुदा, विधुर, बच्चेवाले, रिटायर्ड, उम्रदराज, मान्य, शीघ्र सम्पर्क करें- 8109789117.

**-50yrs/** 5'2"/ Govt hospital in nurse/ M.ac nursing/ salary 80,000/ विवाहित, अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर, नौकरीपेशा, घरजमाई रिटायर्ड सभी को मान्यता संपर्क 7225030698, 8964924332

**-62yrs/** 5'4"/ MA., B.Ed Govt. Teacher se retired/ pension 48,200/ विवाहित अविवाहित तलाकशुदा विधुर नौकरीपेशा घरजमाई रिटायर्ड सभी को मान्यता संपर्क 7400786697, 7400643403

**सुहानी** तिवारी/ 45 वर्ष/ M.Sc+ PGDCA रेलवे जूनियर एकाउटेंट क्लर्क मासिक आय 45000 हेतु अविवाहित तलाकशुदा विधुर रिटायर्ड पर्सन मान्य। घरजमाई को प्राथमिकता 9630400233, 7869184322

### जाटव

**-चमार/जन्मतिथि** 15-06-1989, 5'3" रंग गोरा बी.टेक बैंक सहायक प्रबन्धक कन्या हेतु डाक्टर, इंजीनियर राजपत्रित अधिकारी, बैंक अधिकारी, प्रोफेसर सजातीय वर चाहिए। (मैरिजब्यूरो क्षमा), मो-9919276928, 6397601241

**-जाटव** चमार/ कुर्मी 28/5'3" एम.ए, बी.ए. ग्रेजुएट, सुन्दर, सुशील कन्या हेतु सरकारी/ प्राइवेट/ बिजनेसमैन योग्य वर चाहिए। सम्पर्क करें:- 9026889253

**-जाटव-** 29/5" बी.टेक. साफ्टवेयर इ.जी. MNC में कार्यरत कन्या हेतु साफ्टवेयर इ.जी. (SAME WORK) वर चाहिए। M. 6395576575

### क्षत्रिय

**-क्षत्रीय** (बैस ठाकुर) मुरादाबाद निवासी 38, 5'5", M.Com सुन्दर, सुशील कन्या हेतु सुन्दर, सुयोग्य वर चाहिए, Cast no bar. सम्पर्क- 9412234878, 7906028672

**-क्षत्रिय,** गोत्र गौतम, 1991/5'-1", M.Sc., B.Ed., TET पास, सुंदर, संस्कारी कन्या हेतु सुयोग्य समकक्ष वर चाहिए। यू.पी. वरीयता। मैरिज ब्यूरो क्षमा। संपर्क- 7520210824, 8077942395

**-क्षत्रिय** तोमर 33/5'-4" सरकारी सेविका (U.P.)बरेली निवासी सुशील कन्या हेतु(शाकाहारी Non Alcoholic/Non Smoker)वर चाहिए। बरेली आसपास वरीयता। सामान्य वर्ग मान्य। मो.9639999748 सम्पर्कः समय 6-9बजे शाम।

**-क्षत्रिय** गोत्र भारद्वाज CA Final 1st Group Passed 33/5'4", सुन्दर संस्कारी लखनऊ निवासी कन्या हेतु डॉक्टर, इंजीनियर, सी.ए. उच्च कार्यरत वर चाहिए। #9984111103

### मुस्लिम

**-Sunni** Muslim 24, 5'3" JR-1 in highly reputed Government Medical College. Whatsapp Biodata only Muslim Doctors/ IITians/ Civil Services below 30 years preperably Delhi, 9870850478

**-मुस्लिम** 50 से 58 वर्ष, M.A., B.Ed., गवर्नमेंट स्कूल प्रिंसिपल पद पर (कार्यरत), 82,000/- तलाकशुदा, रिटायर्ड, विधुर, बच्चे वाले, घरजमाई, हिन्दू/ मुस्लिम मान्य #7909889532, 8109318545

**-पूर्वी** उ.प्र. सुन्नी, मुस्लिम (सलमानी) सुंदर, MBA बहनों 26/5'-7" and 24/5'-6" के लिए शिक्षित परिवार से रिश्ता चाहिए। माता-पिता दोनो Govt. Job. Whatsapp- 9936786137

**-मुस्लिम** 25/ 5'6"/ B.Tech CS Software engineer MNC., 27/ 5'5"/ MBBS MD Doctor कन्याओं हेतु वर चाहिए। गवर्नमेंट, प्राइवेट, बिजनेसमैन सभी। ब्रोकर नो 6390901883, 8960552568

**-मुस्लिम-37** वर्ष 5'4", M.A, B.Ed, गवर्नमेंट स्कूल मे टीचर, मासिक आय 52,800/- हेतु निर्धन वर चाहिए। अविवाहित तलाकशुदा विधुर बच्चे वाले मान्य 7307688617, 9415318315

**-जाटव/34** वर्ष, 5'7'', अध्यापक (4600 ग्रेड-पे) अलीगढ़ निवासी वर हेतु सरकारी सेवारत, अर्द्धसरकारी, उच्च शिक्षित वधु चाहिये। (शिक्षिका को वरीयता), मो.9368720072, 7417010500

**- Sunni** Sheikh Beautiful Girl Sept 1994 Born 5'4" BA LLB, very Fair. Belongs to a Very Reputed Family. Father Class 1 Officer. 9793319978

- मुस्लिम:- 36/5'4" Govt. टीचर के पद पर कार्यरत सुयोग्य मुस्लिम वर चाहिए। जाति बंधन नही। तलाकशुदा विधुर दिनीतालीम नमाजी सभी वर मान्य। #9045379430

**-मुस्लिम** 45/5'4" M.A., B.Ed./ Govt. स्कूल में प्रिंसिपल, मासिक आय- 75000/- हेतु वर चाहिए। अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा, घरजमाई, बच्चेवाले, रिटायर्ड मान्य, 08858929290, 09198099253, 09198099834

**-Sunni** Muslim Girl 28 Years MBBS/MD (Doctor) is looking for a suitable match for early Marriage: (080-69141334)

### अन्य

**-पाल/बघेल/गड़रिया** (गोत्र-कटारिया) 32, 5'3'' बीटेक (सरकारी/PSU प्रशासनिक अधिकारी) तलाकशुदा हेतु सजातीय, सुयोग्य (सरकारी/प्राइवेट) वर चाहिए। मुरादाबाद, NCR, मो. 9410614340, 9411068539

**-हिन्दू** नाई, 32, 5', 10वीं पास, विधवा (निःसंतान) सुन्दर, गृहकार्यदक्ष हेतु स्वजाति सुयोग्य वर चाहिए। केवल मुरादाबाद मण्डल। सम्पर्क करें- 9897751957

**-पाल/** बघेल, 25 वर्ष, 5'-1'', हाईस्कूल गोरी, सुन्दर, गृहकार्यदक्ष शाकाहारी परिवार हेतु सुयोग्य (सरकारी/प्राइवेट) नशारहित सजातिय वर चाहिये। मो- 7505823452, 8874354827

**-मल्लाह,** केवट 1990/5'-3", M.Sc. Zoology, 1995/5'-3", M.Sc. Chemistry (B.Ed., TET, CTET) बदायूँ उ.प्र. कन्याओं हेतु उच्चशिक्षित सजातीय सेवारत वर चाहिए। मो.- 9719245802

**-पाल** 27/5'4", B.Sc, BTC, प्राइमरी सरकारी अध्यापिका 28/5'5", MBBS, मेडिकल ऑफिसर दोनो कन्या हेतु गवर्नमेंट, प्राइवेट, बिजनेसमैन सभी पाल वर चाहिए 9454134606, 8765607908

**-वर्षा** पटेलः- 40/5'3", सरकारी विभाग में कार्यरत मासिक वेतन 63,500, सभी जाति, धर्म, अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर, बच्चे वाले, घरजमाई, सभी मान्य। मैरिज ब्यूरो क्षमा #8962107645

**-वर** चाहिए- 43/5'4" MA.Bed गवर्मेंट टीचर महिला हेतु विधुर, तलाकशुदा, बच्चे वाले, घरजमाई मान्य # 7771818382.

**-बघेल/** पाल/ गडेरिया 31 वर्ष 5'6" बी.टेक (ईआई) MBA MS UK, MNC गुडगांव मे कार्यरत सुशील सुंदर कन्या हेतु उच्च सेवारत वर चाहिए। 9511001468

### पंजाबी/ सिख

**-26** वर्ष 5'2'' ग्रेजुऐशन पास सुन्दर सुशील स्लीम ग्रह कार्य दक्ष पंजाबी रामगढ़िया सिक्ख कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। मो.नं. 9259216765

**-हिन्दू** खत्री प्रिया महरोत्रा 14-05-2000/ 4'10" B.A रंग सांवला गृह कार्य में निपुण हेतु सुयोग्य वर चाहिए मो. 9548777322

**-पंजाबी** अरोड़ा 26 Year 5/3, अतिसुंदर, गोरी, खानदानी परिवार की Convent Educated कन्या B.Com, MBA, Father Businessman (Hotel) Well settled family Cast no Bar- 7252072276

**-30** वर्षीय /5'4" 12th सिख मध्यमवर्गीय सुंदर कन्या हेतु वर चाहिए सभी पंजाबी मान्य # 8962870825, 9630658413.

### राजपूत

**-राजपूतः-** 42/5'4", वर्षीय महिला B.Ed. सरकारी स्कूल टीचर 74,600/- हेतु वर चाहिए। जातिबन्धन नहीं (ब्यूरो क्षमा) #9120519980, 9125938099

**-कुमाऊँनी** राजपूत मांगलिक कन्या 5'/1997 M.Sc (Math) रामनगर निवासी हेतु सुयोग्य कुमाँऊनी वर चाहिए। मो. 9927426073

**-राजपूत** 48/5'4" M.Sc., Phd./ Govt. डिग्री कॉलिज में प्रिंसिपल, मासिक आय- 99500/- हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, अविवाहित, विधुर सभी मान्य, जातिबंधन नहीं, 09977185836, 08889395482

**-राजपूत** 23 वर्ष/ 5'4" B.Tech (C.S) साफ्टवेयर इंजीनियर MNC कंपनी कार्यरत/ 8 लाख/ 25 वर्ष/ 5'4"/ B.Tech/ SBI बैंक में असिस्टेंट मैनेजर/ 7 लाख 8827758904

### वैश्य

**-मांगलिक** गुप्ता वैश्य 28, 5'5" असिस्टेंट मैनेजर केनरा बैंक रंग गौरा हेतु वर चाहिए, सरकारी नौकरी को वरीयता, 9760069845, 8384826643

**अग्रवाल,** गोत्र- मित्तल, मार्च 95/5'1" बीई कंप्यूटर इंजीनियर, एमएनसी पुणे मे कार्यरत, वार्षिक वेतन सात अंको में, मांगलिक कन्या हेतु सुयोग्य अविवाहित वर चाहिए। 9904011836

**-वैश्य,** अग्रवाल 1998/ 156 Cm/ M.Sc (Chemistry), B.Ed (Pursing) सहारनपुर निवासी, सुन्दर, सुशील, गृहकार्य दक्ष कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए, सम्पर्क करें 8171049114, 6398133812

**-गर्ग** 27 वर्षीय 5'5'' इन्जीनियर, MBA, सुन्दर कन्या हेतु उच्च व्यवसायी अग्रवाल वर चाहिए, मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। Mobile: 9412248134

**-गर्ग** 29/ 4' 9" फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स एव बीकॉम कन्या हेतु अव्यस्नि सुयोग्य वर चाहिए। पिता सेवानिवृत् इंजीनियर, संपर्क मोबाइल/व्हाट्सएप 9358325594 मैरिज ब्यूरो क्षमा करें।

**-अग्रवाल** (होटल एवं रेस्टोरेन्ट व्यवसायी) खानदानी प्रतिष्ठित परिवार की अतिसुन्दर, गोरी कन्या 1997 born, 5/4, B.Tech (कार्यरत) हेतु सुयोग्य वर चाहिए(शीघ्र उत्तम विवाह) सम्पर्क- 9639866931, 7617763361

**-केवल** अग्रवाल समाज के उच्च व्यवसाई, इंटस्टलिस्ट, सरार्फ, एक्सपोटर, होलसेलर, डाक्टर, विधुर, तलाकशुदा, विधवा व सर्विसक्लास अच्छे पैकेज वाले लड़के लड़कियां रजिस्टर्ड है। नोएडा 8279816606

**-रिश्ते-** ही-रिश्ते- अग्रवाल- वैश्य- वर- कन्याओं हेतु- उच्च- मध्यम व्यापारी- C.A. इन्जीयर- डाक्टर- एवं- विधवा- विधुर- तलाकशुदा मिलेः- मैच- मैकिंग- पाइन्ट कमला- नगर- आगरा। 9358500844

**-गुप्ता** 1996/5'1", C.A. गौरवर्ण, सुशील MNC गुडगांव कार्यरत कन्या हेतु C.A., IIT, NIT, आदि से B.E., MNC/ सरकारी, कार्यरत शाकाहारी वर चाहिए। सर्ववैश्य मान्य #9412145684

**-अग्रवाल** कन्या 24/5'4", M.Com, गोरी सुन्दर, सुशील, संस्कारी, गृहकार्य, कुकिंग, हस्तकला में निपुण, कन्या हेतु सुयोग्य, संस्कारी आत्मनिर्भर वर चाहिए। विवाह हेतु सम्पर्क #7049022558, 8818875204

**-23/5'4",** पढ़ीलिखी, गोरी सुन्दर, सुशील, संस्कारी, हस्तकला, गृहकार्य में दक्ष पिता व्यवसायी कन्या हेतु सुयोग्य व संस्कारी आत्मनिर्भर वर चाहिए। विवाह हेतु सम्पर्क #06262200166, 08435464741

**-अग्रवाल** 25 वर्ष 5'3", B.Tech, MBA Working In MNC Noida गोरी, अति सुन्दर, सुशील, गृहकार्य दक्ष कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। पिता बिजनेसमैन संपर्क करें-8126102684

**-अग्रवाल-** महिला Divorcee 50, 5/3 एम.ए. स्वयं का मकान, देखने में सुंदर, गोरी, खानदानी परिवार हेतु जीवन साथी चाहिए। बच्चे स्वीकार्य(Cast No Bar) 8265892543, 9927746037

**-अग्रवाल-** 26/5'3"/ पढ़ी लिखी, सुंदर, सुशील, ग्रहकार्यो में दक्ष, मध्यमवर्गीय परिवार की कन्या हेतु वर चाहिए उम्र शिक्षा एवं जातिबन्धन नही है # 8982151523, 8269296887.

**-अग्रवाल** सुंदर कन्या 2001 जन्मी 5'4" लखनऊ निवासी परिवार को तलाश हैं अच्छे परिवार से वर की कृपया संपर्क करेः (080-69141333)

**-अग्रहरी** 5'2" 07/90 एम.ए., बी.एड., आचार्य टी.ई.टी गोरी सुंदर कन्या हेतु रोजगारपरक स्वजातीय वर चाहिए। गोरखपुर एवं आरपास को वरीयता। मो. 8737965848

### यादव

**किरण** यादव- 62/5'4", M.Com, इंडियन रेलवे जूनियर इंजीनियर (रिटायर्ड), पेंशन 81,000/- महिला हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर, बच्चेवाले, घरजमाई, रिटायर्ड, नौकरीपेशा व्यक्ति स्वीकार #7415298439, 9685762844

**61/5'4",** महिला बाल विकास (रिटायर्ड) सुपरवाइजर, M.Com पेंशन 80,000/- महिला हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर, बच्चे वाले, घरजमाई, रिटायर्ड नौकरीपेशा मान्य, जातिबन्धन नहीं #6269802148, 8982789334

**शोभा** यादव- 63/5'4", B.Sc. गवर्नमेंट हॉस्पिटल स्टाफ नर्स (रिटायर्ड) पेंशन 49,530/- हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर बच्चे वाले, घरजमाई, रिटायर्ड, नौकरीपेशा, कारोबारी व्यक्ति मान्य #7400950663

**अनीता** यादव- 59/5'4", गवर्नमेंट स्कूल में प्रिंसिपल M.A., B.Ed. सैलरी 1,11,600/- महिला हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर बच्चे वाले, घरजमाई, नौकरीपेशा व्यक्ति स्वीकार #7247221947, 7693038150

**- यादव** 1990/5'3", NTT, CTET, BPSC, Qualified गोरी, संस्कारी गृहकार्यदक्ष कन्यार्थ शिक्षित सेवारत, संस्कारवान वर चाहिए। Genuine यादव परिवार केवल सम्पर्क करें 9580171598



## वधू चाहिए

### ब्राह्मण

**-सनाढ्य** ब्राह्मण, गोत्र वत्स भार्गव, जनवरी 95/5'-6", B.Tech, साफ्टवेयर इन्जीनियर MNC कार्यरत 26LPA वर हेतु B.Tech/MBA, MNC कार्यरत सुन्दर, शाकाहारी वधू चाहिए। Mo.8439062090, 7017611997

**-सनाढ्य,** ब्राहाण, 1992/5'-8", B.Tech, सिविल सरकारी विभाग में कान्ट्रेक्टर हेतु सुंदर, शिक्षित वधू चाहिए। सम्पर्क- 9286232653, 9457609422 मैरिजब्यूरो क्षमा।

**-शर्मा** (सी) 30/5'-6", बी.टेक मैकेनिकल MNC अहमदाबाद क्वालिटी इन्जीनियर पद पर 6LPA युवक हेतु मांगलिक, सुंदर, सुशील, साइंस स्नातक, गृहकार्य में दक्ष वधू चाहिए। मो.- 8417912539

**-कुमाऊँनी** ब्राह्मण 1982, 5'9" सरल स्वभाव, अपना व्यवसाय हल्द्वानी निवासी वर हेतु शिक्षित व सुशील वधू चाहिये। सम्पर्क - 9410598667, 9758755203

**ब्राह्मण** कान्यकुब्ज 32/5'-11" ग्रेजुएट, प्राइवेट बैंक में कार्यरत 8LPA, शाकाहारी, Non Alcohal/ Non Smoker युवक हेतु सुन्दर, शिक्षित, संस्कारी वधू चाहिए। मैरिजब्यूरो क्षमा। सम्पर्कः 9548009268

**-सनाढ्य** ब्राह्मण अविवाहित, 35/5'8", B.A, अच्छा व्यवसाय, प्लांट, काफी कृषि भूमि, मकान, कारें, अच्छी आय हेतु दहेज रहित, गृहकार्य में दक्ष उच्च जाति की वधु चाहिए, ग्रामीण कन्या को प्राथमिकता, अच्छी लड़की विधवा तलाकशुदा भी मान्य Whatsapp 9250918650, 9012217502

**-गौड़** ब्राहमण उम्र 38 5'6" BA, MA, LLB, MBA बैंक में कार्यरत सुन्दर, सुशील पढ़ी लिखि वधु चाहिये। Mob: 9319006871, 7467832833

**-गौतम,** हाथरस, (1986) B.Ed., Super-TET शाकाहारी, निज व्यवसाय चोट लगने से एक आँख में Minor Defect (30% से कम) सामान्य वर्ग सभी जाति स्वीकार्य #7906114599

**कुमाऊँनी** ब्राह्मण उच्चकुलीन जन्मतिथि 02/11/1992/5'6'' मकर राशि MINISTRY OF HOME AFAIR भारत सरकार B.Sc- I.B में कार्यरत ACIO-II हेतु सुयोग्य कन्या चाहिए। मो. 9627824215

**-सनाढ्य** वत्स गोत्र 37/5'-6" एम.ए., बी.एड., व्यवसाय प्राइवेट अध्यापक एक बच्चों के पिता हेतु विधवा और तलाकशुदा महिला ही सम्पर्क करें। मोबाइलः 8273996549

**-गौड़** ब्राह्मण मई 1991/ 5'11" गोत्र भारद्वाज (मेरठ वासी), सरकारी बैंक मैनेजन हेतु, सुशिक्षित, सुन्दर वधू चाहिए। 8076474001

**-सनाढ्य** ब्राहमण 1983/5'5" / आदि नाड़ी/ B.COM/ MBA/ LLB देहरादून निवासी अविवाहित वर हेतु सुन्दर, सुशील एवं गृहकार्य दक्ष शाकाहारी कन्या चाहिए सम्पर्क करें- 9411382709

**-गौड़** ब्राह्मण (कोशिक नाड़ी अन्त्य) 28/6"1 B.Pharma MBA ग्रेटर नोएडा बेस प्राइवेट कंपनी 10 लाख वार्षिक वर हेतु सुन्दर सुशील कामकाजी वधु चाहिए। वरीयता पश्चिम उ.प्र. मैरिज ब्यूरो क्षमा। नोएडा में अपना फ्लैट। संपर्क- 9412527591

**-Looking** for I.T. Professional Girl Preferably Brahman for Handsome Software Engineer (SDE-2 Amazon) Brahman (Dangwal) 5'10", 1996 Born Jalandhar Contact: 9501760621

**-गौढ़** ब्राह्मण गोत्र शान्डिल्य 6-02-1994, 5'-8", बी.कॉम., निजी व्यवसायं (इलैक्ट्रीकल शॉप) निजी मकान, दुकान युवक हेतु वधू चाहिये। मथुरा, आगरा, अलीगढ़ निवासी को वरीयता। संपर्क- 9690464501

**-38** वर्षीय, ब्राह्मण, शांडिल्य गोत्र, बेसिक अध्यापक, 3 बच्चे, 105000 प्रतिमाह वेतन, लखीमपुर-खीरी हेतु सजातीय (बाँझ) वधू चाहिए। मो.- 6393563631 8115265525

**-29/5'9"** B.Tech, M.Tech (IIT) Assistant Engineer in U.P. (जल निगम) 12LPA वर हेतु Working/ Not Working Girls भी मान्य, दहेज बंधन नहीं, शीघ्र विवाह, 8953892373

**-32/5'8"/** B.Tech/ MBA सरकारी भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ब्रांच मैनेजर पद पर कार्यरत वर हेतु वधू चाहिए, पिता रेलवे अधिकारी, उच्च जाति मान्य- 9999535981, 9971226394

**-ब्राहम्ण-** कान्यकुब्ज, 31/ 5'6", LLB (तलाकशुदा) तहसील मुख्यालय में मकान पाँच एकड़ जमीन इकलौते वारिश हेतु, सुंदर, शिक्षित, गृहकार्य दक्ष वधू चाहियें। 8810802464, मैरिजब्यूरो क्षमा।

**- Sanadya** Brahmin boy, 36/5'11", B.Tech+ PG, Scale-I Officer (PSU Bank), UP, Salary- 90,000 per month, Mutually divorced, Seeks well educated, beautiful girl. Contact- 9119022986

**-कुमाऊनी** ब्राह्मण, अक्टूबर 92, वशिष्ठ गोत्र, धनु राशि, 5'6", बी.टेक MNC हैदराबाद, 30LPA वर हेतु सुयोग्य कन्या चाहिए। 9899266218, 9654059320

**- Smart** Match for Dhiman Brahmin boy 80 born vegetarian unmarried good income own house and hostel. 9758296072.

**-ब्राह्मण** 5'7" इंच 25 वर्षीय, मासिक आय 35,000/- (इकलौता वारिस) सुंदर युवक हेतु कन्या चाहिए, जाति बंधन नही, शीघ्र विवाह, मोः 8868050447, 9897703381

**-नैनीताल** कुमाँऊनी ब्राह्मण 30/5'8'' रंग गेहुआँ बी.टेक. सिविल इंजिनियर स्वयं कन्स्ट्रक्शन कार्य हेतु बी.टेक. सिविल डिप्लोमा/शिक्षिका को वरियता सुयोग्य वधू चाहिये। संपर्क- 9927446952

**-Bride** for 33/5.8", 7LPA, fair, Chemist, Own shop & House, Punjabi Saraswat brahman, Veg at Lucknow, No Demand, Early Marriage. Contact Directly- 8756033611

**-कुमाऊँनी** ब्राह्मण, वर्ष 33/ लम्बाई 5'6, M.Sc. Agri, Biotech, हल्द्वानी निवासी, UP में प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हेतु शिक्षित, सुयोग्य एवं सुशील वधू चाहिए। सम्पर्क:8126522047

- सारस्वत ब्राह्मण, वत्स गौत्र 29/5'8", B.Tech, सॉफ्टवेयर इन्जिनियर MNC गुरुग्राम में कार्यरत 20 LPA हेतु B.Tech, MNC कार्यरत सुन्दर सुयोग्य वधु चाहिए। सम्पर्क 9837202048

### जाति बंधन नहीं

**-सैनी** 42/5'5", 12वीं I.T.I. प्राइवेट कार्यरत तलाकशुदा हेतु वधू चाहिए। सर्व जाति मान्य मो. 9634029210, 8310650038

**-पंजाबी** (तलाकशुदा) 36 वर्ष, 5'3'', इंटर पास, रंग साफ, बिजनेसमैन, 10 लाख सालाना, बच्चे नहीं हेतु गृहकार्य दक्ष वधू चाहिए। जातिबन्धन नहीं। #9193279286

**-37/** 5'5" अम्बाला निवासी प्राईवेट नौकरी अपना मकान, हेतु सुन्दर, सुशील, गृहकार्यदक्ष कन्या चाहिए। मोबाइल न. 9958759055 Email: 00000.mohan.00000@gmail.com

**-अग्रवाल,** 2/12/1992 सुन्दर स्मार्ट 6'-2", M.Com अधिकारी AXIS BANK आय प्रतिमाह स्वयं 55000+ पारिवारिक आय 1,21,000+ हेतु सुंदर लंबी (घरेलू/ नौकरी पेशा) युवती चाहिए। सभी सवर्ण मान्य केवल इच्छुक परिवारजन स्वयं सम्पर्क करें- 9412141134, 8800756404

**-लखनऊ** 46/5"2' सरकारी सेवारत (Marketing Inspector) वेतन 85,000/- प्रतिमाह (अधिकतम् 35 वर्षीया) सक्षम- सुयोग्य वधू चाहिए। Self Contact- 9415587373

**-गोयल** 44/5'6" ग्रेजुएट जॉब रेस्टोरेंट मैनेजर आगरा सैलरी 47000/- युवक हेतु जाति बंधन नही, दहेज नही, शिक्षित वधू चाहिए। मोबाइल 9837933152

**Sc** 37 वर्षीय 12 पास High Skilled Private Job 6 लाख वार्षिक तलाक शुदा हेतु वधु चाहिए। जातिबंधन नही- 7505958981 उत्तराखण्ड निवासी

### जाट

**-जाट** 30/5'10", M.Tech सिविल इंजीनियर MNC नोएडा में कार्यरत, पैकेज 15 लाख, हेतु सुन्दर, सुशील, शिक्षित वधू चाहिए। (जाट एवं अन्य उच्च जाति) #9458000333, 8901070101

**-जाट** 31/ 5'10"/ B.Tech IIT Asst Commissioner IRS., 29/ 5'9"/ MBBS MD (Rediologist) Doctor युवकों हेतु वधु चाहिए। वर्किंग नानवर्किंग सभी जाट 8601409694, 7311125042

**-वधु** चाहिए जाट Fourth Son, M.Sc. Ag. 28/171 निजि मकान, डांगी/ हुडा, बागपत रोडी, ट्रान्सपोर्ट व्यवसाय, रिटने 1 लाख प्रतिमाह दहेज नही, 8979581070, 9412756400

### जाटव

**-चमार** 29/5'9" B.Tech, M.Tech (IIT) Assistant Commissioner Income Tax Dept. 15LPA वर हेतु Working/ Not Working Girls भी मान्य, दहेज बंधन नहीं, शीघ्र विवाह, 7525801365

**-जाटव/34** वर्ष, 5'7'', अध्यापक (4600 ग्रेड-पे) अलीगढ़ निवासी वर हेतु सरकारी सेवारत, अर्द्धसरकारी, उच्च शिक्षित वधु चाहिये। (शिक्षिका को वरीयता), मो.9368720072, 7417010500



भारतीय शादियां अपनी खास परंपराओं के लिए जानी जाती हैं। कुमाऊंनी शादी में भी कई अनोखी रस्में होती हैं। 'अल्मुनिया' इनमें एक खास रस्म है।

# कुमाऊंनी शादी की रस्म 'अल्मुनिया'

कुमाऊंनी शादी की यह अनोखी और महत्वपूर्ण परंपरा है, जो शादी होने के बाद निभाई जाती है। यह रस्म नवविवाहित जोड़े और उनके परिवारों के बीच संबंधों को मजबूत करने और स्नेह प्रदर्शित करने का प्रतीक है। यह नए रिश्तों को अपनाने और उनकी नींव मजबूत करने का काम करती है।

## मायके वाले चले ससुराल

इस रस्म में शादी के कुछ दिन बाद दुल्हन के मायके के लोग उसके ससुराल पहुंचते हैं। समय दोनों परिवार आपसी सहमति से तय करते हैं। मायके वाले मिठाई, फल, पकड़े, गहने समेत अन्य उपहार लेकर जाते हैं। ससुराल वाले मायके वालों का विशेष आतिथ्य करते हैं।

## सांस्कृतिक विरासत

यह कुमाऊं की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पुरातन मूल्यों को दर्शाता है। झोली-भात, भट्ट की चुरकानी, आलू के गुटके और राई के साग आदि परोसे जाते हैं। पारंपरिक कुमाऊंनी मांगल गीत गाए जाते हैं। समय के साथ यह पंरपरा संक्षिप्त होती जा रही है।

**-जाटव/** चमार 33/5'10"/ MBBS 'PG' गवर्नमेंट मेडिकल ऑफिसर 19LPA वर हेतु सुयोग्य वधु चाहिए। जाति व दहेज बंधन नहीं। #8269993648

**-जाटव** 25/5'-6'' B,Sc(Math) B.ed, गुणांक-70% पिता इण्टर कॉलेज रिटायर प्रधान लिपिक,भाई सरकारी सहायक अध्यापक स्वयं संविदा कार्यरत सुन्दर युवक हेतु सुन्दर, शिक्षित वधू चाहिए। मो.9286227945

### कायस्थ

**-कायस्थ** तलाकशुदा 1998, M.S.W. डी.फार्मा S.S.K. मैनेजर डिस्ट्रिक हॉस्पिटल में कार्यरत मासिक आय 25000 युवक हेतु वधू चाहिए, मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। मो. 6396869119

**-कायस्थ** 32/ 5'6" मोबाइल शाप, आय- 360000,00 हेतु वधू चाहिए, दहेज रहित विवाह। तलाकशुदा हो, (बच्चे न हो) सम्पर्क- 9198734833, 9984166308

**-सक्सेना** कायस्थ- मांगलिक इकलौता लड़का, 1997 दिसम्बर/ 5'-11'', ग्रेजुएट, हैंडसम बिजनेसमैन, बरेली निवासी युवक हेतु सुन्दर, सुशील कन्या चाहिए। जाति बंधन नहीं। सम्पर्कः- 8057599693, 9634245888

**-कायस्थ,** सक्सेना, 31/ 6', M.Com., निजी व्यवसाय, आय 7 लाख प्रतिवर्ष, युवक हेतु सुन्दर, शिक्षित, गृहकार्यदक्ष वधू चाहिए। मैरिजब्यूरो क्षमा। मो- 9450202366, 9935791504

**-सक्सेना 1984/5'7" इंटरमीडिएट 6LPA अपना मकान , इकलौते पुत्र हेतु विधवा तलाकशुदा व गरीब परिवार की वधू चाहिए ,जाति बंधन नहीं |संपर्क 7017511749 , 9027277965**

**-मार्च** 1992/5'-6" बीटेक (सीएस) MNC गुड़गांव में कार्यरत 21.26 LPA हेतु सुन्दर प्रोफेशनल/ वेल क्वालिफाइड वधू चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा। मो. 7818054349, 9412196552

**- Khare,** 28, 5'10", handsome boy,Kotak bank Deputy Manager, seeks beautiful, educated, girl, fair, homely/ working, kayastha, 9873350079 (marriage breau not allowed)

### क्षत्रिय

**-श्रीवास्तव** शाकाहारी 1991/5'11" B.Tech LL.B सुप्रीम कोर्ट मैं वकील दिल्ली में प्रतिष्ठित Law Firm 15 LPA युवक हेतु सुयोग्य वधु चाहिए मो/whatsapp 9411408650

**-भारद्वाज** गोत्र बघेल क्षत्रिय 31/ 5'11" वार्षिक आय- 2 लाख, आंशिक मांगलिक वर हेतु आंशिक मांगलिक वधु चाहिए। सम्पर्क करें- मो. 8707584397

### मुस्लिम

**-सुन्नी पठान 30/5'7" एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन (सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी) लड़के हेतु एम.बी.बी.एस., एम.एस./ एम.डी./ डी.जी.ओ. सुन्दर, पठान, शेख, सैयद कन्या चाहिए (देवबन्दी नहीं) 8318455645, 9415355441**

**-सुन्नी** सैयद 5'4" 60 वर्ष, एमए, बीएड, (इंटर कॉलेज रिटायर्ड अध्यापक) मासिक पैनशन,60000 तलाक शुदा को वधू चाहिए। जाति बंधन नहीं संपर्क करें 9997037024, 9456030665

**-सुन्नी** मुस्लिम 44/5'6" डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफे सर, डबल एम.ए.( राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र) बी.एड., यू.जी.सी.नेट(समाजशास्त्र) हेतु सरकारी/प्राइवेट कार्यरत वधू चाहिये। सरकारी सेवारत को प्राथमिकता। 7983127857, 8171149751

**-Sunni** Muslim MBBS, MS, Doctor Boy Divorcee 38/5'5", Govt. Job (UP), 24LPA, Seeking Medico/ Non-Medico, Educated Girl. Caste No Bar #9760931509, 8738990241, Send Biodata, Photo

**-सैफी** उम्र 35, लम्बाई 5'-7'', B.U.M.S., MBA, निजी अस्पताल 50 बैड का, अच्छी आय युवक हेतु MBBS, BUMS, BAMS वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं- 9917376541

**-सुन्नी** मुस्लिम सय्यद इकलौता तलाकशुदा 40/5'-6'' B.Tech. Engineer निजी व्यवसाय, मकान हेतु शिक्षित दीनदार वधू चाहिये जाति बंधन नहीं। मोबाइल 6396211887

**-सुन्नी,** देवबंदी, पठान, एमबीए, अपना घर, अपना कारोबार, ख़ुशअख़लाक़, ख़ूबसूरत लड़के (30/5'8") हेतु पढ़ी लिखी, नरम मिज़ाज, बापरदा, घरेलू, ख़ूबसूरत, ख़ानदानी लड़की चाहिए। 9873747068/ 7289902212

**-30/5'10"** एम.टेक. (IIT) सीनियर सेक्शन इंजी. इंडियन रेलवे 12 लाख वार्षिक एव पिता शासकीय अधिकारी सभी सुन्नी संपर्क:- 08878673851

**-सुन्नी** मुस्लिम पठान 30वर्ष एमटेक, 12LPA हेतु सुंदर, सुशील एवं सुशिक्षित वधू चाहिए। बीटेक, एमटेक को वरीयता। संपर्क- मो- 6393243658, 9140706991

### अन्य

**-कश्यप** 29/ 5'8", LLB, मैकेनिकल डिप्लोमा, स्मार्ट युवक, अपना मकान, व्यवसाय, आय 12-15 लाख, पिता सहारनपुर रेलवे में हेतु सुशिक्षित, वधू चाहिए। #9760540631 (व्हाट्सएप)

**-पाल** गड़रिया (नीखर) 32/5'-5", MBA, ब्लैकबेरी दिल्ली में कार्यरत, आय 16LPA युवक हेतु। सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ MBA/ B.Tech/ BCA सुशील वधू चाहिए। सम्पर्क करें- मो.- 9971467270, 8299738456

**-मौर्य** कुशवाहा 28/5'-7" B.Sc., M.B.A. B.Ed निजी गेस्टहाउस/ इंटर कॉलेज संचालक युवक हेतु B.Ed., TET, CTET (उच्च प्राथमिक) वधू चाहिए। पेरेंट्स सरकारी सर्विस। 9719648224, 9023109234

**-कश्यप** 37/ 5'4" सरकारी सेवारत उत्तर प्रदेश सरकार, असिस्टेंट प्रोफेसर होम्योपैथिक मेडिकल कालेज हेतु सुंदर, सुशील, मेडिको या नॉन मेडिको वधु चाहिए। जाति बंधन नही। संपर्क- 8273030429, 9457167674

- 31/5'9", रंग गोरा, सॉफ्टवेयर डेवलपर, एम.एन.सी में कार्यरत युवक , आय 7.5 लाख PA हेतु सुन्दर, सुशील कुमाऊनी शिल्पकार वधू चाहिए। सेवारत को वरीयता। 8433010641

**-Verma** (Patel) 30yr./5'11" IITD, IIMC, IAS (24 Batch) seeks B'ful Slim Age below 28, Height above 5'4", PG Girl from Educated Family. Contact: 9687657651

**-प्रजापति/कुम्हार-** 25, 5'7" B. TECH (IIT) सॉफ्टवेयर इंजीनियर 30 LPA माता-पिता Govt. Teacher हेतु सुशील कन्या चाहिए IT सेक्टर में कार्यरत को वरीयता 9839502796, 8115258027

- जाति बंधक नहीं 32/5'-6" B.Sc. लोको पायलेट स्टेशन हरिद्वार सरकारी नौकरी युवक हेतु सुयोग्य गृह कार्य दक्ष कन्या चाहिए सभी वर्ग मान्य- Ph. 8126000829, 9808443194

**- कुशवाहा/** मौर्या 55/5'6" प्राइवेट लॉ कॉलेज में क्लर्क, निजी मकान, अपना निजी प्राइवेट महाविद्यालय, निःसंतान सज्जन युवक हेतु- सरकारी कार्यरत वधू चाहिए (उ.प्र.) मो. 7523838676


परिणय विज्ञापन का शेष अगले पृष्ठ पर

## न्यूज डायरी

### पैरा-ग्लाइडर, मानव रहित हवाई वाहन उड़ाने पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस व दिल्ली चुनाव को देखते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने टीम को अलर्ट रहने को कहा है। इसके तहत पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग ग्लाइडर, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी), मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस), माइक्रो-लाइट विमान, दूर से संचालित विमान, गर्म हवा के गुब्बारे, छोटे आकार के संचालित विमान, क्वाडकॉप्टर आदि उड़ाने, विमान से पैरा-जंपिंग, उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध 18 जनवरी से 15 दिनों की अवधि यानी 1 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। ब्यूरो

### जहांगीरपुरी में हत्या मामले में वांछित अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने भोला गैंग के सहयोगी रितिक को जहांगीरपुरी थाना क्षेत्र के सनसनीखेज हत्या मामले में गिरफ्तार है। आरोपी वारदात के बाद से ही फरार था। उसे जहांगीरपुरी थाने व महेंद्रा पार्क थाने के हत्या के प्रयास के एक-एक मामले में घोषित अपराधी घोषित किया हुआ है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त सतीश कुमार के अनुसार, पुलिस को 26 दिसंबर, 2024 को एक पीसीआर कॉल मिली थी कि जी-ब्लॉक, जहांगीर पुरी के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। शव पर चाकू के वार के कई घाव थे। मृतक की जहांगीर पुरी, दिल्ली निवासी पहचान उमेश उर्फ पोता उर्फ चिंकू के रूप में हुई थी। उमेश की हत्या का आरोप रितिक पर था। ब्यूरो

### महाकुंभ से दिल्ली लौटे दादा-पोती गायब, पुलिस ने ढूंढा

**नई दिल्ली।** जोधपुर का एक परिवार प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से दिल्ली लौटा। उनकी अगले दिन की ट्रेन थी। परिवार लाहौरी गेट की एक धर्मशाला में रुक गया। इस बीच मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग पांच साल की पोती के साथ गायब हो गए। परिजनों को जब इसका पता चला तो उनके होश उड़ गए। परिवार ने लाहौरी गेट थाने में सारी बात बताई तो 20 पुलिसकर्मियों की टीम एक्शन में आ गई। करीब दो घंटे के भीतर बुजुर्ग और मासूम को लालकिला के पास से सकुशल ढूंढ निकाला। ब्यूरो

### पिस्टल लहराने का वीडियो डालने पर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला वाहन चोरी निरोधक शाखा ने जतिन उर्फ दीपांशु (19) को शुक्रवार को बवाना से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। उस पर सोशल मीडिया पर हथियार लहराते वीडियो डालने का आरोप है। पूछताछ में बताया कि उसे अवैध हथियार रखना और दिखाना पसंद है। उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं हैं। ब्यूरो

# गणतंत्र दिवस पर ड्रोन और भारी वाहन से आतंकी हमले की आशंका

## पुलिस ने दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाते हुए अलग से डीसीपी किया तैनात

पुरुषोत्तम वर्मा

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस-2025 के मौके पर आतंकी ड्रोन के जरिए या फिर भारी वाहन(रनिंग वाहन) को भीड़ में घुसाकर हमला कर सकते हैं। खुफिया विभाग की ओर से दिए गए आतंकी हमले के ये इनपुट बहुत ही सीरियस हैं। ऐसे में गृहमंत्रालय के ओर से सभी एजेंसियों को एक साथ एक प्लेटफार्म पर आकर आपसी समन्वय करने का आदेश दिया है। इनपुट को देखते हुए दिल्ली पुलिस की ओर से पुलिस उपायुक्त(डीसीपी) एंट्री ड्रोन तैनात किया गया है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि ये नई पोस्ट बनाई गई है।

गृहमंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार आतंकी हमले के बहुत ही हाईलेवल इनपुट हैं। इनपुट में कहा गया है कि इस बात की संभावना सबसे ज्यादा है कि आतंकी ड्रोन से हमला कर सकते हैं। हाल ही में रूस-यूक्रेन समेत अन्य देशों के बीच हुए युद्धों में हमले के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। इन देशों के बीच देखा गया है कि हाई टेक्नोलॉजी व अन्य आधुनिक ड्रोन से हमला गया है। ऐसे में ड्रोन भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। इसके अलावा ये भी इनपुट हैं कि जैसा कई देशों में हो रहा है आतंकी किसी भारी वाहन को भीड़ में घुसाकर हमला कर सकते हैं। ऐसे कर जान-माल का ज्यादा नुकसान हो सकता है। इसे रोकने के लिए दिल्ली पुलिस पूरी तरह हाईअलर्ट मोड में आ चुकी हैं।



दिल्ली के विकास मार्ग पर एक वाहन की जांच करते सुरक्षाकर्मी। अमर उजाला

### आतंकी हमले रोकने के लिए कमांड सेंटर बनाया

सुरक्षा एजेंसियों के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ड्रोन हमले को देखते हुए सभी सुरक्षा सुरक्षा एजेंसियों को एक प्लेटफार्म पर लाया गया है।

- दिल्ली पुलिस, एयरफोर्स, एनएसजी,आईबी, पैरा-मिलिट्री फोर्स और बीएसएफ को आपस में कोर्डिनेशन करने कर सुरक्षा बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं। इसके लिए एक कमांड सेंटर बनाया गया है। अभी तक गणतंत्र दिवस की सुरक्षा में दिल्ली पुलिस व एयरफोर्स होती थीं। मगर इस बार सभी एजेंसियों को एक साथ कोर्डिनेशन करने के लिए बोला गया है।

### एयर ट्रैफिक अभी से प्रतिबंधित

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि एयरफोर्स ने हवा में निगरानी रखनी शुरू कर दी है। अभी से विमानों की आवाजाही कम कर दी गई है। इसके साथ ही 26 जनवरी को आसमान पर किसी की तरह के विमान की आवाजाही नहीं होगी। इसे लेकर निर्देश जारी किया जाएगा।

**डीसीपी ड्रोन नियुक्त किया गया है :** दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली बार 26 जनवरी को पुलिस उपायुक्त, ड्रोन लगाया गया है। आईपीएस अफसर अशोक विश्नोई को डीसीपी लगाया गया है। कमांड सेंटर में सभी एजेंसियों के एक-एक अधिकारी तैनात होंगे। ये अधिकारी अपनी एजेंसी अधिकारियों से कॉर्डिनेशन करेंगे।

**दिल्ली पुलिस आए दिन कर रही है मॉक ड्रिल :** दिल्ली पुलिस किसी भी आतंकी हमले से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हो रही है। पूरी दिल्ली में जगह-जगह सुरक्षा बढ़ाने के अलावा बेरीकेड लगाकर चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस आए दिन मॉक ड्रिल की जा रही है। मॉक ड्रिल के दौरान आतंकी हमले होने व आतंकियों के इमारत में घुसने की कॉल दी जा रही है।

# आज आसमान में छाए रहेंगे बादल घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी

### शनिवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को घने से घना कोहरे लोगों को परेशान कर सकता है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में वाहन चालकों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर मध्यम कोहरा व कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा

शाम व रात के समय स्मॉग व हल्का कोहरा छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। उधर, पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं ने ठंड के साथ घने कोहरे का प्रकोप बढ़ा दिया है। पालम एयरपोर्ट में शनिवार रात तीन बजे से लेकर सुबह साढ़े चार बजे तक दृश्यता 200 मीटर रही। वहीं, सफदरजंग एयरपोर्ट में सुबह सात बजे दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। हवा में नमी का स्तर 57 फीसदी के साथ 97 फीसदी तक रहा। ब्यूरो



हस्तचालित क्रेन

### हस्तचालित 140 साल पुरानी क्रेन दोबारा रेल ट्रैक पर उतरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने 140 साल पुरानी क्रेन को फिर से ट्रैक पर उतारा है। यह हस्तचलित क्रेन भारतीय रेल की धरोहर और स्मृति चिह्न भी है। 1885 में इसे ग्लास्गो (स्कॉटलैंड) में बनाया गया था। पहली बार यह अवध और रोहिलखंड रेलवे में चली थी। 1925 में इसे ईस्ट इंडिया रेलवे में शामिल किया गया था। रेलवे के इंजीनियरों ने इतनी पुरानी क्रेन को महज तीन दिनों में ठीक किया, जबकि इसकी हालत बिल्कुल खराब थी और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन पर पड़ी थी। ब्यूरो

# फरीदाबाद में शादी से इन्कार करने पर किशोरी का गला काटा, मौत

## छेड़छाड़ के मामले में जेल से जमानत मिलने के बाद सिरफिरे ने दिया वारदात को अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरीदाबाद।** डबुआ थाना क्षेत्र में शादी से इन्कार करने पर एक सिरफिरे ने शनिवार शाम को 15 वर्षीय किशोरी की चाकू मारकर हत्या कर दी। किशोरी अपने एक पड़ोसी के घर पर गई थी। वहीं, पवन पहले से मौजूद था। शादी से मना करने पर पवन ने गला रेत दिया और चेहरे पर कई वार किए। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से भाग गया।

पुलिस ने पवन को 9 महीने पहले किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया था। उसे सितंबर में जमानत मिल गई और जेल से बाहर आ गया। डबुआ थाना क्षेत्र निवासी महिला ने अप्रैल 2024 में शिकायत दी थी कि दूसरी गली में रहने वाला पवन उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया । शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर किशोरी को बरामद कर पवन को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर लिया था। जेल से जमानत पर छूटने के बाद से ही पवन शादी के लिए दबाव बना रहा था। किशोरी की मां उनके मिलने का विरोध भी करती थी। किशोरी के पिता परिवार से अलग रहते हैं।

### पिछले साल अप्रैल में पवन को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया था

आरोपी पिछले साल 9 सितंबर को जेल से बाहर आया था। हत्या की वारदात के बाद आरोपी फरार है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। **- यशपाल, पुलिस प्रवक्ता फरीदाबाद**

शनिवार शाम को किशोरी अपने पड़ोस में रहने वाली महिला ममता के घर पर गई थी। वहां पर पवन उससे मिलने के लिए पहुंचा था। हमले के बाद किशोरी को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। अनबन के कारण किशोरी के पिता उसकी मां से अलग जयपुर में रहते हैं।

### संपत्ति को कई बार गिरवी रखकर करोड़ों का लिया लोन, मां-बेटे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कीर्ति नगर में फर्जी कागजात के जरिये, एक संपत्ति को कई बार गिरवी रखकर लाखों का लोन लेकर भागे, मां-बेटे को पुलिस ने राजौरी गार्डन से शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नवप्रीत सिंह और तजिंदर कौर के रूप में हुई है। अदालत ने दोनों को इस मामले में भगोड़ा करार दिया था।

कीर्ति नगर थाने में मार्च 2024 में फर्जीवाड़े के दो मामले दर्ज किए गए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रविंदर सिंह और कमलजीत सिंह की मानसरोवर गार्डन में संयुक्त रूप से एक संपत्ति थी। 2016 में रविंदर की मौत के हुई थी। उनकी पत्नी तजिंदर कौर, बेटे नवप्रीत सिंह और उसके साला कमलजीत सिंह ने दस्तावेजों में जालसाजी करके हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से कई बार लोन लिया। पहला लोन 2012 में 2.5 करोड़ रुपये का लोन लिया था, लेकिन उसे नहीं चुकाया। उसके बाद 75-75 लाख के दो और लोन ले लिए। फिर आरोपियों ने संपत्ति के फर्जी कागजात तैयार कर उसे अनु बंसल को 45 लाख रुपये में बेच दिया। मामला दर्ज होने के बाद सभी आरोपी भाग गए। जून 2024 में अदालत ने आरोपियों को इस मामले में भगोड़ा करार दिया। ब्यूरो

# आप विधायक ने मकोका केस में जमानत के लिए याचिका दी

**अदालत से**

**नई दिल्ली।** आप विधायक नरेश बाल्यान ने निचली अदालत द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद मकोका के तहत एक मामले में जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार को संभव है।

कड़े महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामले में 4 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए बाल्यान को पहले जबरन वसूली के एक मामले में जमानत दी गई थी। 15 जनवरी के अपने आदेश में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के नेतृत्व वाली निचली अदालत ने कहा कि बाल्यान को एक संगठित अपराध सिंडिकेट से जोड़ने के पर्याप्त सबूत हैं। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि बाल्यान समूह के सदस्य के रूप में चल रही गैरकानूनी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल प्रतीत होता है। दिल्ली पुलिस ने 8 जनवरी की सुनवाई के दौरान बाल्यान की जमानत याचिका का विरोध किया था। ब्यूरो

### आतिशी के मानहानि मामले में अपील पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** अदालत ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना की उस अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने मानहानि के मामले में उनके खिलाफ जारी समन को चुनौती दी थी। मानहानि की शिकायत भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर ने दायर की थी। कपूर ने आरोप लगाया था कि 2 अप्रैल, 2024 को प्रेसवार्ता के दौरान आतिशी के बयान मानहानिकारक थे और इससे उनकी और भाजपा की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा था। ब्यूरो

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली।** नरेला क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त सोनीपत हरियाणा निवासी भोला (25) के रूप में हुई है। वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए नरेला आया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। नरेला पुलिस को शनिवार सुबह पवार स्कूल के पास एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। ब्यूरो

# नाबालिग से दुष्कर्म, 60 वर्षीय दोषी को 12 साल की सजा

**नई दिल्ली।** कोर्ट ने 2018 में नाबालिग से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के मामले में 60 वर्षीय दोषी को 12 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया।

रोहिणी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) सुशील बाला डागर ने सजा सुनाते हुए कहा बच्चे परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, पड़ोसी, शिक्षक आदि द्वारा किए गए यौन अपराधों का शिकार हो रहे हैं। अपनी उम्र के हिसाब से मासूम होने के कारण लड़के और लड़कियां दोनों ही यौन शोषण का शिकार हो रहे हैं। पितृ सत्तात्मक समाज में हर कोई अवैध संभोग के लिए अपराधी द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न की घटना में शामिल पीड़ित बच्चे को दोषी ठहराने में जल्दबाजी करता है।

इसमें दोषी पर ही पूरा दोष होना चाहिए क्योंकि पड़ोसी होने के बावजूद वह पीड़ित बच्चे के साथ जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार है। ब्यूरो

# दहेज हत्या के आरोपी को जमानत देने से इन्कार

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने कहा कि महिलाओं को अपने वैवाहिक घरों में कष्ट सहना चाहिए, क्योंकि विवाह के बाद यही सही काम है, यह मानसिकता अपराधियों को प्रोत्साहित करती है। अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में पति को जमानत देने से इन्कार करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा यह मानसिकता अपराधियों को प्रोत्साहित करती है और इसका फायदा उठाती है। इसमें पति भी शामिल है जो अपनी पत्नी की हत्या कर देता है। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए कि पीड़ित पत्नी के पास जाने के लिए कोई और जगह नहीं है, क्योंकि उसके माता-पिता भी उसे यातना व शारीरिक शोषण के बावजूद उसके साथ रहने की सलाह दे रहे हैं। ब्यूरो


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (वि./यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

नि.आ.सू. दिनांक 16/01/2025 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 24/01/2025

Physical Submission Last Date 29/01/2025

ऑनलाईन निविदा द्वितीय आमंत्रण

| क्र. | नि.आ.सू. क्रमांक | ऑनलाईन टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 83 | 164490 | Providing necessary Electrification work for Installation of DVOR at Bilasa Devi Kewat Airport, Chakarbhatha Bilaspur (C.G.) | 103.48 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता

लो.नि.वि., (वि./यां.) मण्डल, बिलासपुर (छ.ग.)

G-242505439/1

## पश्चिम मध्य रेल

### खुली निविदा इंजीनियरिंग विभाग

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–05–2025 दिनांकः 15.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना एवं सहायक मंडल इंजीनियर कटनी क्षेत्राधिकार के अधीन कटनी–सतना और जबलपुर–सलैया खंड पर ड्रिल किए गए छेद का कोल्ड बोल्ट विस्तार।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 9,32,400/–, **बयाना राशि रूपयेः** 18,700/–, **समापन अवधिः** 06 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–06–2025 दिनांकः 15.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (उत्तर) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सतना–मानिकपुर खंड के सगमा, मारकुंडि और बारामाफी स्टेशनों पर लाइनों की क्लियर स्टैंडिंग लेंग्थ/क्लियर स्टैंडिंग रूप की वृद्धि।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 51,92,287/–, **बयाना राशि रूपयेः** 1,03,900/–, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–07–2025 दिनांकः 15.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत इटारसी–जबलपुर खंड पर 26.80 कि.मी. टीआरआर (थ्रू रेल रिन्यूअल) और 76.83 कि.मी. टीएफआर (थ्रू फास्टनिंग रिन्यूअल) का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 3,89,40,603/–, **बयाना राशि रूपयेः** 3,44,700/–, **समापन अवधिः** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 16.00 बजे तकः** 07.02.2025, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजेः** 07.02.2025। उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



# अमर उजाला परिणय matrimonials

विज्ञापन बुक करें • टोल फ्री नंबर 7617-499-777 सुबह 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक amarujala.com



## वधू चाहिए

### परिणय विज्ञापन का शेष

#### अन्य

-**कश्यप** 26 वर्षीय, 5 फीट 5 इंच, साफ्टवेयर इंजीनियर, Working in TCS, Noida हेतु सुन्दर, पारिवारिक कन्या चाहिए। उत्तराखण्ड को वरीयता #9971889884, 9711492786

-**कुर्मी,** 1990/5'-4", B.Tech+ B.Ed., प्राइवेट सर्विस हेतु सुंदर, सुशील, वधू चाहिए। कोई जाति बंधन नहीं। मो.- 9634079988, 7895398898

-**हिन्दू** नाई, 30 वर्ष/ 5'7" B.Tech HDFC Bank Professional युवक हेतु B.Sc/ M.Sc+ Btc/ B.Ed वधू चाहिए पूर्वांचल की वरीयता, M.No.- 9760884006

-**प्रजापति** 34वर्ष/5'-8", प्राइवेट जॉब, नजीबाबाद निवासी युवक हेतु सुंदर, गृहकार्य दक्ष घरेलू वधू चाहिए, (दहेज रहित विवाह, जाति बंधन नहीं) संपर्कः 6395931698, 9599309545

-**S** C Boy, B.Tech, MBA. 37/ 5'.10" 28 LPA, MNC, UK Returned, Vegetarian, Preferred working GirlGovt / Private or B.Tech ,MBA ,MCA ,Well Qualified.M 6304161877.

- **Chamar/** Jatav, 5'5", Site Engineer, July 1985, M.Tech, B.Tech- Civil Seeks Homely Girl. Preference UP East. Mo- 9044863166

-**सैनी** 26/5'-8" M.Sc, BEd., अध्यापक निजी कोचिंग सेन्टर हरिद्वार निवासी 5 LPA युवक हेतु शिक्षित सुन्दर पारिवारिक वधू चहिये सभी सैनी मान्य 9411578661,7351699148

-**कुर्मी** 29 वर्षीय लड़का लखनऊ निवासी M.Tech, Senior Software Engineer 40 LPA हेतु शीघ्र विवाह के लिए कन्या चाहिए। संपर्कः (080-69129241)

-**कश्यप** (कहार) 1999/5'8" B.Tech (NIT) RRCAT DAE में कार्यरत वैज्ञानिक अधिकारी (राजपत्रित) हेतु सुयोग्य, सुन्दर, सुशिक्षित वधू चाहिए। मो0- 6387205023, 9580391583

#### पंजाबी/ सिख

-**अरोरा** (कश्यप गौत्र) कद 6'1"/ जन्म 13-11-1996/ नोएडा स्थित प्रसिद्ध इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में डिप्टी मैनेजर/ वेतन 12 लाख मासिक युवक हेतु वधु चाहिए। फोनः 9837005062

-**33/** 5'-7" कानपुर निवासी, नोएडा में कार्यरत सिविल इंजीनियर सिक्ख (क्लीन शेव) हेतु वधू चाहिए। माता-पिता रिटा.आफी. जाति/दहेजबंधन नहीं, मैरिज ब्यूरो क्षमा, मो. 9839603154, 8707797672

-**Suitable** Match for Arora Boy 11-12-91, BBA, 5:58 pm, 5'-10", vegetarian,businessman, own showroom, Panchkula 7973179619.

#### राजपूत

-**क्षत्रिय** राजपूत 31 वर्षीय तलाकशुदा हेतु वधु चाहिए। सभी उच्च जाति मान्य है मैरिज ब्यूरो क्षमा करें मोबाइल नम्बर #8130581729, 9958908122

-**कुमाँऊनी** राजपूत युवक, 5'4"/29 वर्ष/ B.Sc.IHM/MBA/ निजी व्यवसाय हल्द्वानी हेतु सुशिक्षित, सुशील एवं संस्कारी वधू चाहिए। सम्पर्क करें- 6396114113, 7017190512

-**Suitable** Match for 27 years 5'9 ft height handsome Punjabi Rajput boy Chandigarh born. Business family, cast no bar. required beautiful girl, Contact - 9814006127

**BRIDE WANTED**

Suitable match form well educated, beautiful and attractive Girl from affluent, Himachali Rajput/ Upper Hindu caste family. For south delhi based 1995 born, very fair tall handsome boy, Law Graduate from UK. Family belongs to Kangra Himachal Pradesh, running successful Business of Garment Exports and Helathcare in Delhi NCR. Send profile, Recent Photographs and horoscope on Whatsapp no: +919810830048 Marriage Bureau may excuse!

-**कुमाऊँनी** राजपूत हल्द्वानी निवासी 32 वर्षीय 5'8", राष्ट्रीयकृत बैंक में पीओ पद पर कार्यरत वर हेतु सुशिक्षित, संस्कारी वधु चाहिए। #8193096908

-**हिन्दू** राजपूत 33/5'10" MBA (IIM), B.Tech. MNC बैंगलोर में कार्यरत वर हेतु MBA, M.Tech, M/S कार्यरत वधू चाहिए। उत्तराखंडी को वरीयता, सम्पर्क- 9450461299, 7275432873

-**गढ़वाली** राजपूत 43/5'-4", कोटद्वार निवासी सेना में सेवारत इकलौते पुत्र हेतु 33 वर्ष से कम आयु की उत्तराखंड निवासी शिक्षित, गृहकार्य दक्ष सजातीय वधू चाहिए। निःसंतान विधवा, तलाकशुदा भी मान्य। सैनिक विधवा को प्राथमिकता। संपर्कसूत्रः 9897864261

#### वैश्य

- **Bisa** Agarwal Boy 6'2" 25.8.1983 issueless divorcee, Ph.D Computer, Working MNC, Vegetarian, Own House, Father Principal Scientist, Send Biodata on WhatsApp 8708877510

-**आशिक** मांगलिक अग्रवाल 19.04.1991, 5'9", B.Tech, MNC नोएडा कार्यरत, आय 25 लाख, निजी फ्लैट गाजियाबाद, स्मार्ट युवक हेतु शिक्षित, संस्कारी वधू चाहिए। (कार्यरत प्राथमिकता) #9219607449

-**वैश्य** 5'6", 37 वर्ष पोस्ट ग्रेजुएट/ प्राइवेट कम्पनी जॉब लड़के हेतु वधु चाहिए। (बरेली व आस पास को वरीयता) मोः- 9899592178

-**जैन,** 38 वर्ष (अविवाहित) 5'2", MBA Deputy Manager Toyota कम्पनी, गुडगाँव में कार्यरत हेतु सुन्दर शिक्षित वधू चाहिए। (सभी वैश्य मान्य) सम्पर्क सूत्र 9897016577, 9719594602

-**अग्रवाल** गोयल 1993/5'-7", BTech, Software Engg. At IBM India Pvt Ltd (Noida) युवक हेतु सेवारत, सुंदर, सुशील कन्या चाहिए। संपर्क करें। मोबाइलः 8630456658, 9837887156

-**वैश्य** 34/5'-8" प्रतिष्ठित सर्राफ, स्वयं का निजी हाईस्कूल, हैंडसम, प्रतिष्ठित परिवार के युवक हेतु सुयोग्य वधू चाहिए। सभी वैश्य मान्य। मैरिज ब्यूरो क्षमा। #9837163005

-**अग्रवाल,** सितम्बर, 1991/5'11", बी.कॉम/ CA (Finilist), नॉन-मांगलिक, नौकरी as Electronic Enginers (प्रा. लि.)/ किराया आय 16LPA, स्वयं का मकान, नोएडा हेतु वधु चाहिए। मो. 9650023249

-**अग्रवाल/गर्ग,** 19.08.1995, 5'4", जन्म 12:20PM Senior Engineer, मानेसर में कार्यरत, वार्षिक आय 5LPA हेतु सुयोग्य वधु चाहिये (दहेज रहित)। मैरिज ब्यूरो क्षमा, मो.9358880199, 8868034264

-**वैश्य** 12/12/1992/ 5'7" रंग- साफ नॉन मंगली MBA, BSc दवाईयों के थोक विक्रेता (एटा) हेतु शिक्षित घरेलू वधू चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा। (M)- 9458863008, 9639552023

-**रस्तोगी** 37/5'-8", MA, बिजनेसमैन, सुन्दर वर हेतु तलाकशुदा, कुंवारी, गोरी, शिक्षित वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं (एक बच्चा मान्य) सम्पर्क करेंः- 9897422443

-**अग्रवाल,** 28, 5'6", B.com, निजी व्यवसाय आय 6 अंकों में माहवार हेतु, सुशील सुंदर, सुशिक्षित, ग्रह कार्य वधु चाहिए। हापुड़ (यू0पी0) 9837282591

-**अग्रवाल** मंगल गौत्र M.Tech (IT), MNC में दिल्ली कार्यरत 5'10"/ 01.11.1990 सहारनपुर निवासी सुन्दर शिक्षित वधु चाहिए। सभी वैश्य मान्य 9457888165, 9412453805

-**जयसवाल,** मांगलिक 1993/5'-7" इकलौता पुत्र व्यवसाय, बी.ए. 12LPA कोठी, कार, पिता सरकारी अधिकारी सेवानिवृत, बरेली आसपास को वरीयता। सर्व वैश्य मान्य। मैरिजब्यूरो क्षमा। सम्पर्क- 7351521202, 9720639411

-**अग्रवाल,** 46, 5'3", अविवाहित, घर का मकान- दुकान, वृंदावन निवासी हेतु, घरेलू/ अविवाहित/ बिना संतान वाली विधवा स्वीकार है। सभी वैश्य मान्य। मैरिज ब्यूरो अमान्य। 9760012372

- **Garg** Unmarried Handsome 5'11" 36 years Chartered Accountant Own CA firm at Jaipur, Belongs UP renowned family Yearly Income 20 lacs. Mobile- 94139-72591, 93529-56903

-**गर्ग** गोत्र 1985/ 5'5", M.Com दवा व्यवसाय हसनपुर जिला अमरोहा (उत्तर प्रदेश) निवासी हेतु शिक्षित सुशील घरेलू वधू चाहिए सम्पर्क करें 9760922285

**अग्रवाल,** 31/5'11", B.Tech, निजी व्यवसाय, हापुड़ निवासी हेतु शिक्षित घरेलू वधु चाहिए। शादी दहेज रहित /संस्था, मैरिज ब्यूरो क्षमा करें, संपर्क 9760583731, 9897259248

-**आंशिक** मंगली, अग्रवाल 30,5'10, B.Tech, MBA (IIM) गुडगांव में मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत, वेतन-35 LPA निर्व्यसनी हैडंसम युवक हेतु सुयोग्य वधु चाहिए। संपर्क करें-8410006514, 8171010482

-**अग्रवाल** 30/5'8" B.Tech. (IIT) M.Tech (IIT) वर्किंग (Software Engineer) (48 लाख वार्षिक) पिता (इंडस्ट्री) हेतु (अग्रवाल गुप्ता जैन) वधू मान्य, मो0-08770129047

#### यादव

-**23/6"** B.Tech (c.s) MBA (AI) Bilheniya Salary 150,000/ Month Wanted B.Tech M.Sc. Girl. Mob- 8800763080

-**32/5'8"** B.Tech, M.Tech (IIT) Executive Engineer in CPWD, 15LPA वर हेतु Working/ Not Working Girls भी मान्य, दहेजबंधन नहीं, शीघ्र विवाह, 8922915225

-**यादव** लड़का 32 वर्षीय सरकारी कर्मचारी लखनऊ में कार्यरत लखनऊ निवासी परिवार हेतु अच्छे परिवार से विवाह के लिए कन्या की तलाशः संपर्कः (080-69103111)



## वर/ वधू चाहिए

-**सभी** धर्म/जाति 20-60 वर्ष, कुंवारे, विदुर, तलाकशुदा, विधवा, बांझ, विकलांग, गरीब वर/वधु विवाह हेतु व्हाट्सएप्प करें। घरजमाई/ बच्चे स्वीकार। सोनू सक्सेना- 8923945976 अंजली मिश्रा- 8439375344



## मैरिज ब्यूरो

-**शिव** मैरिज ब्यूरो गोविन्द नगर प्रभात मार्किट मुरादाबाद हमारे पास समस्त हिन्दू जातियों के बेहतरीन रिश्ते उपलब्ध हैं। सम्पर्क करें- 8392971838, 8392973184 (W)

-**कृष्णा** मैरिज ब्यूरो (Regd.) UP+Uttrakhand & NCR का No.1, फोन करें, मनचाहा रिश्ता पायें, हिन्दू जातियों के बेहतरीन रिश्ते उत्तराखंड- 9639575353, उत्तर प्रदेश 9639575252 www.krishnamarriagebureau.com



## परिचय सम्मेलन

-**श्री** अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी(रजि.), बरेली द्वारा अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 9-10 अप्रैल 2025, शीघ्र पंजीयन करायें। 9927833351, 9927047430, 9412466473, 9897181723, 9927324855, 8077586592. www.shreeagrawalsabhably.com

-**श्री** अग्रवाल सेवा समिति(रजि.), बरेली द्वारा 25th रजत जयंती व अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन, दिनांक 22-23 मार्च 2025, पंजीयन हेतु संपर्क सूत्र-(वर) 9837037441, 9837087787, 9412527728,9259052162, संपर्क सूत्र-(कन्या) 9411472001, 8279487907, 9412482049, 8077970352 www.agrawalsevably.com

-**अग्रवैश्य** प्रगतिशील वैवाहिक परिचय सम्मेलन मुरादाबाद 22 व 23मार्च 2025 प्रातः10बजे राही होटल, दिल्ली रोड, मुरादाबाद http://agravaishpragtisheel.in, email : agravaishvivah@gmail.com, Mob.:9837133838, 7505635995, 9927051916, 9219694222, 9837002784, 9720501390

## सूचना

इस विज्ञापन में प्रकाशित किसी भी रिश्ते के लिए वर या वधू के बारे में जानकारी साझा करने से पहले उस विज्ञापनदाता के संबंध में स्वयं पड़ताल कर लें। किसी मैरिज ब्यूरो या वैवाहिक संस्था के विज्ञापन के आधार पर उससे रजिस्ट्रेशन कराने से पहले उसके द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी स्वयं कर लें। विज्ञापनदाताओं की ओर से किए गए किसी दावे या शर्तों या किसी भी धोखाधड़ी के लिए अमर उजाला प्रबंधन उत्तरदायी नहीं है।

amarujala.com
Sunday हास्यरंजनी

*जान ही चाहिए थी तो मांग कर ले लेती, यूं बिना मेकअप के मेरे सामने क्यों आ गई !*

## उस्तरा



हुल्लड़ मुरादाबादी

### क्या करेगी चांदनी

चांद औरों पर मरेगा क्या करेगी चांदनी,
प्यार में पंगा करेगा क्या करेगी चांदनी।
चांद से हैं खूबसूरत भूख में दो रोटियां,
कोई बच्चा जब मरेगा क्या करेगी चांदनी।
डिग्रियां हैं बैग में पर जेब में पैसे नहीं,
नौजवां फाके करेगा क्या करेगी चांदनी।
जो बचा था खून वो तो सब सियासत पी गई,
खुदकुशी खटमल करेगा क्या करेगी चांदनी।




## चूरण

लड़का : जरा मेरी आंखों में देखो, क्या नजर आता है? सच-सच बताना!
लड़की : मुझे इनमें प्यार नजर आता है!
लड़का (गुस्से में) : ज्यादा बात मत बना, मेरी आंख में मच्छर चला गया है, गौर से देख और निकाल इसे!

---

लड़की (दरवाजा खोलते ही) : अब यहां क्या लेने आए हो? कल मेरी शादी है!
लड़का : टेंट लगाने आए हैं, अब क्या काम-धंधा भी छोड़ दें!

---

पुलिस : तुमने एक ही दुकान में लगातार तीन दिन चोरी की?
चोर : मैंने सिर्फ एक दिन अपनी बीवी के लिए एक सूट चोरी किया था!
पुलिस : और बाकी के दो दिन?
चोर : बाकी के 2 दिन तो मैं कलर बदलने गया था!

# बोलो, टोली बाबा की जय...

*बाबा भक्त से कहते हैं, "बताओ, कहां से आए हो?" "जी, देवलोक से।" भक्त की वाणी सुनते ही बाबा को अपने शरीर में झटका महसूस हुआ। खुद को संभालते हुए पूर्व में लिखा पर्चा तुरंत अपनी गद्दी की एक तरफ छुपाकर पुनः दूसरा नया पर्चा लिखना शुरू कर दिया।*



डॉ. आलोक सक्सेना

टोली बाबा पर्चा लिखने में व्यस्त हैं। भक्त उनके नजदीक आकर बैठता है। पैर छूने का प्रयास करता है। बाबा बोले, "अरे...अरे..., दूर हटो। यह क्या कर रहे हो। टच न करो मुझे। मेरी सभी शक्तियां आपके अंदर घुस जाएंगी। इसके बाद आप मेरी जगह होंगे और मुझे आपके सामने बैठना पड़ेगा। ऐसा न करो, मेरे भाई।" भक्त समझदार था, तुरंत पीछे हट जाता है। भक्त दिखने में समृद्ध परिवार का लग रहा था, मगर अंदर से परेशान था। वैसे भी जब यहां अपना काम-काज छोड़-छाड़कर आया है तो जरूर किसी-न-किसी चिंता-परेशानी, रोग-दरिद्रता या तंत्र-मंत्र बाधा से ग्रसित होगा ही। बाबा भक्त से कहते हैं, "बताओ, कहां से आए हो?" "जी, देवलोक से।" भक्त की वाणी सुनते ही बाबा को अपने शरीर में झटका महसूस हुआ। खुद को संभालते हुए पूर्व में लिखा पर्चा तुरंत अपनी गद्दी की एक तरफ छुपाकर पुनः दूसरा नया पर्चा लिखना शुरू कर दिया।

थोड़ी देर बाद बोले, "हरि व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम ते प्रगट होय मैं जाना...।" इतना कहते-कहते बाबा की आंखें प्रभु प्रेम में तर हो जाती हैं। वह तुरंत सामने मेज पर रखे पुष्प-गुच्छ में से एक पुष्प निकालकर अपने अश्रु पोंछने के प्रयास में सफल हो जाते हैं और कहते हैं, "देवराज इंद्र, आज आप रूप बदलकर आए हैं हमारे दरबार में। आप सब जानते हैं प्रभु, हमारा कल्याण तो बाबा बनकर ही निहित हुआ। हमारे दरबार में आपकी कृपा से ही तो सब दीन-दुखियों का कल्याण होता है। सब कमाल तो आपका है और आप बुरा न मानें, आपसे भी अधिक कमाल तो आधुनिक प्राइवेट मीडिया का है। मीडिया प्रचार न करती तो इस धाम में हमारी अपनी सरकार न बनती।"

बाबा आगे बढ़े और अपने परिचित स्टाइल में अपना नोट पैड पकड़ उसमें लिखे पर्चे को पढ़ते हुए भक्त से कहते हैं, "पत्नी का नाम शची, पिता का नाम कश्यप। आप इंद्रसभा के स्वामी वेश-भूषा बदल प्रकट हुए साक्षात देवराज इंद्र हैं। कलियुग में लोगों की परीक्षा लेने धरा पर आए हैं। कलियुग में शिव भक्ति विहीन भीड़ को देख परेशान हैं।" अब बाबा अपनी क्षेत्रीय बोली के अंदाज में आते हुए बोले, "परेशान होने की कोहू जरूरत नाहीं। अभी कलियुग-सतयुग में तब्दील नहीं होने वालो। बुरा मत मानियो, हमारी बोली गंवारन वाली है। बस हमारन जैसे स्वामियन की शरण में आ गए हो, तोहरो भी कल्याण होवेगो। मन की बाधा भी दूर होवेगी। खोया हुआ स्वर्णाभूषण लदो ऐरावत नामक हाथी भी फिर से वापस मिल जावेगो। चिंता की कोहू बात नाही। जाओ खुश रहो। दान-दक्षिणा जो कछु लाए हो, इते रखो। महीना में कम-से-कम एक बार धाम की परिक्रमा करने जरूर आवत रहियो। अपने शहर-गांव-कस्बे के संगी-साथियन, अपनी माता-बहनों और आस-पड़ोस की सास-बहुअन को सदा जरूर साथ लेकर आइयो। बूढ़े-खूसट (दबी हुई आवाज में), पिता-ससुर आदि न भी आएं तो भी चलेगो। हम यहीं अपने धाम से उनका भी कल्याण करेंगे। रोग-दरिद्रता भूल खुश रहो। तंत्र-मंत्र, भूत-पिशाच का संकट है। जाओ संकटमोचन हनुमान जी का जाप करो। बाधा दूर होवेगी। कल्याण होगा। आशीर्वाद है।" फिर बाबा ने भक्त के कान में आहिस्ता से कहा, "अगली बार अपने साथ नारद जी को भी वेश-भूषा बदल साथ जरूर लेकर आइयो। हम उन्हें पत्रकार से अपने धाम की प्रचार-प्रसार पत्रिका का संपादक बनाने पर भी विचार करेंगे। उनका कल्याण होवेगो।"



बात-बेबात

बाबा ने पर्चा भक्त को थमाते हुए कहा, "देखो, पढ़ो, यही लिखो है, जो हमने अभी इन सारे लोग-बागन के सामने बोलो।" बाबा के सामने बैठे मराठी भाषी भक्त ने हिंदी भाषा ठीक से न समझ पाने की अपनी कमजोरी को प्रकट नहीं किया और मुस्कुराकते हुए अपनी मुंडी हिलाकर बाबा की हां में हां मिला दी और अपने दोनों हाथ प्रणाम की मुद्रा में उठाते हुए चुपचाप वहां से चल दिया। तभी दरबार में बाबा के समस्त सहयोगी निज मित्रों ने फिर एक बार जोर का जयकारा लगाया, "बोलो, टोली बाबा जी जय...।"

# सार्वजनिक नल माहात्म्य

*हमारे सांस्कृतिक, सामाजिक जीवन के उत्थान की पृष्ठभूमि में सार्वजनिक नल की बहुत बड़ी टोंटी रही है।*



प्रकाश पुरोहित

**घंटों** बतियाते रहने, झगड़ते रहने या ऐसा ही कोई सद्कार्य करते रहने के बाद जहां से एक या दो बाल्टी पानी मिलने की उम्मीद हो, उसे चौराहे का नल, नुक्कड़ का नल या सार्वजनिक नल के नाम से पहचाना जाता है।

ये नल चौराहे पर ही क्यों रहते हैं? नल इतिहास के पन्ने बताते हैं कि तत्कालीन नगर शिल्पज्ञों को इस महान समस्या से जूझना पड़ा था कि सार्वजनिक नल कहां लगाए जाएं? पानी पी-पीकर चिंतन किया गया। यह तय किया गया कि पहले नगर में चौराहे बनाए जाएं और फिर उन चौराहों पर ये नल लगाए जाएं। इस चौराहे वाली योजना के पिछवाड़े में उद्देश्य यह था कि नल पर आने वाली भीड़ चार रास्तों में विभक्त हो जाए और यातायात सुगम बना रहे।

हमारे सांस्कृतिक, सामाजिक जीवन के उत्थान की पृष्ठभूमि में सार्वजनिक नल की बहुत बड़ी टोंटी (हाथ तो हो नहीं सकता) रही है। घर से भागकर विवाह रचाने की खबरें हम आजकल सुन पा रहे हैं तो इसका श्रेय भी रो-रोकर चलने वाले इन नलों को जाता है। जब बाल्टी, हंडे में पानी भर रहा होता है, उस समय मोहल्ले के लला-ललनियां प्रेम की पींगे भरने में व्यस्त रहते हैं। समय के दोहरे सदुपयोग का इससे अच्छा उदाहरण अभी तक के लिखे इतिहास में उपलब्ध नहीं है।




*चौराहे वाली योजना के पिछवाड़े में उद्देश्य यह था कि नल पर आने वाली भीड़ चार रास्तों में विभक्त हो जाए और यातायात सुगम बना रहे।*

इधर-उधर से

इन नलों पर लाए जाने वाले बर्तन-भांडे अक्सर चमचमाते हुए पाए जाते हैं। इसकी वजह यह है कि इस ब्रह्म सूत्र से आम बालिका परिचित है कि बर्तन जितना ज्यादा घिसता जाएगा, उतना ही 'उनके' सामने टाइस पास करने को मिलेगा, क्योंकि मांएं अनुभवी, भुक्तभोगी होती हैं और इधर-उधर की आशंका के डर से 'बर्तन वहीं रखकर आ जा, जब नंबर आए चली जाना, क्या करोगी उत्ती देर वां' जैसे वाक्य उगला करती हैं। बालिकाएं मां के अनुभव को राख में लपेटकर बर्तनों पर घिसा करती हैं। इस क्रिया को साहित्यकारों की भाषा में 'नई जमीन तलाशना' कहते हैं। ('बीस कम पचास' से)

## आड़े-तिरछे

रेखांकन : दुर्गादत्त पांडेय




# Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

## कोल इंडिया लिमिटेड में अवसर

मैनेजमेंट ट्रेनी के कई पद खाली



434 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 14 फरवरी, 2025
पात्रताएं : ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : coalindia.in

### KSSSCI, लखनऊ में संभावनाएं ■ 57 पद

रिसेप्शनिस्ट, लाइब्रेरियन आदि के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2025
आयु-सीमा न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष
यहां आवेदन करें
cancerinstitute.edu.in

### ECHS, पिथौरागढ़ में अवसर ■ 22 पद

मेडिकल ऑफिसर, डेंटल ऑफिसर व अन्य पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2025
पात्रताएं एमबीबीएस, एमडी, एमएस आदि निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
echs.gov.in

### ओएनजीसी में करें आवेदन ■ 108 पद

जियोफिजिसिस्ट व इंजीनियर के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 24 जनवरी, 2025
योग्यताएं : स्नातक, स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : ongcindia.com

### एम्स, ऋषिकेश में नौकरी के मौके ■ 25 पद

चिकित्सा अधीक्षक, लेखा अधिकारी व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि 05 मार्च, 2025
वेतनमान रुपये 44,900 से लेकर रुपये 2,18,200 निर्धारित
यहां आवेदन करें
aiimsrishikesh.edu.in

### सशस्त्र सेना अधिकरण में भर्ती ■ 11 पद

निजी सचिव, अनुभाग अधिकारी आदि के पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि 02 अप्रैल, 2025
वेतनमान रुपये 25,500 से लेकर रुपये 1,42,400 निर्धारित
यहां आवेदन करें
aftdelhi.nic.in

### विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित ...

- इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड : संयुक्त महाप्रबंधक व उप-महाप्रबंधक के पद खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 07 फरवरी, 2025
  ■ ircon.org
- सीएसआईआर-यूआरडीआईपी : जूनियर स्टेनोग्राफर के पदों पर मौके।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 05 फरवरी, 2025
  ■ urdip.res.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

## SCHOLARSHIP ALERT

### साउथ एशिया अंडरग्रेजुएट एक्सीलेंस अवॉर्ड स्कॉलरशिप

**साउथ** एशिया अंडरग्रेजुएट एक्सीलेंस अवॉर्ड स्कॉलरशिप-2025 नॉटिंघम विश्वविद्यालय में स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अकादमिक रूप से उत्कृष्ट छात्रों का वित्तीय समर्थन करना है। इस स्कॉलरशिप में भारतीय छात्र आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। चयनित छात्रों को उनके डिग्री पाठ्यक्रम के पहले वर्ष में ट्यूशन फीस को कवर करने के लिए 6,000 जीपीए (6,33,643.80 रुपये) दिए जाएंगे। स्कॉलरशिप के तहत आवेदकों का चयन उनके आवेदन पत्र में दी गई जानकारी और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया जाएगा। छात्रों के पास एक वैध वीजा और पासपोर्ट, विश्वविद्यालय प्रस्ताव-पत्र, अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रमाण (पिछले दो वर्षों के भीतर प्राप्त आईईएलटीएस/पीटीई/टीओईएफएल प्रमाण-पत्र) और पिछली शैक्षणिक योग्यताओं का प्रमाण-पत्र होना चाहिए। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

■ **आवेदन की अंतिम तिथि :** 19 मार्च, 2025
■ **आवेदन लिंक :** tinyurl.com/4ee9dpcm

### आर्थिक मदद से छात्राओं का बढ़ेगा मनोबल

**इंट्यूट** इंडिया ने इंट्यूट राइज गर्ल चाइल्ड एजुकेशन प्रोग्राम 2024-25 की पहल है। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य आठवीं से स्नातक तक की छात्राओं को अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसमें आवेदन करने के लिए जरूरी है कि छात्राओं ने अपनी पिछली कक्षा में न्यूनतम 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। साथ ही, आवेदकों की परिवारिक वार्षिक आय सभी स्रोतों को मिलाकर 3,50,000 रुपये से कम होनी चाहिए। आवेदकों का चयन पात्रता मानदंड, दस्तावेज सत्यापन और टेलिफोनिक इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। चयनित आठवीं से दसवीं तक की छात्राओं को 17,365 रुपये, ग्याहरवीं और बारहवीं की छात्राओं को 23,153 रुपये, गैर-तकनीकी स्नातक छात्राओं को 34,729 रुपये और स्नातक में स्टेम कोर्स में पढ़ने वाली छात्राओं को 46,305 रुपये की स्कॉलरशिप दी जाएगी। आवेदकों के पास पिछली कक्षा के प्रमाण-पत्र, एडमिशन लेटर व अन्य निर्धारित दस्तावेज होने चाहिए। स्कॉलरशिप के लिए आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।




■ **आवेदन की अंतिम तिथि :** 16 फरवरी, 2025
■ **आवेदन लिंक :** tinyurl.com/2t7jd4m4

### मेधावी छात्रों के लिए वर्चुसा फाउंडेशन की पहल

**वर्चुसा** फाउंडेशन की ओर से वर्चुसा इंजीनियरिंग एक्सीलेंस स्कॉलरशिप 2024-25 की पेशकश की जा रही है। इसका उद्देश्य निम्न आय वाले परिवारों से आने वाले मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में बीटेक या बीई पाठ्यक्रम के पहले या दूसरे वर्ष में अध्ययनरत छात्र आवेदन के पात्र हैं, बशर्ते छात्रों को भारत के 36 चुनिंदा शिक्षण संस्थानों में नामांकित होना चाहिए। आवेदन करने के लिए जरूरी है कि आवेदकों ने बारहवीं कक्षा में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। इसके अतिरिक्त आवेदकों की वार्षिक पारिवारिक आय सभी स्रोतों को मिलाकर 6,00,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित छात्रों को एक वर्ष के लिए 50,000 रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। आवेदकों के पास पिछली कक्षा का अंक प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, वर्तमान संस्था में प्रवेश प्रमाण-पत्र व अन्य निर्धारित दस्तावेज होने चाहिए। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

■ **आवेदन की अंतिम तिथि :** 31 जनवरी, 2025
■ **आवेदन लिंक :** buddy4study.com/page/virtusa-scholarship-program#singleScApply

## आज का दिन

19 जनवरी, 1825

एज्रा डैगेट और थॉमस केनसेट को टिन के डिब्बों में खाद्य पदार्थों को संग्रहित करने के लिए उपयोग की जाने वाली संरक्षण प्रक्रिया (खाद्य प्रसंस्करण) के लिए पेटेंट मिला था।



- 1853 : ग्यूसेप वर्डी के ओपेरा इल ट्रोवाटोर का प्रीमियर हुआ था।
- 1946 : अमेरिकी गायिका डॉली पार्टन का जन्म हुआ था।
- 1955 : अमेरिकी राष्ट्रपति ड्वाइट डी आइजनहावर ने पहली बार टीवी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।
- 2013 : अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी स्टेन मुसिअल का निधन हुआ था।

## व्रत त्योहार



आज : माघ कृष्ण पक्ष पंचमी/षष्ठी।
कल : शिशिर ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले।
राहुकाल : प्रातः 07.30 से 09.00 तक।

## कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2081, 30 पौष मास शक 1946, माघ मास 07 प्रविष्टे, 19 रज्जब हिजरी 1446, माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 09.58 तक उपरांत सप्तमी, हस्त नक्षत्र 20.29 तक उपरांत चित्रा नक्षत्र, सुकर्मा योग 26.51 तक उपरांत धृति योग, वणिज करण 09.58 तक उपरांत विष्टि (भद्रा) करण, चंद्रमा कन्या राशि में दिन-रात।

सूर्योदय : 07.18
सूर्यास्त : 17.46
(भारतीय मानक समयानुसार)

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** मनोत्साह बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। विरोधी शांत रहेंगे। व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृष :** मानसिक उथल-पुथल बनी रहेगी। योजना में आंशिक सफलता मिलेगी। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**मिथुन :** कार्यक्षेत्र में दौड़-भाग रहेगी। कार्य विशेष में अवरोध आ सकते हैं। व्यवसाय में लाभ होगा। सेहत नरम रहेगी।

**कर्क :** व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय में लाभ होगा।

**सिंह :** मानसिक तनाव बना रहेगा। विश्वासपात्र से धोखा हो सकता है। व्यवसाय में सुधार आ सकता है।

**कन्या :** हर्षदायक सूचना मिलेगी। उपहार-सम्मान की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक लाभ बढ़ सकता है।

**तुला :** स्वास्थ्य संबंधी परेशानी रहेगी। बनते कार्य में निराशा होगी। व्यय पूर्ति के लिए ऋण भार बढ़ सकता है।

**वृश्चिक :** सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नई योजना में व्यस्त रहेंगे। संपत्ति में वृद्धि के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु :** पूर्व नियोजित कार्य सफल होगा। पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में लाभ हो सकता है।

**मकर :** मानसिक तनाव बना रहेगा। विरोधियों से सावधानी बरतें। संतान से सुख मिलेगा। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कुंभ :** किसी समाचार से मन चिंतित रहेगा। कीमती वस्तु संभालकर रखें। व्यवसाय में लाभ होगा।

**मीन :** लोकप्रियता में वृद्धि होगी। वाहन सुख मिलेगा। आय का स्थायी साधन बनेगा। व्यवसाय में धन लाभ बढ़ेगा।

## जन्मदिन

वरुण तेज, अभिनेता



**आज** जन्मे जातक दृढ़ निश्चयी, स्वाभिमानी और अनुशासन प्रिय होते हैं। लक्ष्य प्राप्ति 22 या 28वें वर्ष में होती है। इस वर्ष स्वबुद्धि कौशल से अटके कार्यों में सफलता मिलेगी। भू-संपत्ति में वृद्धि के अवसर मिलेंगे। इस वर्ष किसी नए उद्योग का प्रारंभ हो सकता है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 7 | | 3 | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| | | | | | | 2 | 5 | |
| | | 5 | | | 2 | 3 | 9 | |
| | | 9 | | | | 1 | | |
| | 3 | 2 | 1 | | | 4 | | |
| | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| 8 | | | 9 | | 5 | | 3 | 2 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### त्वचा के लिए अर्जुन की छाल का काढ़ा

*अर्जुन की छाल में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा की एजिंग प्रक्रिया को धीमा करके उसमें निखार लाते हैं।*

**आयुर्वेद** के अनुसार अर्जुन की छाल का काढ़ा पीना सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर नियमित रूप से इस काढ़े का सेवन किया जाए तो सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को रोकने में मदद मिलती है। इस काढ़े में एंटीऑक्सिडेंट, एंटीएथेरोजेनिक, एंटीइंफ्लेमेटरी तत्व होते हैं। इसके अलावा इसमें पोटैशियम भी होता है,



जिससे दिल की सेहत में सुधार होता है। इस काढ़े में मौजूद एंटीइंफ्लेमेटरी तत्व और एंटीऑक्सिडेंट्स रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। अर्जुन की छाल में रूक्ष और लघु गुण होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में सहायक होते हैं। इससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। इस काढ़े का सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने में भी सहायता मिलती है। जब शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते है तो लिवर बेहतर तरीके से काम करता है। अर्जुन की छाल में एंटीऑक्सिडेंट तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो त्वचा की एजिंग प्रक्रिया को काफी धीमा करके उसमें निखार लाते हैं। इस काढ़े में हाइपरटेंसिव गुण भी पाए जाते हैं, जो बढ़े रक्त चाप को नियंत्रित रखने में सहायता प्रदान करते हैं।

#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

अर्जुन की छाल का काढ़ा सुबह खाली पेट पीना अच्छा रहता है। शुरुआत में कम मात्रा (2 से 3 ग्राम) का सेवन करें। अगर कोई स्वास्थ्य समस्या है तो आयुर्वेद चिकित्सक से सलाह जरूर लें।
-डॉ. आरपी पाराशर
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

# धर्म संसद के महाकुंभ में गाय, सनातन हिंदू राष्ट्र के साथ काशी और मथुरा भी

### पुरी के शंकराचार्य कर रहे धर्मसभा ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य परम धर्म संसद

### ज्ञानवापी, श्रीकृष्णजन्मभूमि की मुक्ति व सनातन बोर्ड के लिए होगी धर्म संसद

### धर्म-अधर्म के साथ ही हिंदू समाज की कुरीतियों पर जारी होगा धर्मादेश

आलोक कुमार त्रिपाठी

**महाकुंभ नगर।** नव्य, दिव्य और भव्य महाकुंभ इस बार सनातन के लिए कई मायनों में खास होगा। एक तरफ जहां देश भर की संस्कृतियों का मिलन हो रहा है, वहीं धर्म संसद भी महाकुंभ प्रयागराज की धरती पर होगा। महाकुंभ में पहली बार चार धर्म संसद एक साथ चलेगी। इसमें गो, सनातन, हिंदू राष्ट्र के साथ ही काशी और मथुरा की मुक्ति पर भी अंतिम निर्णय होगा। सनातनियों के लिए धर्मादेश के साथ ही सनातन बोर्ड के गठन पर भी सहमति बनेगी। महाकुंभ की सभी धर्म संसद का मकसद हिंदू धर्म की रक्षा करना है।

महाकुंभ में पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद की धर्मसभा, ज्योतिष्ठपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की परम धर्म संसद, कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर और स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती की धर्म संसद साथ-साथ चलेगी। पुरी के शंकराचार्य की धर्म संसद में हिंदू राष्ट्र, ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य की परमधर्म संसद में गाय को राष्ट्रमाता, देवकी नंदन ठाकुर की धर्मसंसद में सनातन बोर्ड, स्वामी नरेंद्रानंद की धर्म संसद में ज्ञानवापी मुक्ति और श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की धर्म संसद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति पर चर्चा होगी। अखाड़ों के साथ कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर ने 27 जनवरी को होने वाली धर्म संसद के लिए देश भर में अभियान चला रखा है।

धर्म संसद में चारों पीठ के शंकराचार्य, 13 अखाड़े और देश भर के संत-महात्मा शामिल होंगे। सभी की राय से सनातन बोर्ड के गठन पर अंतिम निर्णय होगा। इसका मसौदा तैयार करके सरकार को भी भेजा जाएगा। धर्म संसद से जुड़ने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मेला क्षेत्र के सेक्टर 17 स्थित देवकी नंदन ठाकुर के शिविर में धर्म संसद के जरिये सरकार पर इस बात का दबाव बनाया जाएगा कि जल्द से जल्द सनातन बोर्ड का गठन हो और सनातनियों को उनके पुराने मठ-मंदिर वापस मिल सकें। धर्म संसद के तहत ही स्वामी रामभद्राचार्य के शिविर में पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) को मुक्त कराने के लिए अनुष्ठान भी होगा। 250 हवनकुंडों में पीओके की मुक्ति के लिए आहुतियां अर्पित की जाएंगी।


अविमुक्तेश्वरानंद | निश्चलानंद | देवकीनंदन | नरेंद्रानंद सरस्वती

### इस्लामिक जिहाद व हिंदू राष्ट्र पर मंथन

पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के शिविर में चल रही धर्म सभा में हिंदू राष्ट्र के निर्माण के साथ ही सनातनियों के आचरण पर मंथन चल रहा है। पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का कहना है कि हिंदू राष्ट्र का संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती 25 जनवरी को संत-संवाद करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के शिविर में 25 जनवरी को संत सम्मेलन होगा। इसमें इस्लामिक जिहाद के खतरे पर मंथन और देश को सनातन वैदिक राष्ट्र बनाने के लिए भी मंथन होगा। सनातन धर्म के सभी अखाड़े, पंथ और संप्रदाय के धर्मगुरुओं व हिंदू संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### संसद की तर्ज पर ही होती है धर्म संसद

सनातन धर्म में पुरातन काल से धर्म संसद के आयोजन होते रहे हैं। कुंभ या महाकुंभ में धर्म संसद के जरिये सनातन धर्म के लिए निर्णय लेते हैं और इसे पूरे देश में लागू कराया जाता है।

- *देश की संसद की तर्ज पर लोकतांत्रिक तरीके से सभी अपने विचार रखते हैं और आम सहमति के बाद धर्मादेश जारी किया जाता है। धर्म संसद का मसौदा सरकार को भी भेजा जाता है।*

### धर्म संसद और मुद्दे

- शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती की धर्मसभा में हिंदू राष्ट्र पर मंथन।
- अविमुक्तेश्वरानंद की परमधर्मसंसद में गाय को राष्ट्रमाता बनाने के साथ ही 27 मुद्दों पर होगा परमधर्मादेश।
- देवकी नंदन ठाकुर की धर्म संसद में सनातन बोर्ड के गठन पर मंथन।
- नरेंद्रानंद सरस्वती की धर्म संसद में ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए आह्वान होगा।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की धर्म संसद में जन्मभूमि मुक्ति के लिए।

### परम धर्मसंसद में 27 दिनों में जारी होंगे 27 परमधर्मादेश

ज्योतिष्पीठ के शिविर में परम धर्म संसद शुरू हो चुकी है। 27 दिनों तक चलने वाली धर्म संसद में गाय को राष्ट्रमाता बनाने के साथ ही 27 मुद्दों पर परमधर्मादेश जारी किया जाएगा। देश की संसद की तर्ज पर ही धर्म संसद को तैयार किया गया है। गोलाकार मंडप में परम धर्म संसद का संचालन होता है। सबसे ऊंचे स्थान पर शंकराचार्य बैठते हैं और उनके सामने धर्म सांसद बैठकर हर दिन सनातन के मुद्दों पर चर्चा करते हैं और अंत में परमधर्मादेश जारी होता है। धर्म संसद में देश भर से 1008 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।



- *अभी तक परम धर्म संसद ने हिंदू शब्द, साईं और संतोषी माता की पूजा ना करने का परमधर्मादेश जारी किया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि जब तक गाय को राष्ट्रमाता घोषित नहीं किया जाएगा, तब तक उनका यह अभियान जारी रहेगा।*

### विदेश से भी आ रहे सदस्य

महाकुंभ में काशी और ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए भी मंथन होगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की ओर से 23 जनवरी को विराट धर्म संसद सेक्टर 19 में होगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्यवादी पं. दिनेश शर्मा के निर्देशन में आयोजित धर्म संसद में मथुरा की मुक्ति का आह्वान होगा। इसमें देश भर के सदस्यों के साथ ही विदेश से भी सदस्य आ रहे हैं। इसके अलावा स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती की ओर ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए अपने शिविर में धर्म संसद का आयोजन होगा। शिविर में ज्ञानवापी के मॉडल के जरिये आम जनता को जागरूक किया जा रहा है।

### वायरल हुईं तो छोड़ना पड़ा महाकुंभ

महाकुंभ में माला बेचने के लिए परिवार के साथ मध्य प्रदेश के महेश्वर से आईं मोनालिसा देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो गईं। इसके बाद उनका माला बेचना मुश्किल हो गया। हर जगह लोग फोटो खिंचवा रहे थे और वीडियो बना रहे थे। इससे परेशान होकर मोनालिसा के पिता ने उन्हें वापस मध्य प्रदेश घर भेज दिया है। मोनालिसा की दो बहनें अभी भी मालाएं बेच रही हैं।



### प्रतिमा लेकर हरियाणा से पैदल संगम पहुंचे

फरीदाबाद से शिव की 42 किलो की प्रतिमा कंधे पर रखकर कवी हरसाना छह सौ किमी की पैदल यात्रा कर शनिवार शाम पांच बजे संगम पहुंचे। वह बताते हैं कि दस दिन पहले शिव की प्रतिमा लेकर घर से पैदल ही निकले थे। उन्होंने युवाओं को नशे की लत से बचाने का संकल्प लिया है। हरसाना एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल में एडमिन हेड हैं।



# राजनाथ ने संगम में लगाई डुबकी, बोले-महाकुंभ भारतीयता का...इसे पंथ, समुदाय या धर्म से न जोड़ें

### अक्षयवट, पाताल पुरी, हनुमानजी का किया दर्शन, कहा-महाकुंभ में स्नान करना सौभाग्य की बात

**महाकुंभ नगर।** भारतीयता का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है महाकुंभ। इसे किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ जोड़कर इसे नहीं देखा जाना चाहिए। यह बातें शनिवार को संगम में पुण्य की डुबकी लगाने आए राजनाथ सिंह ने कहीं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं अपना सौभाग्य मानता हूं कि संगम में मैंने स्नान किया। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखे। दुनिया के इस सबसे बड़े मानव महासमागम में भारत ही नहीं कई अन्य देशों के लोग भी आ रहे हैं।

इससे पहले रक्षा मंत्री ने संगम स्नान तथा पूजन किया। इसी क्रम में उन्होंने अक्षयवट, पातालपुरी, सरस्वती कूप और बड़े हनुमानजी का दर्शन एवं पूजन किया। रक्षा मंत्री के साथ औद्योगिक प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर, राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने भी संगम स्नान किया और मंदिरों में दर्शन एवं पूजन किए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजनाथ पहले बमरौली एयरपोर्ट पर आए। वहां से हेलिकॉप्टर से अरैल पहुंचे। फिर जलमार्ग से संगम आए। वह कई अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने महाकुंभ आयोजन की सुरक्षा को लेकर सेना के अफसरों संग बैठक भी की। ब्यूरो


रक्षा मंत्री ने प्रदेश सरकार के मंत्रियों संग संगम में डुबकी लगाई।


संगम पर गंगा आरती करते राजनाथ सिंह।

### बेहतर आयोजन के लिए सीएम योगी को दी बधाई

- महाकुंभ के बेहतर आयोजन के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। संगम में डुबकी लगाने के बाद रक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन और सबसे बड़े जनसमागम का कुशल संचालन जिस तरह से सीएम द्वारा किया गया है, वह सराहनीय है।

# 25 को प्रयागराज में होगा अमर उजाला ज्योतिष महाकुंभ, जान सकेंगे समाधान

### महोत्सव में ज्योतिष शास्त्रों के गूढ़ रहस्यों पर होगी चर्चा

**प्रयागराज।** त्रिवेणी संगम पर 144 साल बाद बने योग के तहत चल रहे महाकुंभ के अवसर पर अमर उजाला भी एक पहल करने जा रहा है। 25 जनवरी को महाकुंभ नगर में अमर उजाला, जीवांजलि और माय ज्योतिष की ओर से 'अमर उजाला ज्योतिष महाकुंभ महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। कई ज्योतिषाचार्य और इस विषय से जुड़े विद्वान इस महोत्सव का हिस्सा बनेंगे।

### महोत्सव का उद्देश्य

ज्योतिष शास्त्र के अद्भुत विज्ञान और इसकी गहराई पर सार्थक विमर्श व उसे ज्योतिष में रुचि रखने वालों तक पहुंचाना इस महोत्सव का उद्देश्य है। महोत्सव के उद्घाटन सत्र को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक संबोधित करेंगे। इसके बाद महोत्सव में बतौर विशेष अतिथि सम्मिलित होने वाले ज्योतिष विशेषज्ञों के वक्तव्य होंगे। ये सभी विशेषज्ञ ज्योतिष विषय से जुड़े उनके शोध व ज्योतिष विज्ञान के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालेंगे।

### ये ज्योतिषाचार्य और विद्वान होंगे शामिल



'अमर उजाला ज्योतिष महाकुंभ महोत्सव' में वक्ता और विशेष अतिथि के तौर पर अनिल वत्स, जीडी वशिष्ठ, पंडित जयप्रकाश शर्मा, अजय लूथरा, संजीव श्रीवास्तव, दामोदर बंसल, अजय भांबी जैसे कई गणमान्य ज्योतिषाचार्य और विद्वान सम्मिलित होंगे। **शुभेष शर्मन कुंभ के इतिहास और ज्योतिष शास्त्र के बीच संबंधों पर अपनी बात रखेंगे।**

### अलग-अलग सत्रों में होगा विमर्श

- उद्घाटन के बाद ज्योतिष सूत्रों पर विमर्श के लिए सत्र होगा। इसमें विषय विशेषज्ञ यह बताएंगे कि ज्योतिष और धर्म के बीच क्या संबंध है? साथ ही ज्योतिष के साथ सामंजस्य बैठाते हुए कैसे इसे जीवन में उतारा जा सकता है। महोत्सव के दौरान प्रश्न-उत्तर का सत्र भी होगा।

**मंत्री नंदी का मुख्य संबोधन, समापन सत्र में आएंगे मौर्य :** विभिन्न सत्रों में ज्योतिष शास्त्रों के गूढ़ रहस्यों पर चर्चा होगी। इन सत्रों के बीच उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी मुख्य संबोधन देंगे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होंगे।

### जीवांजलि व माय ज्योतिष

धर्म-अध्यात्म और ज्योतिष संबंधी सामग्री के लिए अमर उजाला के दो उपक्रम जीवांजलि और माय ज्योतिष डिजिटल रूप से मौजूद हैं। जीवांजलि पर जहां धर्म, अध्यात्म और वेद-पुराणों से जुड़ी पठनीय सामग्री और वीडियो मिलते हैं, वहीं माय ज्योतिष के माध्यम से जाने-माने ज्योतिषियों से ज्योतिषीय परामर्श हासिल किया जा सकता है।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025

**22** जनवरी तक सुबह 10-6 बजे के बीच जा सकते हैं दर्शक


लग्जरी कारों को देखने के लिए पहुंच रहे हैं लोग। अमर उजाला

नई दिल्ली। आप को नई तकनीक से लैस कार, स्कूटी और बाइक पसंद है तो भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 आपका स्वागत कर रहा है। आज से यह आम लोगों के लिए खुल रहा है। कोई भी व्यक्ति केवल पंजीकरण करवाकर अपने पसंदीदा वाहनों का दीदार कर सकता है। रविवार से भारत मंडपम में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने पूरे इंतजाम कर लिए हैं। एक्सपो से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यदि हॉल में भीड़ ज्यादा होती है तो एंट्री बंद की जा सकती है। इसके अलावा द्वारका के यशोभूमि और ग्रेनो के एक्सपो मार्ट में भी प्रदर्शनी आयोजित की गई है। ब्यूरो

# आज से आम लोग कर सकेंगे पसंदीदा वाहनों का दीदार

- **भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में प्रवेश के लिए कराना होगा पंजीकरण, हजारों की संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद**

### बाइक में मारिए पैडल, मिलेगी रफ्तार

राकेश शर्मा

साइकिल की तरह बाइक में भी पैडल मारकर रफ्तार हासिल कर सकते हैं। एक्सपो में मोटोवोल्ट कंपनी ने ऐसी ही बाइक लॉन्च की है। इस बाइक में फुट रेस्ट की जगह विशेष रूप से पैडल लगाए गए हैं। बाइकर को जब रफ्तार चाहिए होगी तो वह एक्सीलेटर के साथ पैडल भी मार सकता है। कंपनी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह ई-बाइक जर्मन तकनीक से तैयार की गई है। यह एक बार चार्ज करने में 110 किमी तक चल सकेगी। सामान्य रूप से इस बाइक की स्पीड 100 किमी तक जा सकती है। वहीं, पैडल मारने पर स्पीड 140 से 150 तक पहुंच सकती है। यह स्पोर्ट्स बाइक है जिसे युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।




दुनियाभर की गाड़ियों व नई तकनीक को देखने के लिए शनिवार को अलग अलग वर्ग के लोग पहुंचे। जी पाल

### ड्राइविंग टेस्ट में नहीं होंगे फेल, यहां चला लो बाइक

ड्राइविंग टेस्ट में यदि बार-बार फेल हो रहे हैं तो एक्सपो में आपके लिए खास इंतजाम है। यहां होंडा कंपनी ने ड्राइविंग टेस्ट के लिए व्यवस्था की है। यहां बाइक राइड के टेस्ट हो रहे हैं। इसमें बाइक चलाने के दौरान अंडाकार गोला बनाना होता है। साथ ही, सर्कल के बीच में एक पतली लाइन भी चलना होता है। इसमें फेल होने वाले लोगों को बाइक चलाने का तरीका बताया जा रहा है, ताकि टेस्ट में फेल न हों सकें।

### ऐसे हासिल करें एंट्री पास

एक्सपो में एंट्री के लिए दर्शकों को www.bharat-mobility.com पर विजिटर के तौर पर पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के बाद ईमेल पर एक QR-कोड आएगा, जो आपका एंट्री पास होगा। आयोजन स्थल पर जाकर आप क्यूआर कोड दिखाकर प्रवेश कर सकते हैं। हॉल में जाने के लिए गेट नंबर 4, 5 और 6 सबसे पास होंगे। इन गेट से दर्शक सीधे हॉल तक पहुंच सकते हैं। यहां आने वाले दिव्यांग की मदद करने वालों को टिकट या पास की आवश्यक नहीं होगी। एक्सपो सुबह 10 बजे खुल जाएगा। रविवार शाम सात बजे तक लोग घूम सकेंगे।

मेट्रो से सफर करने वाले दर्शक सुप्रीम कोर्ट स्टेशन आ सकते हैं। यहां से पैदल एक्सपो तक जाना होगा। दिव्यांग की मदद करने वालों को पास की आवश्यक नहीं होगी।

**सड़क पर नहीं होगी दुर्घटना, सुन लो इनकी बात :** सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए टीसीआई सेफ सफर ने एक्सपो में स्टॉल लगाया है। इस स्टॉल पर छोटा भीम के साथ दूसरे कलाकार नाटक कर सुरक्षित सफर की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही, बता रहे हैं किन कारणों से लोग सड़क पर ज्यादा जान गंवाते हैं। इसमें गाड़ी चलाते समय नींद आना, फोन पर बात करना व दूसरे कारकों को बताया गया।

### पानी पर तैरने वाली कार ने मचाई धूम

आशीष सिंह

**नई दिल्ली।** सड़क पर दौड़ने वाली कार अब पानी पर भी तैरेगी। भारत मंडपम के हॉल नंबर छह में एक निजी कार निर्माता कंपनी की मॉडल यू-आठ कार ने धूम मचा दी है। यह कार नदी और तालाब को आसानी से 30 मिनट तक तैर सकती है। यही नहीं, सड़क पर एक ही जगह पर 360 डिग्री घूम सकती है। इसमें एडजस्टमेंट सस्पेंस लगे हैं। यह लगभग 5.4 मीटर लंबी है। इसमें आराम से सफर कर सकते हैं। इसको एक बार चार्ज करने पर 1000 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है।


तैरने वाली कार

*15 साल बैटरी की वॉरंटी : एक्सपो में नई-नई तकनीक से लोग रूबरू हो रहे हैं। हॉल नंबर छह में स्टॉल लगाने वाली कंपनी अपनी कार की बैटरी की 15 साल की वारंटी का दावा कर रही है। यही नहीं, मद्देनजर इस कार में कुल 11 एयर बैग लगे हैं। खास बात है कि इसकी बैटरी अब तक की सबसे तेज चार्ज होने वाली है। यह एक बार फुल चार्ज होने पर 1,000 किमी तक चल सकती है। ऐसे में यह लोगों को भा रही है।*



### कनेक्टिविटी के लिए साथ आईं कंपनियां

*उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर और माइक्रो फोर-व्हीलर विकसित करने के लिए हुंडई मोटर कंपनी और टीवीएस मोटर कंपनी साथ आए हैं। शनिवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दोनों ने इसकी घोषणा की। इस दौरान हुंडई ने माइक्रो मोबिलिटी कॉन्सेप्ट ईवी को लॉन्च किया। इसकी मदद से देश में लास्टमाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाएगा।*

### ऑटो एक्सपो में दिखेगी देश के अलग-अलग राज्यों की मेट्रो

आशीष चौरसिया

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित इंडिया सेंटर एंड मार्ट में आज से शुरू हो रहे भारत मोबिलिटी शो-2025 (ऑटो एक्सपो) में मेट्रो रेल के विकास को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां पर नोएडा, कानपुर, नागपुर और पुणे जैसे शहर की मेट्रो की खासियत से लोग रूबरू हो सकेंगे। सभी कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए हैं।

इंडिया एक्सपो मार्ट में हॉल नंबर एक से तीन में मेट्रो से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन का भी स्टॉल लगाया गया हैं। यहां पर नोएडा मेट्रो की खूबियों और सुविधाओं की जानकारी लोगों को पता चल सकेगी। स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से मेट्रो के माध्यम से लोगों के आवागमन और समय की बचत के बारे में जानकारी दी जाएगी। मेट्रो शुरू होने के बाद से नोएडा में किस स्तर से विकास को गति मिली है और किन-किन मार्गों पर मेट्रो को संचालित किया जा रहा है।


ग्रेनो में निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली भारी मशीनों की प्रदर्शनी लगी है। अमर उजाला

### यहां देख सकेंगे कैसे काम करता है मेट्रो का सिग्नल

ऑटो एक्सपो में एक कंपनी ने मेट्रो स्टेशन और ट्रेन का मॉडल तैयार किया हैं। जहां मेट्रो स्टेशन के विकास, मेट्रो सिग्नल, मेट्रो रेलवे ट्रैक आदि को प्रदर्शित किया गया हैं। जो लोगों को काफी आकर्षित करेगा। आरटी विजन कंपनी ने दिखाया है कि मेट्रो का सिग्नल कैसे काम करता है। किस तरह मेट्रो के विंडो और ग्लास को डिजाइन किया और फिर सेंसर से संचालित किया जाता है।

### टू-इन-वन वाहनों ने बिखेरा जलवा

एक्सपो में टू-इन-वन वाहनों ने जलवा बिखेर दिया है। कई निजी कंपनियां यहां टू-इन-वन वाहन लेकर आई हैं। यह ऐसे वाहन हैं कि अगर परिवार को साथ ले जाना है तो ऑटो की तरह इस्तेमाल करें और दो ही लोगों को कहीं आना-जाना है तो स्कूटर की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। विशेष बात है कि दोनों वाहनों की बैटरी बिल्कुल अलग हैं। ऐसे में दोनों को मिलाने के बाद इसे लंबी दूरी तक चलाया जा सकता है। इसमें तीन मिनट के अंदर परिवर्तन किया जा सकता है।



# आतंकवाद का कैंसर अब पाकिस्तान को ही निगल रहा : जयशंकर

## कहा, पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़े, यही दक्षिण एशियाई क्षेत्र के हित में

**मुंबई।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देशों में पाकिस्तान एक अपवाद है। सीमापार आतंकवाद का समर्थन करने वाला पाकिस्तान अब खुद ही गंभीर संकट का सामना कर रहा है। आतंकवाद का कैंसर अब उसको ही निगल रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस नीति को छोड़ दे क्योंकि यही पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र के हित में है।

जयशंकर शनिवार को मुंबई में नानी पालखीवाला मेमोरियल लेक्चर में बोल रहे थे। भारत के पड़ोस में मौजूद चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि भारत के सामने चुनौती विभाजन के बाद अपने पड़ोस का पुनर्निर्माण करना है। संकट के समय, चाहे वह महामारी हो या आर्थिक मंदी, भारत ने वास्तव में अपने पड़ोसियों के लिए मदद का काम किया। श्रीलंका के लिए 2023 में भारत ने 4 अरब डॉलर से ज्यादा का पैकेज दिया जबकि बाकी दुनिया ने ऐसा नहीं किया। यह भी सच्चाई है कि राजनीतिक घटनाक्रम जटिल परिस्थितियां पैदा कर सकते हैं, जैसा हम बांग्लादेश में देख रहे हैं। पाकिस्तान संग रिश्तों पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवाद को खत्म करने को लेकर नकारात्मक रवैये के चलते पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और शांति को खतरा हो सकता है। उसे अपनी यह नीति बदलनी होगी ताकि क्षेत्रीय विकास और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दो अन्य पड़ोसियों म्यांमार और अफगानिस्तान पर उन्होंने कहा कि भारत में दोनों समाजों के साथ हमारे लोगों के बीच लंबे समय से संबंध हैं और हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जो अधिक निकट हैं, उनके हित अन्य दूर के देशों से काफी भिन्न हैं। ब्यूरो



### सीमा विवाद से उत्पन्न हालात से आगे बढ़ रहे भारत और चीन

जयशंकर ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत के ज्यादातर देशों के साथ रिश्ते प्रगाढ़ हो रहे हैं, उस समय भारत को चीन के साथ संतुलन स्थापित करने में एक विशेष चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। यह रिश्ता 2020 के बाद की सीमा स्थिति से उत्पन्न जटिलताओं से खुद को अलग करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार किए जाने के बावजूद, हमारे संबंधों के दीर्घकालिक विकास पर अधिक विचार किए जाने की आवश्यकता है। भारत को चीन की बढ़ती क्षमताओं की अभिव्यक्ति के लिए तैयार रहना होगा, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो सीधे हमारे हितों पर प्रभाव डालते हैं। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत की व्यापक राष्ट्रीय शक्ति का और अधिक तेजी से विकास आवश्यक है।

# स्वामित्व योजना के लाभार्थियों ने कहा जीवन बदला...अब कमाई भी होने लगी

## लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री के साथ साझा किए संपत्ति कार्ड के फायदे

**नई दिल्ली।** स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड बांटे जाने के दौरान मध्य प्रदेश में सीहोर जिले के एक लाभार्थी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि यह उसके और परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला साबित हुआ है। इसकी वजह से ही आज वह अपना खुद का काम शुरू करके 30 हजार रुपये प्रतिमाह कमाई कर रहा है।

पिपलिया मीरा ग्राम पंचायत के निवासी मनोहर मेवाड़ा ने बताया कि जब जमीन का स्वामित्व दिखाने के कागजात नहीं होते तो कोई भी बैंक ऋण नहीं देता। मेवाड़ा ने प्रधानमंत्री को बताया कि संपत्ति कार्ड मिलने के बाद उन्होंने एक डेयरी फार्म शुरू करने के लिए आसानी से 10 लाख रुपये का ऋण मिल गया। मेवाड़ा का परिवार अब डेयरी उद्योग से प्रति माह 30,000 रुपये कमाता है। मोदी ने मेवाड़ा के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि देश के हर नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा हो और उसका जीवन आसान हो। ब्यूरो

### संपत्ति का हक जरूरी

प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि विभिन्न देशों में कई लोगों के पास अपनी संपत्ति के लिए समुचित कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। यूएन का मानना है कि गरीबी घटाने के लिए लोगों के पास संपत्ति के अधिकार होने चाहिए। पीएम ने एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री की किताब का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के पास स्वामित्व वाली छोटी संपत्ति अक्सर मृत पूंजी होती है। इसका मतलब है कि यह लेन-देन के लिए इस्तेमाल नहीं की जा सकती और इससे परिवार की आय बढ़ाने में मदद नहीं मिलती। कानूनी दस्तावेजों के अभाव में अक्सर शक्तिशाली व्यक्ति अवैध कब्जा कर लेते हैं। वहीं बैंक भी ऐसी संपत्तियों से दूरी बनाए रखते हैं।

# 8 देशों के नौसैनिक युद्धाभ्यास ला पेरोस में भारत भी हुआ शामिल

**नई दिल्ली।** बिगड़ते भू-राजनीतिक माहौल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी हस्तक्षेप के चलते भारतीय नौसेना अमेरिका और फ्रांस सहित आठ देशों के नौसैनिक युद्धाभ्यास ला पेरोस में शामिल हो गई है। यह अभ्यास हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच मलक्का, सुंडा और लोम्बोक जलडमरूमध्य में चल रहा है।

16 जनवरी को शुरू हुए नौ दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाले देशों के बीच समुद्री निगरानी, अपराधरोधी अभियान, हवाई संचालन और सूचना साझाकरण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। फ्रांसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) इसका मुख्य आधार है। इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाले विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल भी हिस्सा ले रहा है। भारतीय नौसेना के अनुसार, भारत का स्वदेश निर्मित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मुंबई इस अभ्यास का हिस्सा है। इसके अलावा, अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, कनाडा और ब्रिटेन की नौसेनाएं भी अभ्यास में भाग ले रही हैं। एजेंसी

**न्यूज डायरी**

### शाह आज आंध्र में आपदा प्रबंधन के नए परिसर का करेंगे उद्घाटन



**अमरावती।** गृह मंत्री अमित शाह रविवार को विजयवाड़ा के पास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के दक्षिणी परिसर और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 10वीं बटालियन परिसर का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। कृष्णा जिले के कोंडापावुलुरू में एनडीआरएफ के 20वें स्थापना दिवस समारोह में गृह मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। शनिवार शाम अमरावती पहुंचे शाह 200 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। ब्यूरो

### मध्य प्रदेश रेलवे को देगा 170 मेगावाट सौर ऊर्जा : वैष्णव

**नई दल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी ने बताया कि मध्य प्रदेश रेलवे को 170 मेगावाट सौर ऊर्जा मुहैया कराएगा। वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ शुक्रवार को ऊर्जा आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। पोस्ट पर सीएम यादव ने आभार जताया और कहा कि भारतीय रेलवे की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करना राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। ब्यूरो

### केरल : एंबुलेंस का रास्ता रोकने पर डॉक्टर पर केस, 5,000 का जुर्माना

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में एक डॉक्टर पर मामला दर्ज कर उसे दंडित किया गया है। दरअसल, डॉक्टर ने एक मरीज को लेकर अस्पताल जा रही एंबुलेंस का रास्ता रोका था। आरोपी की पहचान राहुल राज के तौर पर की गई। एंबुलेंस चालक की शिकायत पर बीएनएस की धाराओं के तहत डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया। मोटर वाहन विभाग ने भी आरोपी पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। एजेंसी

### बंगाल : पुलिसकर्मियों पर गोली चलाने वाला आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के गोआलपोखर में पुलिसकर्मियों पर हमले के मुख्य आरोपी सज्जाक आलम को पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ में मार गिराया। वह सुबह चोपड़ा सीमा से बांग्लादेश भागने की कोशिश कर रहा था। सज्जाक को हत्या के मामले में बीते बुधवार को कोर्ट में पेश किया था, जहां से जेल लौटते समय उसने दो पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी और फरार हो गया था। ब्यूरो

### ड्रग्स मामले में पंजाब के पूर्व एएजी को हाईकोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस,1985) के तहत दर्ज एक मामले में वकील और पंजाब के पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता को जमानत दे दी है। जस्टिस जसमीत सिंह ने अपने 14 जनवरी के फैसले में विक्रमजीत सिंह को राहत देते हुए कहा कि एनडीपीएस अधिनियम की धारा-37 के तहत दी गई दो शर्तें मामले में पूरी है। ब्यूरो

### अपात्र होने के भय से 4,500 लाडकी बहनों ने छोड़ी योजना

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना के लाभार्थियों की जांच शुरू हो गई है। सरकारी सत्यापन में अपात्र घोषित होने के भय से 4,500 महिलाओं ने इस योजना से तौबा कर लिया है। राज्य की महिला व बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने शनिवार को जांच की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि परिवहन एवं आयकर विभागों की मदद से मुख्यमंत्री योजना के लाभार्थियों की जांच की प्रक्रिया जारी है। ब्यूरो

# पहाड़ों पर हिमपात, मैदानों में घने कोहरे का कहर, 47 ट्रेनें प्रभावित

## दिन में धूप खिलने से भीषण ठंड से मिली राहत, हिमाचल के कई इलाकों में गिरे बर्फ के फाहे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम भारत में पहाड़ों पर हिमपात और मैदानी इलाकों में सुबह के समय घने कोहरे का कहर जारी है। कोहरे के चलते शनिवार को दिल्ली में 47 ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। हालांकि, दिन में धूप खिलने से मौसम में कुछ गर्माहट आई है और पारा चढ़ने से ठंड से कुछ राहत मिली है। हालांकि, मौसम विभाग ने अभी और दो दिन कोहरा पड़ने की संभावना जताई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की वैज्ञानिक डॉ. सोमा सेन रॉय ने कहा कि शनिवार को सुबह पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में घना कोहरा था और कई जगहों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम थी। रविवार को भी इन राज्यों में घने कोहरे का अनुमान है, जबकि महाकुंभ नगर प्रयागराज में 20 जनवरी तक घना कोहरा बना रह सकता है। भारतीय रेल ने बताया कि सुबह 6 बजे तक कोहरे के कारण ट्रेनों का संचालन बाधित रहा। लेकिन कुछ समय बाद संचालन सामान्य हो गया। डॉ. सोमा सेन ने बताया कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में अगले पांच दिनों तक बारिश होने की संभावना है। 21 जनवरी से इसमें वृद्धि होगी और 22-23 जनवरी को तेज बारिश हो सकती है। मैदानी क्षेत्रों में 22 जनवरी को बारिश शुरू होगी और 23 जनवरी तक होती रहेगी। कुछ क्षेत्रों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। लेकिन इसके साथ तापमान में वृद्धि होगी और कोहरा भी छटेगा।



रोहतांग की सड़कों पर जमा बर्फ को हटाते सीमा सड़क संगठन के कर्मचारी।

### कई राज्यों में मौसम खुला

पंजाब समेत उत्तर भारत के कुछ राज्यों में दिन के समय मौसम खुला और धूप खिली। न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई और दिल्ली में पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा में मौसम साफ रहा। हरियाणा में नारनौल सबसे ठंडा रहा, जिसका तापमान 5.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### ■ रोहतांग, किन्नौर और कुल्लू में बर्फबारी

हिमाचल प्रदेश में शनिवार को रोहतांग दर्रा सहित किन्नौर, कुल्लू और लाहौल की ऊंची चोटियों पर दोबारा बर्फबारी हुई। दोपहर बाद रोहतांग दर्रा के साथ ऊंची चोटियों में रुक-रुक फाहे गिरते रहे। अटल टनल रोहतांग फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल हो गई, लेकिन छोटे वाहनों व बसों के लिए अभी इंतजार करना होगा। वहीं हाईवे 305 भी बंद है। लाहौल में 129 सड़कें व कुल्लू में 10 सड़कें बंद हैं। 22 और 23 जनवरी को अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट जारी हुआ है।

### ■ राजस्थान-कश्मीर में भी चढ़ा पारा

जम्मू-कश्मीर में भी न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पहलगाम में न्यूनतम पारा 7 डिग्री चढ़कर शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी हफ्ते में कश्मीर घाटी में हल्की बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। राजस्थान में कोहरा का असर तो कुछ कम हुआ है, लेकिन ठंड से ज्यादा राहत नहीं मिली है।

# बीजापुर मुठभेड़ में 12 नहीं, 18 नक्सली हुए थे ढेर, 10 पर थे 59 लाख के इनाम

## शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा-छह शव साथी नक्सली उठा ले गए



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ में 12 नहीं 18 नक्सली मारे गए थे। पुलिस के एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी है। मुठभेड़ जिले के पामेड़-बासागुड़ा-उसूर अक्ष के घने जंगल में हुई थी। प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) और सेंट्रल रीजनल कमेटी (सीआरसी) कंपनी के पांच महिलाओं सहित 12 नक्सलियों के शव बरामद किए थे।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की दक्षिण बस्तर संभाग समिति ने एक बयान में कहा है कि मुठभेड़ में तेलंगाना राज्य समिति के सदस्य दामोदर सहित 18 नक्सली मारे गए थे। आईजी ने कहा कि नक्सलियों ने बयान में कहा है कि वे मुठभेड़ स्थल से छह शवों को ले जाने में सफल रहे। उन्होंने कहा, यह माओवादियों के लिए उनके गढ़ में एक बड़ा झटका है। पुलिस ने कहा कि इनमें से 10 माओवादियों पर कुल 59 लाख रुपये का इनाम था। एजेंसी

# सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी के पास आय से अधिक पांच करोड़ की संपत्ति

**उज्जैन।** उज्जैन में जिला सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक अनिल सुहाने के उज्जैन स्थित घर पर तलाशी के दौरान 5 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति का पता चला। मध्य प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्य) के एक अधिकारी ने शनिवार को दावा किया कि सुहाने के आवास पर छापे के दौरान 5 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई।

पिछले महीने सेवानिवृत्त हुए सुहाने को अपनी सेवा के दौरान लगभग 70 लाख रुपये का वेतन मिला। अधिकारी ने कहा कि तलाशी के दौरान उनके घर से 5 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति और बैंक लॉकरों का पता चला। उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर में सुहाने से जुड़े अन्य ठिकानों पर भी तलाशी ली गई है। इस दौरान ईओडब्ल्यू को एक वाणिज्यिक भूखंड और 5 लाख रुपये नकद समेत अन्य संपत्तियों का पता चला। उन्होंने कहा कि संपत्ति के मूल्य का पता लगाया जा रहा है। जांच के लिए बैंक लॉकर खोले जाएंगे। ब्यूरो

# नौकरियों में कमी, अस्थिर सीमाएं भारत की राह में चुनौती : सेना उप प्रमुख

**सूरत।** भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए रोजगार की कमी, अस्थिर सीमाओं और मानव विकास सूचकांक में कमजोर स्थिति जैसे मुद्दों को सुलझाना होगा। सैन्य उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने शुक्रवार को सूरत लिटफेस्ट 2025 में राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत @ 2047 विषय पर बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने आंतरिक विवादों को हल करने पर बल दिया।

### चेताया-चीन बांग्लादेश और म्यांमार पर बढ़ाएगा दबाव

लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने भारत की ताकत की बात करते हुए युवा जनसंख्या, स्थिर आर्थिक विकास और आईटी व फार्मा जैसे क्षेत्रों की प्रगति को सराहा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, कमजोर विनिर्माण क्षेत्र, बेरोजगारी, चीन और पाकिस्तान के साथ असुरक्षित सीमाएं और मानव विकास संकेतकों में कमी को देश की कमजोरियां बताया। उन्होंने समाज में विवादों को कम करने, तनाव घटाने और विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने आगे कहा कि 2047 तक भारत को अपनी प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना होगा। जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, नेपाल पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं को सुलझाना होगा ताकि सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे और भारत 2047 तक विकसित बन जाए। एजेंसी

# कुलपतियों की नियुक्ति पर मतभेद सुलझाएं तमिलनाडु सरकार व राज्यपाल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल से विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पर आपसी मतभेदों को सुलझाने को कहा है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार और राज्यपाल आरएन रवि 22 जनवरी को अगली सुनवाई तक मतभेदों को सुलझाने में विफल रहते हैं तो वह हस्तक्षेप करेगी। पीठ ने मौखिक टिप्पणी की कि अगली तारीख तक अगर मामला सुलझ जाता है तो ठीक है, नहीं तो हम सुलझाएंगे। पीठ तमिलनाडु सरकार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी देने, कैबिनेट में मंत्रियों की नियुक्ति और राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की सिफारिश करने के लिए चयन समितियों को मंजूरी देने के राज्यपाल के कार्यों को चुनौती दी गई है। ब्यूरो

### महिला पुलिसकर्मी से दुष्कर्म : एफआईआर रद्द करने के पटना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती

**नई दिल्ली।** बिहार पुलिस की महिला पुलिसकर्मी ने दुष्कर्म मामले में आईपीएस अधिकारी के खिलाफ एफआईआर रद्द करने के पटना हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पीड़िता का आरोप है कि अधिकारी ने शादी का झूठा वादा करके उसके साथ दुष्कर्म किया। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक (डिप्टी एसपी) की दायर याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट का आदेश मामले के तथ्यों से परे और स्थापित कानून के विपरीत है। ब्यूरो

# हमलावर बहुत आक्रामक था, पर गहनों को छुआ तक नहीं : करीना

## करीना के बयान से उलझी सैफ पर हमले की गुत्थी

**मुंबई।** पुलिस ने अभिनेता सैफ अली खान की पत्नी अभिनेत्री करीना कपूर का बयान दर्ज किया है। करीना ने कहा है कि हमलावर बहुत आक्रामक था। सैफ अकेले ही उसका सामना करते रहे। इस दौरान हमलावर ने उन पर कई बार चाकू से हमला किया। करीना ने कहा, हमलावर ने घर में खुले में रखे गहने को हाथ तक नहीं लगाया। करीना का यह बयान चौकाने वाला है, क्योंकि पुलिस का दावा है कि हमलावर चोरी के इरादे से सैफ के फ्लैट में घुसा था। करीना ने पुलिस को बताया कि इस वारदात से वह बेहद सहम गई थीं, इसलिए उनकी बड़ी बहन करिश्मा कपूर उन्हें अपने घर लेकर चली गई थी।

**संदिग्ध ने दादर से इयरफोन खरीदा :** सैफ के संदिग्ध हमलावर ने दादर में इयरफोन खरीदा था। दुकानदार हसन ने बताया कि पुलिस शुक्रवार को उसकी दुकान पर आई थी और सीसीटीवी फुटेज साथ ले गई। ब्यूरो



### सैफ को अस्पताल ले जाने वाले ऑटो चालक से पूछताछ

*मुंबई पुलिस ने सैफ को अस्पताल ले जाने वाले ऑटो रिक्शा चालक से भी शनिवार को पूछताछ की। ऑटो चालक भजन सिंह ने बताया कि उसे बांद्रा पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। उसने यह भी बताया कि उस रात उसने पैसे के बार में कुछ नहीं सोचा।*

# साइबर अपराधों की जांच में सहयोग बढ़ाएंगे भारत और अमेरिका, करार

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने साइबर अपराधों की जांच में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बाइडन प्रशासन के ट्रंप प्रशासन को प्रभार सौंपे जाने से तीन दिन पहले यह समझौता हुआ है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा और कार्यवाहक अमेरिकी उपगृह सुरक्षा सचिव (डीएचएस) क्रिस्टी कैनेगैलो ने शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से दोनों देशों की संबंधित एजेंसियों को आपराधिक जांच में साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और डिजिटल फोरेंसिक के उपयोग के संबंध में सहयोग और प्रशिक्षण के स्तर को बढ़ाने की अनुमति मिलेगी। भारत की ओर से गृह मंत्रालय का 'इंडियन साइबरक्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी)' इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार है। एजेंसी

### दोनों ने डिजिटल कनेक्टिविटी को सुरक्षित करने की जताई प्रतिबद्धता, एआई पर बढ़ाएंगे सहयोग

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने अमेरिका-भारत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) कार्य समूह की बैठक के दौरान सुरक्षित, विश्वसनीय और अंतर-संचालनीय डिजिटल कनेक्टिविटी और आईसीटी बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। नई दिल्ली में हुई बैठक में 5जी और 6जी नेटवर्क में प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सीमा पार डाटा प्रवाह और ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (ओपन आरएएन) को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। एजेंसी

# किश्तवाड़ में चार आतंकवादियों के पोस्टर जारी, इनाम पांच लाख



चार सक्रिय आतंकियों के जारी किए गए पोस्टर।

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को किश्तवाड़ जिले के चार सक्रिय आतंकवादियों के तस्वीरों के साथ पोस्टर जारी कर दिए। जानकारी देने वाले को 5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। हर आतंकवादी के लिए पांच-पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया है।

जिनके पोस्टर जारी किए गए हैं उनमें सैफुल्ला, फरमान, आदिल और एक अन्य आतंकवादी, जिसे बाशा माना जाता है। तस्वीरें उर्दू और अंग्रेजी दोनों में एक पोस्टर के माध्यम से सार्वजनिक की गई हैं। पोस्टर के अनुसार, आम जनता से अनुरोध है कि वे तस्वीरों में दिखाए गए व्यक्तियों के बारे में कोई भी जानकारी साझा करें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। प्रत्येक आतंकवादी के लिए 5 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। संवाद

# पत्रकार हत्याकांड में पीडब्ल्यूडी के दो अफसर निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के दो अधिकारियों को बीजापुर जिले में सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। शुक्रवार को उप-विभागीय अधिकारी आरके सिन्हा, उप अभियंता जीएस कोडोपी के निलंबन के आदेश जारी किए गए।

### सरकार ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

राज्य सरकार ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए। इस अनियमितता और भ्रष्टाचार की जांच पत्रकार मुकेश चंद्राकर की खबर के बाद शुरू हुई थी। उनकी इस महीने की शुरुआत में हत्या कर दी गई थी। एजेंसी

**रिपोर्ट** | 42.8 फीसदी ने सरकार की सुविधायुक्त पुनर्वास योजना का किया समर्थन

# 62% कश्मीरी पंडित चाहते हैं घर वापसी, सुरक्षा प्रमुख चिंता

अमर उजाला ब्यूरो

**जम्मू।** कश्मीर से विस्थापित हुए पूरे 35 साल हो गए लेकिन आज भी चाहते हैं कि घर वापसी हो जाए। 1990 में विस्थापित हुए 62 फीसदी कश्मीरी घर लौटना चाहते हैं। ऐसी चाह रखने वालों में 80 फीसदी लोग 36 साल की आयु वर्ग के हैं। हालांकि सुरक्षा उनके लिए प्रमुख चिंता का विषय है। सुरक्षित समूह बस्तियां इनकी प्राथमिकता है, जिनमें से 42.8% सरकार द्वारा सुविधायुक्त पुनर्वास का समर्थन करते हैं।

इन चुनौतियों और आकांक्षाओं की गहराई को समझने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के सहयोग से व्हेटस्टोन इंटरनेशनल नेटवर्किंग ने एक पोस्ट-एक्सोडस सांस्कृतिक सर्वेक्षण किया है। डॉ. राज नेहरू और उनकी टीम ने इसमें काम किया है। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की राय ली गई। आंकड़े बताते हैं कि विस्थापन के बाद 80.3 फीसदी लोग जम्मू-कश्मीर में रहे जबकि 7.9 फीसदी दिल्ली और 0.4 फीसदी विदेशों में गए। विस्थापितों में से 34.1 फीसदी निजी क्षेत्र और 34.1 फीसदी सरकारी नौकरी करते हैं। 17.1 फीसदी का बड़ा हिस्सा कमाई नहीं कर रहा है। जबकि सबसे बड़ा 24.9 फीसदी 20 से 50 हजार रुपये प्रति महीने तक कमाता है। शिक्षा के पहलुओं पर उत्तरदाताओं में से 59.8 फीसदी के पास स्नातक और उससे ऊपर की शिक्षा है। 23.5 फीसदी के पास 12वीं कक्षा, 7.6 फीसदी के पास तकनीकी शिक्षा और 4.2 फीसदी के पास पीएचडी या उससे ऊपर की योग्यता है। विस्थापन के कारण कश्मीरी पंडितों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई।

**सम्मान के साथ पुनर्वास महत्वपूर्ण**...पुनर्वास का मतलब समुदाय की पहचान और अपनेपन की भावना को बहाल करना है। सुरक्षित बस्तियां मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्थिरता प्रदान करेंगी।



**32 फीसदी के पास नहीं कश्मीर में संपत्ति**...66.6 फीसदी उत्तरदाताओं के पास कश्मीर में संपत्ति, जमीन या घर हैं। जबकि 32 फीसदी के पास कुछ नहीं है। 74.7 फीसदी ने बताया कि उनकी संपत्ति उपयोग में नहीं है या बेकार हो गई है। 1.2 फीसदी ने इसे किराए पर दिया है। 48.6 फीसदी लोगों ने अपने संपत्ति नहीं बेची है जबकि 44.1 फीसदी ने 1990 में उसे बेच दिया था।

# थूक लगाकर तंदूर में सेंक रहे थे रोटियां दो आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले की दुकान में थूक लगाकर रोटियां सेंकने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को दूसरे समुदाय के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और दुकान बंद करवा दी।

वीडियो में दुकान में रोटी बना रहा युवक तंदूर में रोटियां डालने से पहले उन पर थूकते हुए दिखाई दे रहा था। घटना को लेकर कांग्रेस और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में आमिर और फिरासत निवासी टांडा बादली, जिला रामपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

# वंदे भारत समेत 385 प्रीमियम ट्रेनों में एलटीसी यात्रा कर सकेंगे सरकारी कर्मचारी

## 136 वंदेभारत, 97 हमसफर, 8 तेजस एक्सप्रेस ट्रेन की गईं योजना में शामिल

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) के तहत ट्रेनों की संख्या में विस्तार कर सरकारी कर्मचारियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने में जुटा है।

सरकारी कर्मचारी अब 385 प्रीमियम ट्रेनों में यात्रा कर सकते हैं। इनमें 136 वंदे भारत, 97 हमसफर और 8 तेजस एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। साथ ही राजधानी, शताब्दी और दुरंतो जैसी 144 मौजूदा ट्रेनें भी शामिल हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, सरकारी कर्मचारी पहले से ही राजधानी, शताब्दी और दुरंतो श्रेणी की 144 मौजूदा ट्रेनों में शानदार यात्रा का लाभ उठा रहे हैं। नए फैसले के साथ देश के सभी क्षेत्रों में कुल 385 ट्रेनें हो जाएंगी, जिनमें सरकारी कर्मचारी एलटीसी यात्रा के लिए टिकट बुक कर सकेंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से घोषित विस्तार का उद्देश्य सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को विश्वस्तरीय यात्रा विकल्पों मुहैया कराना है। नए दिशा-निर्देशों के तहत कर्मचारी अपने एलटीसी का उपयोग करते हुए अपने गृहनगर या देश में किसी भी गंतव्य की यात्रा कर सकते हैं। एजेंसी



### छोटी दूरी के लिए चेयर कार

वंदे भारत, तेजस और शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों में छोटी और मध्यम दूरी की रेल यात्रा में लेवल 11 तक के कर्मचारी चेयर कार यात्रा का लाभ उठा सकते हैं। लेवल 12 और उससे ऊपर के कर्मचारी इन ट्रेनों में एक्जीक्यूटिव चेयर कार यात्रा के हकदार हैं। लंबी दूरी की यात्रा के लिए लेवल 12 और उससे ऊपर के कर्मचारी एसी द्वितीय श्रेणी में यात्रा का लाभ उठा सकते हैं।

- लेवल 6 से 11 तक के कर्मचारी एसी द्वितीय श्रेणी में यात्रा कर सकते हैं, जबकि अन्य सभी यानी लेवल 5 और उससे नीचे के कर्मचारी अपनी एलटीसी के दौरान एसी तृतीय श्रेणी में यात्रा कर सकते हैं। एलटीसी एक रियायती यात्रा सुविधा है।

## ईपीएफओ में दो सेवाओं की जानकारी ऑनलाइन खुद कर सकेंगे अपडेट
# कंपनियों की मंजूरी बिना बदल सकते हैं नाम-जन्मतिथि

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ के 7.6 करोड़ से अधिक सदस्य दो सेवाओं की जानकारी खुद ऑनलाइन अपडेट कर सकेंगे। पहली, नियोक्ता की ओर से किसी सत्यापन या ईपीएफओ की मंजूरी के बिना नाम-जन्मतिथि जैसी जानकारियों में ऑनलाइन बदलाव कर सकते हैं। दूसरी, ई-केवाईसी ईपीएफ खाते (आधार से जुड़े) वाले सदस्य, नियोक्ता के हस्तक्षेप के बिना आधार ओटीपी के साथ सीधे ईपीएफ ट्रांसफर दावे ऑनलाइन कर सकते हैं।

उपरोक्त दोनों सेवाएं शनिवार से शुरू हो गई हैं। ऐसे मामलों में किसी सहयोगी दस्तावेज की भी जरूरत नहीं होगी। यह सुविधा उन सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका यूएएन (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) एक अक्तूबर, 2017 के बाद जारी किया गया है। उस समय यूएएन को आधार से मिलान के लिए अनिवार्य कर दिया गया था। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, ईपीएफओ सदस्यों की 27 प्रतिशत शिकायतें प्रोफाइल/ केवाईसी से संबंधित होती हैं। इस सुविधा के शुरू होने के बाद ऐसी शिकायतें घटेंगी। इससे उन कंपनियों को भी लाभ होगा, जिनके पास बड़ी संख्या में कर्मचारी हैं। श्रम मंत्री ने कहा, ईपीएफओ ने अपने पोर्टल पर संयुक्त घोषणा की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इससे कर्मचारियों को नाम, जन्म तिथि, लिंग, राष्ट्रीयता, पिता/माता का नाम, वैवाहिक स्थिति, पति/ पत्नी का नाम, कामकाजी संगठन से जुड़ने और छोड़ने की तिथि जैसी व्यक्तिगत जानकारियों में होने वाली आम गलतियों को खुद ही सुधारने की सुविधा मिल गई है। एजेंसी



**एक अक्तूबर, 2017 के पहले के यूएएन वालों के लिए यह नियम**

जिन सदस्यों का यूएएन एक अक्तूबर, 2017 से पहले जारी हुआ है, उनके नियोक्ता ईपीएफओ की मंजूरी के बिना भी विवरण को सही कर सकता है। केवल उन मामलों में जहां यूएएन को आधार से नहीं जोड़ा गया है, वहां किसी भी सुधार को नियोक्ता के समक्ष भौतिक रूप से प्रस्तुत करना होगा तथा सत्यापन के बाद मंजूरी के लिए ईपीएफओ को भेजना होगा।

**लंबित अनुरोध को हटाने की सुविधा :** यदि कोई सदस्य अपना अनुरोध पहले ही दाखिल कर दिया है जो नियोक्ता के पास लंबित है, तो सदस्य इस अनुरोध को हटा सकता है और सरलीकृत प्रक्रिया के अनुसार खुद इसे मंजूर कर सकता है। इससे कंपनियों के पास लंबित 3.9 लाख मामलों को लाभ मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दायर किए गए दावों की संख्या 1.3 करोड़ मानी जाए तो 94 प्रतिशत से अधिक दावे यानी 1.2 करोड़ तुरंत ईपीएफओ तक पहुंच जाएंगे।

- **ट्रांसफर प्रक्रिया भी इसी महीने से होगी आसान :** इस महीने ट्रांसफर क्लेम प्रोसेसिंग के लिए ईपीएफओ की आंतरिक प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया जा रहा है।

## मणिपुर : शाह से मिले राज्यपाल दी राज्य के हालात की जानकारी



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने हिंसाग्रस्त मणिपुर के राज्यपाल का पदभार संभालने के बाद पहली बार शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। माना जा रहा है कि बैठक के दौरान भल्ला ने शाह को मणिपुर की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया।

राज्यपाल के रूप में नियुक्ति के बाद भल्ला विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिल रहे हैं और उनसे पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के बारे में फीडबैक ले रहे हैं। गृह सचिव रहते भल्ला ने पांच साल तक शाह के साथ काम किया। ऐसा कहा जा रहा है कि शाह ने उन्हें अशांत राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने का काम सौंपा है। एजेंसी

# महिला प्रोफेसर बच्चे की देखभाल के लिए दो साल तक ले सकती हैं छुट्टी
## यूजीसी का निर्देश, संस्थान छुट्टी देने में नहीं कर सकेंगे आनाकानी

सीमा शर्मा

**नई दिल्ली।** महिला प्रोफेसर अब बच्चे की देखभाल के लिए दो साल तक चाइल्ड केयर के नाम पर छुट्टी ले सकती हैं। उच्च शिक्षण संस्थान छुट्टी देने में आनाकानी नहीं कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने चाइल्ड केयर के प्रावधान को यूजीसी रेग्यूलेशन 2025 में शामिल किया है। यदि कोई उच्च शिक्षण संस्थान नियम का पालन नहीं करता है तो डीबार भी हो सकता है। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, कई बार महिला प्रोफेसर इस मुद्दे पर शिकायत करती थीं, जबकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। इन्हीं दिक्कतों को देखते हुए यूजीसी ने इसे नए नियमों में शामिल किया है।



**नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई**

*यूजीसी रेग्यूलेशन 2025 में साफ लिखा है कि यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो संबंधित उच्च शिक्षण संस्थान के खिलाफ आयोग सख्त कार्रवाई कर सकता है। इसमें किसी डिग्री प्रोग्राम में दाखिले पर रोक, जुर्माना, संबंधित कोर्स की मान्यता वापस लेने से लेकर संबंधित संस्थान की डीबार करना आदि शामिल है।*

---

**न्यूज डायरी**

### कलिंग मोयोंग अरुणाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चुने गए

**ईटानगर।** पूर्व विधायक कलिंग मोयोंग को शनिवार को सर्वसम्मति से भाजपा अरुणाचल प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया। वह इस पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। वह राज्य भाजपा अध्यक्ष के रूप में बियुराम वाहगे का स्थान लेंगे। मोयोंग 2014 से पासीघाट पूर्व विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हुए दो बार विधायक रहे थे। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मोयोंग के चयन के साथ प्रदेश से तीन राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की नियुक्ति की भी घोषणा की। ब्यूरो



### फिल्म प्रदर्शन से पहले भेड़ की बलि तेलुगु अभिनेता के प्रशंसक गिरफ्तार

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने 12 जनवरी को फिल्म डाकू महाराज के प्रदर्शन से पहले यहां सिनेमाघर में एक भेड़ की बलि देने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पेटा की ओर से ईमेल के माध्यम से भेजी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शंकरैया, रमेश, सुरेश रेड्डी, प्रसाद और मुकेश बाबू को भेड़ की बलि देने और उसका खून फिल्म के मुख्य अभिनेता एन बालकृष्ण के पोस्टर पर लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया। अभिनेता और विधायक बालकृष्ण मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के रिश्तेदार हैं। एजेंसी

### मणिपुर : एनपीपी विधायक एन कायिसि का 58 की उम्र में निधन

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्व मंत्री और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के विधायक एन कायिसि का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। नगा समुदाय से संबंध रखने वाले कायिसि सेनापति जिले के ताडुबी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक और एनपीपी के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कायिसि के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि मणिपुर के लोगों के प्रति उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। बीरेन सिंह ने कायिसि के आवास का दौरा किया और अपनी संवेदना व्यक्त की। एजेंसी

### गृह मंत्रालय ने इस साल अब तक 67 संस्थाओं को दी एफसीआरए की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस साल अब तक 67 संस्थाओं को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) की मंजूरी दी है। ये संस्थाएं सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक गतिविधियों में लगी हुई है। दिल्ली के परम पावन दलाई लामा चैरिटेबल ट्रस्ट, संभावना ट्रस्ट, व्योमिनी सोशल फाउंडेशन और सेंटर फॉर इक्विटी एंड इंक्लूजन को एफसीआरए के तहत अलग-अलग प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं। इन चार संस्थाओं के अलावा 63 अन्य को भी एफसीआरए प्रमाणपत्र दिए गए। एजेंसी

**ऑनलाइन पोल**

amarujala.com/poll

**वनडे विश्वकप के बाद अब चैंपियंस ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की जोड़ी साथ दिखाई दे सकती है। क्या इससे भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत होगा?**

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

**क्या आगामी बजट में सरकार को व्यक्तिगत आयकर के दायरे में छूट का दायरा बढ़ाने का एलान करना चाहिए?**

| | |
|---|---|
| हां | 92.46% |
| नहीं | 7.54% |

---

# यौन उत्पीड़न केस में पीड़िता को शारीरिक चोट लगना महत्वपूर्ण नहीं : सुप्रीम कोर्ट
## पीठ ने कहा, आघात लगने पर हर पीड़ित अलग तरह से देता है प्रतिक्रिया

राजीव सिन्हा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यौन उत्पीड़न साबित करने के लिए पीड़िता को शारीरिक चोट लगना या शोर मचाना महत्वपूर्ण नहीं है। कोर्ट ने कहा, यह एक आम मिथक है कि यौन उत्पीड़न के बाद चोट लगना स्वाभाविक है। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा, ऐसे मामलों में एक समान प्रतिक्रिया की उम्मीद करना यथार्थवादी और न्यायसंगत नहीं है।

**मामला 1**

पीठ ने कहा, पीड़ित व्यक्ति आघात के प्रति विभिन्न तरीकों से प्रतिक्रिया करते हैं जो डर, सदमे, सामाजिक कलंक या असहायता की भावनाओं जैसे कारकों से प्रभावित होते हैं। यौन उत्पीड़न से जुड़ा कलंक अक्सर महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करता है, जिससे उनके लिए दूसरों के सामने घटना का खुलासा करना मुश्किल हो जाता है। पीठ ने लैंगिक रूढ़िवादिता पर सुप्रीम कोर्ट की हैंडबुक (2023) का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि अलग-अलग लोग दर्दनाक घटनाओं पर अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। पीठ ने कहा, हैंडबुक में एक उदाहरण दिया गया है कि माता-पिता की मृत्यु के कारण एक व्यक्ति सार्वजनिक रूप से रो सकता है, जबकि संभव है कि उसी स्थिति में दूसरा व्यक्ति सार्वजनिक रूप से कोई भावना प्रदर्शित न करे। इसी तरह, किसी पुरुष की ओर से यौन उत्पीड़न या दुष्कर्म किए जाने पर महिला की प्रतिक्रिया उसकी व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर भिन्न हो सकती है। ऐसे में पीड़ित या पीड़िता की प्रतिक्रिया पता करने का कोई भी सही या उचित तरीका नहीं है। यह टिप्पणी करते हुए पीठ ने आरोपी को अपहरण के आरोप से भी बरी कर दिया।

**उत्तराखंड हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोप से बरी किया था**

पीठ उत्तराखंड हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दलीप कुमार की याचिका पर अपने आदेश में यह टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने दलीप को शादी के उद्देश्य से एक नाबालिग का अपहरण करने में दोषी ठहराया था जबकि दुष्कर्म के मामले में यह कहते हुए बरी कर दिया था घटना के तुरंत बाद पीड़िता की जांच करने वाले डॉक्टर को उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला। वह कुल मिलाकर सामान्य थी और उसके शरीर पर कोई चोट या सूजन नहीं पाई गई। ऐसे में डॉक्टर ने पीड़िता पर यौन उत्पीड़न के आरोप को पूरी तरह खारिज कर दिया था।



**शीर्ष कोर्ट ने अपहरण के आरोप से भी बरी किया**

हालांकि इस टिप्पणी के बावजूद शीर्ष कोर्ट ने दलीप को अपहरण के आरोप से भी बरी कर दिया। पीठ ने पाया कि लड़की ने उसके साथ स्वेच्छा से जाने की बात कबूल की थी। वहीं, पीड़िता की जांच करने वाले डॉक्टर ने उसकी उम्र 16 से 18 वर्ष होने का अनुमान लगाया था। ऐसे में लड़की का नाबालिग होना अनिवार्य नहीं था। अदालत ने पाया कि लड़की ने खुद कहा था कि वह स्वेच्छा से आरोपी के साथ गई थी और वह कभी चिल्लाई नहीं या ये भी नहीं जताया कि अपीलकर्ता की ओर से उसका अपहरण किया जा रहा है क्योंकि अपीलकर्ता के साथ उसकी शादी की बातचीत चल रही थी लेकिन उसके पिता इसके खिलाफ थे क्योंकि वे दोनों अलग-अलग जातियों के थे।

**अभियोजन अपराध साबित करने में विफल रहा**

*अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध के तत्वों को साबित करने में विफल रहा क्योंकि पीड़िता की नाबालिग बहन, जिसने कथित तौर पर घटना देखी थी, से कभी पूछताछ नहीं की गई और मामले में एफआईआर एक दिन बाद दर्ज की गई। पीठ ने यह भी कहा कि डॉक्टर के बयान के मद्देनजर पीड़िता की उम्र 18 वर्ष होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।*

### ईसाई व्यक्ति को पिता को दफनाने से रोकने पर छत्तीसगढ़ को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ईसाई व्यक्ति की याचिका पर छत्तीसगढ़ सरकार को फटकार लगाई और नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। व्यक्ति ने अपनी याचिका में कहा है कि छिंदवाड़ जिले के एक गांव के लोगों ने उसके पादरी पिता को दफनाने नहीं दिया जा रहा और पुलिस ने भी उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस बात पर हैरानी जताई कि जगलदपुर के जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के मुर्दाघर में शव को 7 जनवरी के बाद से ही रखा गया है जब व्यक्ति का निधन हो गया था। पुलिस ने तब से इस मामले में कोई कार्रवाई तक नहीं की है। पीठ महरा जाति से आने वाले मृतक के बेटे रमेश बघेल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। ब्यूरो

**मामला 2**

- पीठ ने कहा कि ग्राम पंचायत की बात तो छोड़ ही दीजिए, यहां तक कि हाईकोर्ट ने भी हैरतअंगेज आदेश दिया है। राज्य सरकार क्या कर रही है।

इसके साथ ही पीठ ने छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी करते हुए मामले की सुनवाई 20 जनवरी को सूचीबद्ध की। बघेल ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें गांव में ईसाइयों के कब्रिस्तान में उसके पिता को दफनाने की मांग को खारिज कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने ग्राम पंचायत की तरफ से जारी एक प्रमाणपत्र के आधार पर फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि गांव में ईसाइयों के लिए कोई अलग से कब्रिस्तान नहीं है। हाईकोर्ट ने यह कहा था कि अगर पादरी को गांव में दफनाए जाने की अनुमति दी जाती है तो इससे सौहार्द बिगड़ने का डर है।

# बिहार में जाति सर्वेक्षण जनता को बेवकूफ बनाने के लिए था : राहुल
## संघ पर देश में संविधान को कमजोर करने का लगाया आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार सरकार की ओर से कराया गया जाति सर्वेक्षण लोगों को बेवकूफ बनाने की कवायद है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी देश में जाति जनगणना की अपनी मांग पर कायम रहेगी क्योंकि राज्य में विकास कार्यों की योजना बनाने के लिए यह पहल जरूरी है।

राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर देश में संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया। यहां बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सच्ची आजादी वाली टिप्पणी देश के संविधान के खिलाफ है। दलित, अल्पसंख्यक और सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले लोग इस देश की 90 प्रतिशत आबादी हैं, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं। यही कारण है कि हम जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नौकरशाही और अन्य क्षेत्रों में ओबीसी, दलितों और श्रमिकों की भागीदारी का पता लगाने के लिए देश भर में जाति जनगणना महत्वपूर्ण है।



**आरक्षण की 50% की सीमा पर्याप्त नहीं**

*राहुल ने दावा किया कि एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों के लिए आरक्षण की 50% की सीमा पर्याप्त नहीं है। हम बहुसंख्यक लोगों के लाभ के लिए आरक्षण की सीमा बढ़ाएंगे।*

# दरिंदगी की जगह और मोबाइल टावर लोकेशन ने सजा तक पहुंचाया
## अस्पताल अधिकारियों की गतिविधियों की भी आलोचना

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर से दरिंदगी मामले में एकमात्र आरोपी संजय रॉय को दोषी करार देते हुए सियालदह कोर्ट के जज अनिर्वाण दास ने कहा कि दोषी ने 9 अगस्त 2024 को सुबह करीब 4 बजे अस्पताल के सेमिनार रूम में सो रही पीजी प्रशिक्षु पर हमला किया। संजय ने डॉक्टर से दुष्कर्म किया और उसके बाद उसका गला घोंटकर हत्या कर दी।

**डॉक्टर से दरिंदगी**

जज ने फैसला खुली अदालत में सुनाया लेकिन सुनवाई बंद कमरे में हुई थी। 160 से अधिक पेज के फैसले में न्यायाधीश ने कहा कि मैंने अपराध की जगह और आरोपी के मोबाइल टावर लोकेशन पर विचार किया। मैंने पुलिस और अस्पताल अधिकारियों की कुछ गतिविधियों की आलोचना की है जो साक्ष्य में सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष का मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता-पीड़िता के पिता के उठाए गए कुछ सवालों के जवाब फैसले में दिए गए हैं। ब्यूरो



दोषी संजय रॉय को कोर्ट ले जाती पुलिस। एजेंसी

### 10 साल की कैद से लेकर सजा-ए-मौत तक संभव

*न्यायाधीश दास ने कहा कि बीएनएस की धारा 64 (दुष्कर्म) के तहत कम से कम 10 साल की सजा हो सकती है और यह आजीवन कारावास तक हो सकती है। धारा 66 (पीड़ित की मृत्यु या उसे लगातार निष्क्रिम अवस्था में पहुंचाने के लिए सजा) में कम से कम 20 साल की सजा का प्रावधान है, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। इसका अर्थ है आरोपी के शेष जीवन के लिए कारावास या मृत्युदंड भी का प्रावधान है।*

### संदीप घोष की गतिविधियों ने भ्रम पैदा किया

न्यायाधीश ने कहा कि विभागाध्यक्ष, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं उप प्राचार्य (एमएसवीपी) तथा आरजी कर मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य संदीप घोष की कुछ गतिविधियों से मेरे मन में कुछ भ्रम पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि इन्हें फैसले में स्पष्ट किया गया है। घोष पर मामले में साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था और उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। साथ ही स्थानीय ताला पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया था। हालांकि वह जमानत पर बाहर हैं। उन पर प्रशिक्षु डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में एफआईआर दर्ज करने में कथित देरी का आरोप था। घोष दुष्कर्म-हत्या मामले में जमानत मिलने के बावजूद जेल में बंद हैं। घोष आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के एक अन्य मामले में न्यायिक रिमांड पर हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि मैंने कई बिंदुओं पर विचार किया। इसमें पीड़िता की प्रोफाइल, उसकी ड्यूटी के घंटे और 8-9 अगस्त 2024 के बीच उसे आखिरी बार कब और कहां जीवित देखा गया था। मैं इस बात पर भी विचार किया कि पीड़िता कब और कहां मृत पाई गई और किसने सबसे पहले पाया कि उसकी मृत्यु हो गई है, मृत्यु का कारण और समय। कोर्ट ने यह भी देखा कि क्या उसके साथ यौन उत्पीड़न का कोई सबूत है, क्या हमलावर एक व्यक्ति था या व्यक्तियों का समूह था और किसने पीड़िता पर क्रूर कृत्य किया था।

**कई अहम बिंदुओं पर किया गया विचार**

### दोषी बोला-मैं नहीं, आईपीएस अफसर शामिल

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में संजय रॉय ने कोर्ट में कहा कि मैं गरीब हूं, इसलिए फंसाया गया है। मैंने कुछ नहीं किया, जिन लोगों ने किया उन्हें छोड़ दिया गया है। इसमें एक आईपीएस अधिकारी भी शामिल है। राय ने यह भी कहा कि वह हमेशा रुद्राक्ष की माला पहनता है और यदि उसने ऐसा किया होता तो यह माला टूट जाती।

**पीड़िता की मां बोलीं, पूरी तरह न्याय नहीं हुआ :** संजय रॉय को दोषी करार दिए जाने के बाद पीड़िता की मां ने कहा कि न्याय पूरी तरह से नहीं हुआ है। संजय दोषी है, यह मेडिकल साक्ष्यों से साबित हो चुका है। वह सुनवाई के दौरान चुप रहा, जिससे मेरी बेटी को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने में उसकी भूमिका साबित हुई। लेकिन, वह अकेला नहीं था। जिन अन्य लोगों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। हम न्याय के लिए अपनी लड़ाई आखिरी सांस तक जारी रखेंगे। ब्यूरो

### दोषी संजय की बहन बोली फैसले को चुनौती नहीं देंगे

भवानीपुर इलाके में दोषी संजय की बड़ी बहन ने कहा कि हमें अकेला छोड़ दें। हम टूट चुके हैं। अगर उसने कोई अपराध किया है तो उसे उचित सजा मिलनी चाहिए। हमारे पास फैसले को चुनौती देने की कोई योजना नहीं है। मैं अपने ससुराल में रह रही हूं। वर्ष 2007 में शादी के बाद से मेरा अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं है, जबकि मेरी मां की तबीयत ठीक नहीं है। बहन ने कहा कि उसका भाई बचपन में सामान्य लड़के की तरह ही था। जैसे-जैसे वह बड़ा हुआ, उसने शराब पीना शुरू कर दिया, लेकिन इसके अलावा मैंने खुद कभी भी संजय के किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार का कोई मामला नहीं सुना।

- *बेशक, पिछले कुछ सालों में हमारा उससे नियमित संपर्क नहीं था और वह एक अलग इलाके में रहता था, इसलिए मुझे उसके संबंधों के बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही वह यह जानती है कि मेरा भाई किसी आपराधिक मामले में शामिल था या नहीं। दोषी की मां ने कहा कि मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है। कृपया मुझे अकेला छोड़ दें।*

# कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने दी जान
## इस साल आत्महत्या का चौथा मामला

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे जेईई अभ्यर्थी (16) ने नाना-नानी के घर पर कथित तौर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कोचिंग सेंटरों के लिए मशहूर इस शहर में इस साल आत्महत्या का यह चौथा मामला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना जवाहर नगर इलाके में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात को हुई।

पुलिस के अनुसार, बूंदी जिले के इंद्रगढ़ कस्बे का 12वीं कक्षा का छात्र मनन जैन पिछले तीन साल से संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी के लिए अपने नाना-नानी के पास रह रहा था। सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) जवाहर सिंह ने बताया कि पुलिस को शनिवार सुबह करीब सवा नौ बजे घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि मनन शुक्रवार को आधी रात तक अपने ममेरे भाई के साथ पढ़ाई कर रहा था। अगली सुबह जब उसने फोन नहीं किया तो उसके चचेरे भाई ने कमरे में झांका और पाया कि वह कमरे की खिड़की की लोहे की रेलिंग से लटका हुआ है। मनन के मामा महावीर जैन ने बताया कि 22 जनवरी को जेईई-मेन परीक्षा देने वाला था।

**शिक्षा मंत्री ने कहा, छात्रों की आत्महत्या की एक वजह 'प्रेम संबंध' भी :** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मेरा बयान कुछ लोगों को बुरा लग सकता है लेकिन अभिभावकों को सतर्क रहना चाहिए और अपने बच्चों पर पढ़ाई के लिए दबाव नहीं डालने चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में प्रेम संबंधों के चलते भी छात्र आत्महत्या कर लेते हैं। ब्यूरो

# कामयाबी : प्रक्षेपण यान दोबारा हो सकेंगे इस्तेमाल, परीक्षण सफल
## इसरो ने विकास तरल इंजन को फिर से किया चालू

**बंगलूरू।** अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इसरो अपने विकास तरल इंजन को फिर चालू करने के परीक्षण में सफल रहा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की तरफ से जारी बयान में इसे प्रौद्योगिकी विकास में मील का बताया गया, जिससे भविष्य में प्रक्षेपण यान फिर से इस्तेमाल करना सुनिश्चित होगा।

इसरो ने विकास तरल इंजन को पुनः चालू करने संबंधी परीक्षण शुक्रवार को महेंद्रगिरि के प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किया। इस परीक्षण के दौरान इंजन को 60 सेकंड के लिए चालू किया गया और फिर 120 सेकंड के लिए बंद किया गया। इसके बाद इसे पुनः चालू किया गया। परीक्षण के दौरान इंजन के सभी मानक सामान्य और अपेक्षा के अनुरूप थे। गत दिसंबर में किए गए परीक्षण में 42 सेकंड के शट-ऑफ समय और सात सेकंड की फायरिंग अवधि के साथ कम अवधि के लिए फिर से चालू करने का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। इसरो ने बताया कि विकास इंजन का उपयोग प्रक्षेपण यानों के तरल चरणों (लिक्विड स्टेज) को शक्ति प्रदान करने में किया जाता है। विभिन्न परिस्थितियों में इंजन पुनः चालू करने के लिए कई परीक्षण किए जा रहे हैं। इसके अलावा, इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने इसरो के एलवीएम3 प्रक्षेपण यान के कोर लिक्विड स्टेज (एल110) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एजेंसी



---

**बजट से उम्मीदें** | गोल्डमैन सैश का अनुमान, जीडीपी वृद्धि दर से कम रहेगी खर्च की दर

# ग्रामीण इलाकों से जुड़ीं योजनाओं पर खर्च का दायरा बढ़ा सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** वैश्विक ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैश का मानना है कि इस बार के बजट में ग्रामीण इलाकों से जुड़ी योजनाओं का आवंटन बढ़ सकता है। इसमें कल्याणकारी योजनाओं से लेकर अन्य योजनाएं शामिल होंगी। हालांकि, आगे ऐसी योजनाओं पर सरकार के खर्च की वृद्धि दर जीडीपी वृद्धि दर से कम रह सकती है।

विश्लेषकों का मानना है कि ऐसा होता है तो इससे गांव के लोगों की आय में सुधार होगा और खर्च भी बढ़ेगा। लेकिन इसके साथ बचत बढ़ाने की भी जरूरत है। जैसे-जैसे ग्रामीण भारतीयों की आय में सुधार होगा, ग्रामीण उपभोग में भी वृद्धि होने की संभावना है, लेकिन ग्रामीण विकास में भी तेजी आनी चाहिए। आय बढ़ने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बचत बढ़नी चाहिए और जमा राशि में वृद्धि की संभावना को देखते हुए बैंकिंग क्षेत्र शाखा विस्तार करने के लिए और प्रयास करेंगे। जब आय में सुधार होगा, तो लोग परिवार के भविष्य के बारे में सोचेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा की पहुंच बढ़ने की गुंजाइश है। एजेंसी



### ग्रामीण जीवन सुधार के लिए कई निवेश

*आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी में फंड मैनेजर प्रियंका खंडेलवाल कहती हैं कि ग्रामीण भारत विकास गाथा का अभिन्न अंग है क्योंकि हमारी कामकाजी उम्र की आबादी का एक बड़ा हिस्सा इसी इलाके में है। देश की 64% आबादी गांवों में रहती है और अर्थव्यवस्था में इसका लगभग आधा योगदान है। पिछले दशक में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार के लिए कई निवेश किए गए हैं और इससे बहुत लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है। सामाजिक कल्याण में सुधार के लिए सभी निवेशों के बावजूद, रोजगार के लिए कृषि पर बहुत अधिक निर्भरता के कारण पिछले कुछ वर्षों में समग्र स्तर पर ग्रामीण आय में अच्छा प्रदर्शन नहीं हुआ है।*

### आजीविका के लिए कृषि पर ज्यादा निर्भरता

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के पंजीकृत सलाहकार विकास आनंद कहते हैं, पिछले दस वर्षों में गैर-कृषि नौकरियों में कार्यरत लोगों के जीवन में कुछ खास बदलाव नहीं हुआ है। आजीविका के लिए कृषि पर निर्भरता अधिक थी क्योंकि कृषि आय वृद्धि सीमाबद्ध थी। शहरी आय वृद्धि बेहतर रही है।

- *यही कारण है कि शहरी भारत ने ग्रामीण भारत की तुलना में आय और उपभोग वृद्धि के मामले में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।*

### गैर-कृषि नौकरियों के लिए बेहतर दृष्टिकोण

इस दशक में ग्रामीण भारत के लिए दृष्टिकोण अलग हो सकता है, क्योंकि गैर-कृषि नौकरियों के लिए दृष्टिकोण बेहतर दिख रहा है। घरेलू जरूरतों के साथ-साथ निर्यात के लिए भारत के विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाने पर जो जोर दिया जा रहा है, उसमें गैर-कृषि नौकरियों की उपलब्धता में सुधार करने की क्षमता है। लाडली बहना जैसी योजनाएं ग्रामीण उपभोग और/या बचत के लिए अच्छा संकेत हैं। ग्रामीण प्रति व्यक्ति आय भी उस मोड़ के करीब है जहां से गैर-खाद्य खपत बढ़नी चाहिए। जो कंपनियां इन ग्राहकों की सेवा पर ध्यान केंद्रित करती हैं उन्हें बेहतर विकास संभावनाओं से लाभ हो सकता है।




## न्यूज डायरी

### नाइजीरिया में ईंधन टैंकर पलटने के बाद विस्फोट, 70 की मौत

**मैदुगुरी।** उत्तरी नाइजीरिया के नाइजर में शनिवार को एक पेट्रोल टैंकर पलटने के बाद हुए विस्फोट में 70 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि टैंकर पलटने के बाद लोग पेट्रोल निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान टैंकर में आग लग गई, जिसने एक और टैंकर को चपेट में ले लिया। यहां के जिगावा राज्य में पिछले साल अक्तूबर में इसी तरह की दुर्घटना हुई थी, जिसमें 147 लोग मारे गए थे। एजेंसी

### ऑस्ट्रेलिया : तूफान व बारिश से तबाही, 28 हजार लोग अंधेरे में

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स प्रांत में निम्न दबाव के कारण हुई भारी बारिश व तूफान के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश इतनी अधिक हुई है प्रशासन को बाढ़ की चेतावनी जारी करनी पड़ी है। विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। सिडनी में करीब 28 हजार लोगों को बिना बिजली रात गुजारनी पड़ी। न्यूकैसल सिटी व हंटर क्षेत्र में 15 हजार लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बारिश व तूफान के कारण बड़ी संख्या में पेड़ धराशायी हो गए हैं। एजेंसी

### रूसी हमले में तीन की मौत, यूक्रेन ने तेल डिपो पर किए हमले

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस की तरफ से किए गए हमलों में शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। दूसरी तरफ, यूक्रेन ने रूस के औद्योगिकी क्षेत्रों को निशाना बनाया, जिससे तेल डिपो में आग लग गई। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने शनिवार सुबह 39 शहीद व अन्य ड्रोन तथा चार बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च कीं। यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने दो मिसाइलों व 24 ड्रोन को मार गिराया। 14 ड्रोन का पता नहीं चल पाया। एजेंसी

### चीन ने बांग्लादेश पर डाले डोरे, कहा-द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने को तैयार

**बीजिंग।** पाकिस्तान में पैर जमाने के बाद चीन ने अब बांग्लादेश पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने हाल में कहा कि उनका देश बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार है। दरअसल, बांग्लादेश के विदेश मंत्री हुसैन 20 जनवरी से चीन दौरे पर जाने वाले हैं। एक प्रेस वार्ता में गुओ ने कहा, चीन बांग्लादेश के साथ राजनीतिक विश्वास बढ़ाने के साथ ही लोगों की आवाजाही विस्तार के लिए तत्पर है। एजेंसी

### द. कोरिया के राष्ट्रपति यून ने रिहाई के लिए कोर्ट में पेश की दलील

**सियोल।** महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून ने शनिवार को सियोल की एक अदालत के समक्ष अपनी रिहाई के लिए दलील पेश की। दूसरी तरफ, अदालत ने इस बात पर विचार किया कि उनकी औपचारिक गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसी के अनुरोध को स्वीकार किया जाए अथवा नहीं। एजेंसी

# मां की बाइबल के साथ राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे ट्रंप, 40 वर्षों बाद बंद हॉल में होगा समारोह

## वाशिंगटन में भीषण ठंड के चलते कैपिटल रोटुंडा में होगा ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह
## जेडी वेंस अपनी नानी की पारिवारिक बाइबल के साथ लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को अपनी मां की बाइबल के साथ अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इस बीच, भीषण ठंड व बर्फबारी के मद्देनजर 40 वर्षों में पहली बार शपथ ग्रहण समारोह खुले स्थान के बजाय कैपिटल रोटुंडा में बंद हॉल में कराने का फैसला किया गया है।

शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी समिति ने शुक्रवार को बताया कि जिस बाइबल के साथ ट्रंप शपथ लेंगे उसे उनकी मां ने 1955 में न्यूयॉर्क में प्राइमरी स्कूल की पढ़ाई के दौरान भेंट किया था। उसके कवर के निचले हिस्से पर ट्रंप का नाम लिखा है। वह शपथ ग्रहण समारोह में लिंकन बाइबल का भी इस्तेमाल करेंगे। इस बाइबल का पहली बार इस्तेमाल 4 मार्च, 1861 को 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में किया था। बाद में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने दोनों शपथ ग्रहण समारोह, जबकि ट्रंप ने 2017 में अपने प्रथम शपथ ग्रहण समारोह में भी लिंकन बाइबल का उपयोग किया था। वहीं, उपराष्ट्रपति पद के लिए चुने गए जेडी वेंस शपथ के लिए अपनी नानी की पारिवारिक बाइबल का इस्तेमाल करेंगे। ट्रंप शपथ समारोह के लिए शनिवार को वाशिंगटन पहुंच जाएंगे। एजेंसी






अमेरिकी संसद के सामने जमी झील के किनारे सैलानी।

### सजेगी सितारों की महफिल

*समारोह में कंट्री म्यूजिक स्टार कैरी अंडरवुड, बिली रे साइरस व जेसन एल्डियन, डिस्को बैंड द विलेज पीपल, रैपर नेली व संगीतकार किड रॉक प्रस्तुति देंगे। अभिनेता जॉन वोइट व पहलवान हल्क होगन के भी समारोह में भाग ले सकते हैं। उद्योगपतियों में टेस्ला व एक्स के सीईओ एलन मस्क, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग व टिकटॉक के सीईओ शू जी च्यू भी मौजूद रहेंगे।*

### ट्रंप ने कहा-गर्म कपड़े पहन कर आएं...पारा माइनस 11 डिग्री

शपथ ग्रहण समारोह बंद जगह में आयोजित किए जाने का एलान ट्रंप ने खुद किया था। उन्होंने कहा, वाशिंगटन में तापमान रिकॉर्ड निचले स्तर पर जा सकता है। मैं लोगों को बीमार होते नहीं देखना चाहता। यह कानून प्रवर्तन व समारोह में लगे हजारों कर्मचारियों के लिए खतरनाक होगा, जो समारोह के दिन घंटों तक बाहर रहते हैं। देश में आर्कटिक तूफान जारी है। समारोह में गर्म कपड़े पहनकर आएं। हालिया मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार को वाशिंगटन डीसी में तापमान माइनस 11 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इससे पहले 1985 में रोनाल्ड रीगन ने बंद जगह में शपथ ली थी।

■ **समारोह में भाग लेंगे कैपिटल हिल हिंसा के आरोपी**
2020 के कैपिटल हिल हिंसा के कुछ आरोपियों को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति मिल गई है। राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की हार के बाद उनके हजारों समर्थकों ने अमेरिकी संसद यूएस कैपिटल पर हमला कर दिया था। हमले के आरोपी या दोषी 20 प्रतिवादियों ने ट्रंप के शपथ समारोह में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

■ **अभूतपूर्व सुरक्षा-व्यवस्था, 25 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात**
चुनाव में ट्रंप पर दो बार हुए जानलेवा हमलों के मद्देनजर शपथ समारोह में अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 30 मील लंबी अस्थायी बाड़ लगाई गई है और करीब 25 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

■ **चलेगा आव्रजन अभियान :** ट्रंप के पद संभालने के एक दिन बाद ही अमेरिका में देशव्यापी आव्रजन प्रवर्तन अभियान का आदेश दे सकते हैं। इसके लिए एजेंसियां तैयारी कर चुकी हैं।

### जयशंकर समेत कई विदेशी मेहमान रहेंगे मौजूद

*डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के लिए दर्जन भर से ज्यादा विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया गया है। समारोह में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा इटली की पीएम जियॉर्जिया मेलनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। समारोह में शामिल होने के लिए विदेशी नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया है।*



एस. जयशंकर

### यूक्रेन युद्ध खत्म कराना ट्रंप के लिए होगी चुनौती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में शांति समझौता करने का संकल्प लिया है। हालांकि, उनके लिए यह युद्ध खत्म कराना एक बड़ी चुनौती होगी। रूस व यूक्रेन संभावित बातचीत से पहले वार्ता की मेज पर अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए युद्ध के मैदान में बढ़त बना लेने के प्रयास में जुटे हैं। रूसी सेना पिछले साल लगातार यूक्रेनी सुरक्षा बलों को धकेलती हुई आगे बढ़ती रही है। वह पूर्व व दक्षिण के चार क्षेत्रों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रही है। रूस ने युद्ध की शुरुआत में जबरन इन क्षेत्रों का विलय कर लिया था, पर वह कभी भी पूरी तरह से कब्जा नहीं कर पाया। वह यूक्रेन के ऊर्जा नेटवर्क एवं अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को कमजोर करने की कोशिश में ताबड़तोड़ मिसाइल व ड्रोन हमले कर रहा है।

- दूसरी तरफ, यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अपनी पैठ का विस्तार करने की कोशिश की है। यूक्रेन ने रूसी तेल केंद्रों व मॉस्को की युद्ध मशीन के लिए महत्वपूर्ण अन्य प्रमुख लक्ष्यों को मिसाइलों व ड्रोनों से निशाना बनाया है। दोनों ही पक्षों ने वार्ता के सिलसिले में ऐसा रूख अपना लिया है, जहां समझौते की गुजाइंश बहुत कम बची है।
- इस बीच, चुनाव प्रचार के दौरान महज 24 घंटे के अंदर युद्ध रुकवा देने का दावा करने वाले ट्रंप ने माह की शुरुआत में समयसीमा बदल दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छह महीने में शांति वार्ता हो सकती है। यूक्रेन में उनके नामित दूत कीथ केल्लोग का कहना है कि शांति समझौता 100 दिनों में हो सकता है।

# मस्क का प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी बढ़ाने पर जोर

## अमेरिकी उद्यमी ने भारतीय व्यवसायियों के साथ किया विमर्श

**वाशिंगटन।** अपनी तरह के पहले आयोजन में एलन मस्क ने टेक्सास में स्पेसएक्स की स्टारबेस सुविधा में प्रमुख भारतीय कारोबारियों के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। इस दौरान उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर बल दिया।

शुक्रवार को हुए इस कार्यक्रम में भारतीय व्यवसायियों को स्टारबेस का दौरा करने व स्पेसएक्स की स्टारशिप फ्लाइट 7 के सफल प्रक्षेपण व बूस्टर कैच को देखने का मौका मिला। चर्चा के दौरान मस्क ने अमेरिका व भारत के बीच गहन सहयोग की संभावना पर जोर दिया, खासकर प्रौद्योगिकी व अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में। उन्होंने कहा, चीजें सकारात्मक हो रही हैं। मैं वाणिज्य बढ़ाने के लिए अमेरिका-भारत के बीच व्यापार बाधाओं को कम करने के पक्ष में हूं। प्रौद्योगिकी व विनिर्माण से लेकर अक्षय ऊर्जा तक विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय उद्यमियों ने वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। इनमें वित्त और विनियमन में प्रौद्योगिकी की भूमिका, अंतरिक्ष व एआई नवाचार में साझेदारी व वैश्विक नवाचार परिदृश्य में भारत की बढ़ती भूमिका शामिल थी। एजेंसी



एलन मस्क

### प्रतिनिधिमंडल में ये उद्यमी रहे शामिल

एलन मस्क से मुलाकात करने वाले भारतीय कारोबारियों के प्रतिनिधिमंडल में एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया, कोटक811 के सह-प्रमुख जय कोटक, ओयो के संस्थापक और सीईओ रितेश अग्रवाल, फ्लिपकार्ट के सीईओ कल्याण रमन, आदित्य बिड़ला मैनेजमेंट कॉरपोरेशन प्रा. लि. के निदेशक आर्यमन बिड़ला, अपैरल ग्रुप के चेयरमैन नीलेश वेद और लेखक अमीश त्रिपाठी शामिल थे।

# अमेरिका में आज से बंद हो सकता है टिकटॉक का शॉर्ट-वीडियो एप

**वाशिंगटन।** टिकटॉक ने शुक्रवार देर रात चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन एप्पल और गूगल जैसी कंपनियों को यह भरोसा नहीं देता कि प्रतिबंध लागू होने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा, तो वह रविवार से अमेरिका में बंद हो जाएगा।

टिकटॉक का यह बयान अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर देश में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को बरकरार रखने के कुछ घंटों बाद आया था। अगर टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस इसे नहीं बेचती है तो यह मशहूर शॉर्ट-वीडियो एप यहां बंद हो जाएगा, क्योंकि कानून 19 जनवरी से प्रभावी हो रहा है। अदालत के इस फैसले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इसके 17 करोड़ अमेरिकी यूजर को अधर में लटका दिया है। एजेंसी

# गाजा में संघर्ष पर लगा विराम, 33 इस्राइली बंधकों को छोड़ेगा हमास

## इस्राइल ने भी छोड़े जाने वाले 700 फलस्तीनियों की सूची जारी की

**यरूशलम।** इस्राइल के मंत्रिमंडल ने शनिवार को गाजा संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी दे दी। छह हफ्ते तक चलने वाला संघर्ष विराम रविवार सुबह 8:30 बजे से लागू होगा। वहीं, इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जब तक हमास 33 बंधकों की सूची नहीं सौंपता तब तक हम समझौते पर आगे नहीं बढ़ेंगे।

समझौते के तहत हमास पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करेगा, जबकि इस्राइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। इस समझौते से दोनों पक्ष अपने सबसे घातक व विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने के एक कदम और करीब पहुंच जाएंगे। इस्राइली मंत्रिमंडल की बैठक यहूदी सब्बाथ की शुरुआत के बाद हुई, जो मौके के महत्व को दर्शाता है। यहूदी कानून के अनुसार इस्राइली सरकार आमतौर पर आपातकालीन मामलों को छोड़कर सब्बाथ में सभी काम रोक देती है। सब्बाथ का अर्थ होता है सप्ताह का सातवां दिन। यह शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक यहूदियों व कुछ ईसाइयों की तरफ से विश्राम व पूजा के दिन के रूप में मनाया जाता है। एजेंसी



गाजा में शनिवार को उठता धुआं। एजेंसी

### फलस्तीनी कैदियों को खुद ले जाएगी इस्राइली जेल सेवा

इस्राइल की जेल सेवाओं ने कहा कि वह कैदियों को रेड क्रॉस के बजाय खुद ले जाएगी। पहले युद्ध विराम में रेड क्रॉस ने परिवहन का प्रबंध किया था। हालांकि, संघर्ष विराम को लेकर कई सवाल अब हैं। इनमें सबसे अहम है कि पहले चरण में हमास की तरफ से कौन से 33 बंधक रिहा किए जाएंगे और उनमें कितने जीवित हैं।

### छोड़े जाने वालों में कई हमास व इस्लामी आतंकी भी

*इस्राइल के न्याय मंत्रालय ने जिन 700 से अधिक फलस्तीनी कैदियों की सूची प्रकाशित की है, उनमें कई हमास व इस्लामी आतंकी समूह के सदस्य हैं। इनमें से कुछ आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। सूची में मारवान बरगौती (64) का नाम शामिल नहीं है, जो इस्राइल की तरफ से बंदी बनाया गया सबसे प्रमुख कैदी है। बरगौती को फलस्तीन के राष्ट्रपति पद के प्रमुख उम्मीदवार के तौर पर देखा जाता है। वह 2000 के दशक के प्रारंभ में दूसरे फलस्तीनी विद्रोह के दौरान पश्चिमी तट में एक नेता था।*

■ **नेतन्याहू बोले- संघर्ष विराम अस्थायी**
पीएम नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि देश को संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष विराम अस्थायी है। जरूरत पड़ी, तो युद्ध जारी रखने का हमें अधिकार है। इसके लिए हमें ट्रंप का समर्थन भी है। उन्होंने कहा, हमास संघर्ष विराम पर आगे बढ़ने के लिए उन 33 बंधकों की सूची दे जिन्हें पहले चरण में वह रिहा करेगा। इस्राइल समझौते के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगा व इसकी पूरी जिम्मेदारी हमास पर है।

■ **अब्बास बोले- गाजा की पूरी जिम्मेदारी लेंगे**
फलस्तीन के राष्ट्रपति मोहमूद अब्बास ने गाजा से इस्राइली सेना की पूरी तरह वापसी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस्राइल गाजा की पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

# ब्रिक्स में शामिल हुआ नाइजीरिया

**अबुजा।** नाइजीरिया को भागीदार देश के रूप में ब्रिक्स में शामिल कर लिया गया है। यह घोषणा विकासशील देशों के समूह के मौजूदा अध्यक्ष ब्राजील ने की। ब्राजील सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, दुनिया की छठी सबसे बड़ी और अफ्रीका की सबसे बड़ी आबादी के साथ-साथ महाद्वीप की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होने के कारण नाइजीरिया ब्रिक्स के अन्य सदस्यों के साथ समान हित साझा करता है। एजेंसी

# कनाडा : पीएम पद के लिए आर्य ने किया नामांकन

**बंगलूरू/ओटावा।** इंडो-कनाडाई नेता चंद्र आर्य कनाडा के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उन्होंने अपना नामांकन कर दिया है। इस खबर से उनके भारत में रहने वाले परिवार को बहुत खुशी हुई है। परिवार ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि विदेश में रहने के बावजूद, चंद्र हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने उनके सफर का जिक्र करते हुए बताया कि राजनीति में आने से पहले उन्होंने कई पेशों में काम किया।



चंद्र आर्य

चंद्र आर्य ने 9 जनवरी को एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ने का एलान किया था। उन्होंने कहा, मैं कनाडा का अगला प्रधानमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं ताकि एक छोटी और अधिक कुशल सरकार का नेतृत्व कर सकूं व अपने देश का पुनर्निर्माण कर सकूं।

**भारतीय सेना से कनाडा तक का सफर :** चंद्र आर्य के पिता गोविंदय्या ने बताया कि चंद्र एक छोटे से गांव में पले-बढ़े थे, पर अंत में कनाडा पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने कई करियर विकल्पों को आजमाया और अंत में नेपियन, कनाडा के सांसद बने। चंद्र स्कूल में होनहार छात्र थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्हें भारतीय सेना में बतौर सेकंड लेफ्टिनेंट चुना गया। इसी दौरान उन्हें दिल्ली में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में जूनियर साइंटिस्ट की नौकरी भी मिली। बाद में उन्होंने कर्नाटक राज्य वित्त निगम (केएसएफसी) में डिप्टी मैनेजर के रूप में भी काम किया। एजेंसी

# ब्रिटिश संसद में कश्मीरी हिन्दुओं को न्याय देने के लिए प्रस्ताव पेश

**लंदन।** कश्मीर घाटी में हिंदुओं के नरसंहार की 35वीं बरसी पर ब्रिटेन की संसद में एक प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें कश्मीरी हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा व उनके न्याय की बात उठाई गई।

सांसद बॉब ब्लैकमैन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में बहस के लिए अर्ली डे मोशन (ईडीएम) पेश किया। इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कश्मीरी हिंदुओं के दर्द और संघर्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाए।

प्रस्ताव में सांसद ने कहा, सदन जनवरी 1990 में कश्मीरी हिंदुओं पर हुए हमलों की 35वीं बरसी को गहरे शोक और निराशा के साथ मनाता है। हम उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताते हैं, जो हिंसा का शिकार हुए। कश्मीरी हिंदुओं को आज तक न्याय नहीं मिला। प्रस्ताव में कहा गया, हम उन आतंकी हमलों को प्रायोजित करने वालों की कड़ी निंदा करते हैं, जिन्होंने हिंदुओं को निशाना बनाया। एजेंसी

**19 जनवरी को 'महाविनाश दिवस' के रूप में मनाया जाता है...** बता दें कि पूरी दुनिया में कश्मीरी हिंदू 19 जनवरी को 'महाविनाश दिवस' के रूप में मनाते हैं। यह वही दिन है, जब 1990 में कश्मीर घाटी में आतंकियों ने हिंदुओं पर जानलेवा हमला किया था।




**अध्ययन** | बच्चों पर लंबे समय तक असर डालने के साथ पक्षपात उनके विकास को भी पहुंचा सकता है नुकसान

# बेटियां व दूसरों को खुश रखने वाले बच्चे होते हैं मां-बाप के दुलारे

**नई दिल्ली।** माता-पिता अक्सर बेटियों और आसानी से घुलने-मिलने वाले बच्चों को ज्यादा पसंद करते हैं। वही, छोटे भाई-बहनों को आमतौर पर बड़े भाई-बहनों के मुकाबले बेहतर व्यवहार मिलता है। दूसरी ओर, बड़े भाई-बहनों को अक्सर बड़े होने के साथ अधिक आजादी दी जाती है, क्योंकि माता-पिता उनके लिए कम सख्त हो जाते हैं। यह खुलासा साइकोलॉजिकल बुलेटिन पत्रिका में परिवार के संबंधों पर प्रकाशित हुए अध्ययन में सामने आया है।

यह अध्ययन 30 पिछले शोध और लगभग 19,500 लोगों के आंकड़ों की समीक्षा करता है। अमेरिका की ब्रिघम यंग यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखक अलेक्जेंडर जेनसेन के मुताबिक, दशकों से शोधकर्ताओं के शोध यह बताते रहे हैं कि माता-पिता का एक बच्चे को दूसरे बच्चे से ज्यादा पसंद करने का पक्षपात बच्चों पर लंबे वक्त तक असर डाल सकता है। एजेंसी



### कई तरीकों से नजर आता है पक्षपात

यह शोध बताता है कि किन बच्चों को अलग-अलग तरीके से व्यवहार किया जाता है। यह पक्षपात बच्चों पर परिस्थितियों के आधार पर अच्छे या बुरे प्रभाव डाल सकता है। माता-पिता का पक्षपात कई तरीकों से दिखता है, जैसे कि वे बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, उन पर कितना पैसा खर्च करते हैं या उन पर कितना नियंत्रण रखते हैं। यह पक्षपात कम पसंद किए जाने वाले बच्चे के विकास को नुकसान पहुंचा सकता है और परिवार में तनाव पैदा कर सकता है।

### सभी बच्चों को दें बराबर प्यार और समर्थन

*जेनसेन ने बताया कि इन बारीकियों को समझने से माता-पिता और चिकित्सक नुकसानदायक पारिवारिक व्यवहारों को पहचान सकते हैं और उन्हें ठीक कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी बच्चों को बराबर से प्यार और समर्थन महसूस हो। हालांकि अध्ययन यह नहीं बताता कि माता-पिता पक्षपात क्यों करते हैं।*

***बेटियों को देते हैं प्राथमिकता :*** *अध्ययन ने कई पहलुओं का विश्लेषण किया, जैसे कि बच्चों के प्रति समग्र व्यवहार, बातचीत का तरीका और नियंत्रण का स्तर। इसने यह भी देखा कि बच्चे के जन्म क्रम, लिंग और व्यक्तित्व का माता-पिता के पक्षपात पर क्या प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, माता और पिता दोनों बेटियों को बेटों की तुलना में अधिक पसंद करते पाए गए। माता-पिता ने यह स्वीकार किया कि वे बेटियों को प्राथमिकता देते हैं। जो बच्चे अधिक जिम्मेदार और मिलनसार होते हैं, उन्हें भी माता-पिता से बेहतर व्यवहार मिलता है।*

# रामास्वामी लड़ सकते हैं ओहायो गवर्नर का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी से नेता बने विवेक रामास्वामी ओहायो के गवर्नर पद का चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। शुक्रवार को कई मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सामने आई है। वाशिंगटन पोस्ट ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से लिखा है कि रामास्वामी की सोच से राब्ता रखने वाले ओहायो के एक कार्यकर्ता ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि रामास्वामी की मूल योजना ओहायो के गवर्नर पद का चुनाव लड़ना है।

कार्यकर्ता के मुताबिक, रामास्वामी का मकसद डोजे में उपलब्धियां हासिल कर जल्द ही गवर्नर पद का चुनाव लड़ने का एलान करना है। एजेंसी



Vishalgautam783

- दैनिक जागरण
- अमर उजाला
- हिन्दुस्तान
- जनसत्ता
- बिज़नेस स्टैंडर्ड
- राष्ट्रीय सहारा
- दैनिक भास्कर
- राजस्थान पत्रिका
- The Hindu
- The Indian Express
- THE TIMES OF INDIA
- Mint
- More Newspaper

ये सभी अखबार Whatsapp चैनल पर आते हैं।

#bAba